सुप्रभात

रांची, मंगलवार

27.12.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 164



12 अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर, अब तक 38 की मौत

## न्यूज डायरी

### बीआइटी में आज से गणितज्ञों का महाकुंभ

**रांची।** बीआइटी मेसरा में गणितज्ञों का महाकुंभ मंगलवार से लगेगा। जो 30 तक चलेगा। इसका आयोजन संस्थान के क्लोज्ड एम्फीथिएटर हॉल में द इंडियन मैथमेटिकल सोसाइटी के सहयोग से किया जा रहा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर पद्मश्री डॉ मणींद्र अग्रवाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

### कोरोना अलर्ट : आज देश भर में मॉक ड्रिल

**नयी दिल्ली।** देश के सभी कोविड अस्पतालों में मंगलवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। इसके बारे में खुद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने ट्वीट करके जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को देश में कोविड सम्बंधित अस्पतालों में मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री भी अपने स्तर पर इसमें भाग लेंगे।

### डीसी नें पलामू में 11 खनन पट्टे रद्द किया

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन को लेकर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 खननपट्टों को रद्द कर दिया है। इनमें पाटन, नौडीहाबाजार, सदर मेदिनीनगर, छतरपुर, चैनपुर, हरिहरगंज, अंचलों के पत्थर खदान शामिल हैं। इनके विरुद्ध उपायुक्त को शिकायत मिली थी जिसका संज्ञान लेकर स्थल जांच करायी गयी।

### सीबीआई ने खोला लालू का पुराना केस

**पटना।** सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट की सर्जरी करवाने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ती हुई दिख रही है। सीबीआई ने लालू के खिलाफ एक पुराना मामला फिर से खोल दिया है। इससे पहले इस मामले को साल 2021 में बंद कर दिया गया था। इसको लेकर राजद के अंदर खलबली मची हुई है।

### देवकीनंदन को बम से उड़ा देने की धमकी

**नयी दिल ली।** कथावाचक देवकी नंदन महाराज को जान से मारने की धमकी मिली है। उनको फोन पर बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। सऊदी अरब के एक नंबर से कॉलकर उन्हें यह धमकी दी गयी। उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। उन्होंने कहा कि मैं किसी धर्म के खिलाफ नहीं हूं, न ही किसी धर्म की बुराई करता हूं।

### कोरोना को ले कर्नाटक में मास्क अनिवार्य

**बेंगलुरु।** कुछ देशों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, कर्नाटक सरकार ने सोमवार को कहा कि नये साल के जश्न के दौरान मास्क पहनना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने कहा कि नये साल का जश्न देर रात एक बजे तक ही चलना चाहिए।

### चीन समर्थक प्रचंड बने नेपाल के पीएम

**काठमांडू।** पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड नेपाल के नये प्रधानमंत्री बन गये। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उन्हें सोमवार को शपथ दिलायी। उन्होंने 25 दिसंबर को प्रचंड की नियुक्ति की घोषणा की थी। वो तीसरी बार नेपाल के पीएम बने हैं। पहली बार वे 2008 से 2009 और दूसरी बार 2016 से 2017 में प्रधानमंत्री बने थे। प्रचंड ने पूर्व पीएम और चीन के करीबी माने जाने वाले कम्युनिस्ट नेता केपी शर्मा ओली समेत 5 अन्य पार्टियों के साथ मिल सरकार बनायी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कोरोना पर बड़ी बैठक, स्थिति की समीक्षा

# नये वेरिएंट को ले सभी तैयारियां रखें

### हर स्थिति पर है राज्य सरकार की पैनी नजर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोविड-19 के नये वेरिएंट के बढ़ते प्रसार की आशंका के मद्देनजर राज्य में कोरोना से बचाव, रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा की। निपटने के लिए अस्पताल, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, दवाइयों और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता के पुख्ता इंतजाम के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि कई देशों में पिछले एक सप्ताह से कोरोना के नये मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में हो सकता है कि कोविड केसों के मामलों में बढ़ोतरी हो। ऐसे में चिकित्सा व्यवस्था संबंधी सभी चीजों को अलर्ट मोड में रखें। स्थिति पर राज्य सरकार की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के नये मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा व्यवस्थाओं के प्रति हमें गंभीरता पूर्वक तैयार रहने की आवश्यकता है। तैयारी इस तरह रखें कि आपातकालीन स्थिति में अफरा-तफरी का माहौल न बने। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में अथक प्रयास एवं कोविड-19 के रोकथाम के उपाय युद्ध स्तर पर किये गये हैं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### टेस्ट, ट्रेकिंग, ट्रीट, टीका, गाइडलान का पालन करें

उधर स्वास्थ्य विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेज एवं निजी संस्थानों से समन्वय स्थापित कर कोविड-19 के नये वेरियेंट के जिनोम स्किवेंसींग के लिये सभी पॉजिटिव सैम्पल को रिम्स भेजने का पहले ही निर्देश जारी कर दिया है। इसके अतिरिक्त पांच रणनितियां यथा टेस्ट, ट्रेकिंग, ट्रीटमेंट, टीकाकरण एवं कोविड समुचित व्यवहार का अक्षरशः अनुपालन का निर्देश दिया गया है।

### मास्क अभी अनिवार्य नहीं : बन्ना गुप्ता

**करीब** एक घंटे तक चली उच्चस्तरीय बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। फिलहाल मास्क अनिवार्य नहीं है, पर एहतियात के तौर पर लोग इसे जरूर लगायें। साथ ही कोबिड गाइडलाईन का पालन करें। राज्य सरकार हर विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। आगे जैसी परिस्थितियां बनेंगी राज्य सरकार उस तरह से कदम उठायेगी।

### कोविड-19 जांच की स्थिति

राज्य में कोविड-19 सरकारी तथा निजी प्रयोगशाला में जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। राज्य में 297 मशीन सभी जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक उपलब्धता कराने कहा गया है। लैब कुल 8 कियाशील है तथा 19 प्रमाणीकरण के उपरान्त क्रियाशील कर ली जायेगी। ओमीक्रोन के नये सब की पुष्टि देश के कुछ राज्यों में की गयी है। राज्य में कोविड- 19 के नये किस्म के वायरस के पहचान हेतु रिम्स में जिनोम सिक्वेसिंग मशीन अधिष्ठापन माह जुलाई 2022 में की गयी। अभी वर्तमान में स्किवेंशींग हेतु किट्स उपलब्ध है। राज्य में कोविड 19 मरीज के इलाज हेतु सरकारी संस्थानों में कुल 19,535 बेड उपलब्ध है।

## विदेश से आ रहे यात्रियों ने बढ़ायी धड़कनें, 15 कोरोना पॉजिटिव मिले

### 11 गया और 4 दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे थे

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** चीन में कोरोना के सब वेरिएंट बीएफ-7 के कारण कोहराम मचा हुआ है। विदेशों से आ रहे यात्रियों ने भारत कोरोना को ले कर धड़कने बढ़ा दी हैं। भारत में आये 15 विदेशी कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। बिहार के गया एयरपोर्ट पर थाईलैंड के 9, म्यांमार के एक और इंग्लैंड के एक यात्री की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर म्यांमार से आये 4 विदेशियों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। सभी के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिये गये हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर भी 2 कोविड पॉजिटिव मामले सामने आये हैं। ये दोनों भारतीय हैं। इनमें से एक 24 दिसंबर को दुबई से आया था, जबकि दूसरा मलेशिया के कुआलालंपुर से आया था। कर्नाटक में भी एक पॉजिटिव मिला है।

**मचा हड़कंप :** भारत पहुंचे विदेशी नागरिकों के कोरोना पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है। भारत में भी इस वेरिएंट से बचाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। भारत में भी इस वेरिएंट से बचाव को लेकर सारी तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि, ज्यादातर विशेषज्ञ चीन में पाये गये कोरोना वायरस के नये वेरिएंट बीएफ 7 का भारत में ज्यादा असर होने की आशंका से इनकार कर रहे हैं। पर हकीकत ये भी है कि 2019 में जब कोरोना भारत में फैला था, तो विदेश से आने वाले यात्रियों के जरिये ही फैला था। विदेश से आये सभी संदिग्ध यात्रियों को क्वारंटीन किया गया है। आगरा में चीन से आये एक शख्स में भी कोरोना के लक्षण मिले हैं। उनका जीनोम सिक्वेसिंग टेस्ट किया गया है। बेंगलुरु में भी चीन से लौटे एक शख्स का टेस्ट किया गया है। जिस तरीके से विदेश से लौटे यात्रियों में कोरोना के लक्षण पाए जा रहे हैं, उसने एकबार फिर देश की धड़कनें बढ़ा दी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

सीटीसी, मुसाबनी में पारण परेड, हेमंत ने जवानों का हौसला बढ़ाया

# बदल रहे हैं अपराध के तरीके बेहतर प्रशिक्षण जरूरी : सीएम

### आरक्षियों ने अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन की ली शपथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आज से आप नयी राह पर चलने को तैयार हैं। आप जिस क्षेत्र से जुड़ रहे हैं, वहां आपको तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना है। मुझे पूरी उम्मीद और विश्वास है कि आपने जो यहां प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसका बखूबी इस्तेमाल उन चुनौतियों से निपटने में करेंगे। उन्होंने जवानों को विशेष प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया, क्यों कि आज अपराध के तौर-तरीके लगातार बदल रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को कॉन्स्टेबल ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी में आईआरबी 1-5 के पारण परेड (पासिंग आउट परेड) में प्रशिक्षु आरक्षियों की हौसला अफजाई करते हुए ये बातें कही। इस मौके पर उन्होंने आकर्षक परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली और जवानों को नयी राह पर ईमानदारी से चलने की बात कही। सीएम की उपस्थिति में प्रशिक्षु आरक्षियों ने देश और राज्य सेवा का संकल्प तथा अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा, परिश्रम, हर्ष और नम्रता के साथ करने की शपथ ली।

**बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह के हो रहे अपराध से निपटने की बड़ी चुनौती पुलिस के सामने है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ-साथ बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण मिले। इस पर सरकार का विशेष जोर है, ताकि सामान्य अपराधों के साथ साइबर अपराध और आर्थिक अपराध से जुड़े अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब दे सकें। आपकी सेवा राज्य और जन-जन की सुरक्षा तथा विधि व्यवस्था के अलावा चुनाव समेत कई अन्य कार्यों में ली जाती है। ऐसे में आप अपनी कार्यों को बेहतर तरीके से अंजाम दे सकें, इसमें आपका प्रशिक्षण काफी कारगर साबित होगा।

(शेष पेज 11 पर)

## सड़क हादसे में युवक की मौत पर हंगामा, थानेदार से हाथापाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के गांडेय में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के बाद हंगामा हो गया। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं जाम हटाने पहुंचे थानेदार और अन्य पुलिस कर्मियों की फजीहत हो गयी। पुलिसकर्मियों के साथ धक्का मुक्की तक की गयी। किसी तरह पास के एक होटल में घुस कर थानेदार ने जान बचायी। घटना के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा धक्का मारने वाले वाहन के चालक के साथ सवार को छोड़ देने की बात को लेकर ग्रामीण सड़क पर उतर आये। थाना के सामने से लेकर महुदा मोड़ तक जाम कर दिया गया। वहीं जाम कर रहे लोगों को हटाने आये थानेदार को आक्रोशित ग्रामीणों ने घेर लिया। लोगों के आक्रोश को देखकर थाना प्रभारी जान बचाकर एक दुकान में जा छिपे। बाद में किसी तरह भीड़ के बीच से वे बाहर निकल सके। जानकारी के अनुसार अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जोरासीमर निवासी बासुदेव मंडल का पुत्र मिथलेश मंडल रविवार की रात को गांडेय बाजार से अपने घर वापस लौट रहा था। जवाहर नवोदय विद्यालय के पास एक हाई स्पीड चारपहिया वाहन ने मिथलेश की बाइक को धक्का मार दिया। घटना में मिथलेश मंडल घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इधर धक्का मारने के बाद चारपहिया को लेकर चालक फरार हो गया। बाद में घेराबंदी करने पर वाहन पकड़ा गया और चालक समेत गाड़ी को गांडेय थाना लाया गया। हालांकि कुछ देर बाद ही चालक थाना परिसर से फरार हो गया। चालक के फरार होने से ग्रामीण हुए उत्तेजित हो गये। ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया. पहले थाना के सामने और अंदर हंगामा किया। ग्रामीणों को समझाने पहुंचे थाना प्रभारी हसनैन अंसारी को लोगों ने घेर लिया और धक्का मुक्की शुरू कर दी।

## जमशेदपुर : बिजली कर्मी से 9 लाख की लूट

**जमशेदपुर।** शहर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के रोड नबंर-16 के पास एक बिजली बिल कलेक्शन करने वाले एजेंट से बाइक सवार अपराधियों ने करीब 9 लाख रुपये लूट लिये। घटना के बाद एजेंट ने इसकी जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। पुलिस मामले की छानबीन और अपराधियों को दबोचने में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार घटना को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने अंजाम दिया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के लोग घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। अपराधियों के हमले में घायल बिजली बिल कलेक्शन एजेंट जितेंद्र पात्रों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। मानगो के कुवंर बस्ती के रहने वाले जितेंद्र पात्रों बिजली बिल कलेक्शन का काम करते हैं। वे बिजली के बिल का करीब 9 लाख रुपये राशि कलेक्शन कर गोलमुरी स्थित बैंक ऑफ इंडिया जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाये अपराधियों ने लूट की इस घटना को अंजाम दिया।

## टाटा स्टील को लगातार छठी बार 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन

**विशेष संवाददाता**



**जमशेदपुर /मुंबई।** टाटा स्टील को वर्ष 2023 के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह लगातार छठा वर्ष है जब कंपनी को एक समावेशी और सस्टेनेबल संगठन के निर्माण के प्रयासों के लिए यह सम्मान मिला है। टाटा स्टील ने अपनी स्थापना के समय से ही कर्मचारियों के कल्याण और हित में कई अग्रणी नीतियां और अभ्यासों को शुरू किया हैं। द ग्रेट प्लेस टू वर्क मूल्यांकन में टाटा स्टील को 5 आयामों यथा उच्च-विश्वास, उच्च-प्रदर्शन संस्कृति - विश्वसनीयता, सम्मान, निष्पक्षता, गर्व एवं सौहार्द पर उत्कृष्ट पाया गया है। इस अवसर पर आत्रेई सान्याल, वाइस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील) ने कहा, हम लगातार छठे साल 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेशन पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इतने वर्षों में, हमने अपने कर्मचारियों, प्रक्रियाओं और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश किया है, तथा सभी के लिए 'सम्मानजनक कार्यस्थल' का मार्ग प्रशस्त करते हुए भरोसे एवं आपसी सम्मान पर आधारित देखभाल और सहयोगात्मक संबंध बनाने का प्रयास किया है।

(शेष पेज 11 पर)

वीर साहिबजादों को नमन कर बोले पीएम, वीर बाल दिवस देश की पहचान बतायेगा

# गुरु गोविंद के बच्चों ने धर्म बदलने से बेहतर मौत को माना

- जहां की नयी पीढ़ी जुल्म के आगे घुटने टेक दे, उसका भविष्य खत्म
- इतिहास में पढ़ाया गया नैरेटिव, समाज ने जिंदा रखीं वीरता की गाथाएं

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** वीर बाल दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि देश में आज तक इतिहास के नाम पर नैरेटिव ही पढ़ाया गया। ऐसी चीजें ही सिलेबस का हिस्सा रहीं, जिनसे हीनभावना पैदा हो। इसके बाद भी हमारे समाज और परंपराओं ने इन गौरव गाथाओं को जिंदा रखा। हमें गुलामी की मानसिकता छोड़नी होगी। यदि हमें भारत को भविष्य में सफलता के शिखरों तक ले जाना है तो हमें अतीत के संकुचित नजरियों से भी आजाद होना पड़ेगा। पीएम मोदी ने कहा कि जोरावर सिंह साहब और फतेह सिंह साहब को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया। वह इसलिए की गयी क्योंकि औरंगजेब और उसके लोग गुरु गोविंद सिंह के बच्चों का धर्म तलवार के दम पर बदलना चाहते थे। एक तरफ नृशंसता ने अपने सारे कीर्तिमान तोड़ दिये तो वहीं धैर्य ने भी अपनी पराकाष्ठा दिखायी। जिस देश की विरासत ऐसी हो, उसमें स्वाभाविक रूप से स्वाभिमान और आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का संकल्प फूंका है। वीर बाल दिवस हमारे पंच प्रणों के लिए प्राण वायु की तरह है। जिस समाज में नयी पीढ़ी जोर जुल्म के आगे घुटने टेक देती है, उसका भविष्य समाप्त हो जाता है।

(शेष पेज 11 पर)

### आर्दशों, मूल्यों और सिद्धांतों से होती है राष्ट्र की पहचान

पीएम मोदी ने कहाकि, किसी राष्ट्र की पहचान उसके आर्दशों, मूल्यों, सिद्धांतों से होती है। हमने इतिहास में देखा है कि, किसी राष्ट्र के मूल्य बदल जाते हैं तो कुछ ही समय में उसका भविष्य भी बदल जाता है। यह मूल्य सुरक्षित तब रहते हैं जब वर्तमान पीढ़ी के सामने अपने अतीत आदर्श स्पष्ट रहते हैं।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी की सदस्यता खत्म

### विधानसभा अध्यक्ष ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सोमवार को रामगढ़ की विधायक ममता देवी की अयोग्यता आदेश जारी किया। ममता को हजारीबाग जिला अदालत ने 8 दिसंबर को फायरिंग के एक मामले में पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। इसकी अधिसूचना सोमवार को जारी की गयी। अब रामगढ़ विधानसभा सीट खाली हो गयी है। वह कांग्रेस के सिंबल पर विधायक चुनी गयी थीं। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत वह सजा की अवधि समाप्त होने के बाद छह साल की अवधि के लिए कोई भी चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाता है। अब भारत चुनाव आयोग छह महीने के भीतर उपचुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करेगा।

(शेष पेज 11 पर)

# बिरसा की धरती से सशक्त भाजपा का संदेश दे गये सुनील बंसल

## अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान मिशन 2024 को लेकर कार्यकर्ताओं संग की मंथन

**उदय चौहान**



**रांची।** वर्ष 2022 के आखिरी दिनों में भाजपा की सक्रियता एकबारगी बढ़ गयी। दरअसल, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सुनील बंसल अपने तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आये थे। श्री बंसल ने भगवान बिरसा मुंडा की धरती से सशक्त भाजपा का संदेश दिया। उन्होंने खूंटी में पदमश्री कड़िया मुंडा से आदिवासी क्षेत्रों में संगठन की पकड़ मजबूत करने व 28 रिजर्व सीटों पर कमल खिलाने को लेकर मंत्रणा की। श्री मुंडा के पुराने अनुभवों से पार्टी के लिये जीत हासिल करने का मंत्र लिया। इसके साथ ही पार्टी में एकजुटता, बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति बनी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठित करने और पार्टी गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सोच में व्यापक परिवर्तन आने की बात कही। भाजपा भारत की एक ऐसी पार्टी है जिसके लिए कोई अछूत नहीं है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को समझाया कि यहां भाजपा के समक्ष सत्ता में आने के लिए पर्याप्त अवसर हैं तो चुनौतियां भी हैं। इसके लिए जिलों की तरह अब मंडल स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और बढ़ाना होगा। मंडल अब पार्टी की गतिविधियों का केंद्र बनना चाहिये। उन्होंने पार्टी के कोर कमेटी, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों और विभिन्न मोर्चा अध्यक्षों को संगठनात्मक विस्तार का मंत्र दिया।

**सरना सनातन सम्मेलन से आदिवासी वोटरों को रिझाने की कवायदः** भाजपा की प्रदेश इकाई ने सरना-सनातन सम्मेलन शुरू किया है। सिमडेगा, गुमला व लोहरदगा जिले में कई सम्मेलन हो चुके हैं। इन सम्मेलननों के बहाने आदिवासी रिजर्व सीट पर भाजपा प्रत्याशियों को जीताने का मंत्र है। दरअसल, पिछले वर्ष 2019 के चुनाव में 28 में से दो सीटों में जीत हासिल हुई थी। शेष 26 रिजर्व सीटों पर महागठबंधन को जीत हासिल हुई। हालांकि, इसके पहले पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद वाजपेयी ने बाबानगरी देवघर से संगठन में जान फूंकने की कोशिशें की थी। उन्होंने तय परम्परा के विपरीत देवघर के सुदुरवर्ती बूथ कमेटी की बैठक की थी। इसके बाद बोकारो व धनबाद के रास्ते राजधानी रांची पहुंच कर पार्टी पदधारियों से विचार-विमर्श किया था। भाजपा के नये संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी संगठन की सबसे छोटी इकाई बूथ कमेटी को तंदरूस्त करने पर बल दिया है। यह सब भाजपा को सशक्त करने की कवायद से जुड़ा है। आगामी 2024 के लिये भाजपा अब मिशन मोड में कार्य कर रही है। भाजपा गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी, पिछड़े, वंचित सभी समाज की पार्टी है। पार्टी आज सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी है। भाजपा के लिए कोई भी अछूत नहीं है। हमें भारत की प्रगति, उन्नति और विकास में सबको सहभागी बनाते हुए आगे बढ़ते जाना है। भाजपा कार्यकर्ताओं को झारखंड में एक साथ दोनो मोर्चों पर कार्य करना है। सांगठनिक संरचना को मजबूत करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही, राज्य सरकार की नाकामियों को भी जोरदार ढंग से उठाना है।

# विदेश में फंसे झारखंड के 44 श्रमिक फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे

## वतन वापसी से चेहरे पर दिखी खुशी, दिल्ली से सभी अपने-अपने गांव आयेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/ नयी दिल्ली।** ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 44 मजदूरों की सकुशल वतन वापसी हो गयी। सोमवार दोपहर को सभी मजदूरों को दिल्ली लाया गया। फ्लाइट से अपने मुल्क लौटने पर मजदूरों ने जन प्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों के प्रति आभार जताया है। दिल्ली से सभी मजदूर अपने-अपने साधनों से झारखंड आयेंगे। वतन वापसी पर सभी श्रमिकों के चेहरे पर खुशी थी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों को धन्यवाद किया।

झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिला के 44 मजदूर लंबे समय से ताजिकिस्तान में फंसे हुए थे। गिरिडीह जिले के बगोदर, सरिया, डुमरी, हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ और बोकारो जिला के विभिन्न गांवों के मजदूरों ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करके वहां फंसे होने की बात कही थी। तीन महीने से मजदूरी न मिलने पर उनके समक्ष खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया था। मजदूरों ने सोशल मीडिया में वीडियो शेयर करके बकाया मजदूरी का भुगतान करने के साथ वतन वापसी की गुहार लगायी थी।

वीडियो जारी कर मजदूरों ने बताया कि छह महीने पहले बिष्णुगढ़ प्रखंड के खरना निवासी पंचम महतो के माध्यम से सभी ट्रांसमिशन लाइन में काम करने ताजिकिस्तान गये थे। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के एमपी और एमएलए ने मजदूरों की वतन वापसी के लिए पहल शुरू की। कोडरमा की सांसद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विदेश मंत्री से मुलाकात करके मजदूरों को वतन वापस लाने की मांग उठायी थी। बगोदर के विधायक विनोद कुमार सिंह ने भी झारखंड विधानसभा में मजदूरों का मामला उठाते हुए उनकी सकुशल वापसी की मांग की थी।

**ताजिकिस्तान में फंसे थे ये मजदूर**

दिल्ली लाये गये मजदूरों में गिरिडीह जिला के बगोदर प्रखंड के अडवारा के संतोष महतो, लुतयानो तेजो महतो, सरिया प्रखंड अंतर्गत चिचाकी के दशरथ महतो, नुनूचंद महतो, गणेश महतो, डुमरी प्रखंड अंतर्गत दुधपनियां के नंदू कुमार महतो, खेचगढ़ी के प्रदीप महतो, चेगडो सोहन महतो, गिरि महतो, डुमरी के बीरेंद्र कुमार, घुजूडीह के नकुल महतो, हजारीबाग जिला के बिष्णुगढ अंतर्गत खरना तिलेश्वर महतो, प्रदीप गंजू, रामेश्वर महतो, महाबीर महतो, रीतलाल महतो, गोवर्धन महतो, मितलाल महतो हैं। इसके अलावा भलुआ के जगदीश महतो, बासुदेव महतो, प्रेमचंद महतो, ब्रह्मदेव महतो, गोविंदपुर बालेश्वर महतो, अशोक सिंह, जोबर के अयोध्या महतो, उमेश महतो, टेकलाल महतो, तालो महतो, बीरू सिंह, संतोष महतो, बंदखारो के मंगर महतो, नारायण महतो, कृष्णा कुमार मंडल, दिलीप महतो, विनय महतो, मनोज कुमार महतो, त्रिभुवन महतो, लालदेव महतो, बसंत मंडल तुलसी महतो, नेरकी के रोहित सिंह और बोकारो जिला के गोमियां प्रखंड अंतर्गत सिधाबारा मुकेश महतो, महुआटांड के टीको महतो और बोकारो थर्मल के कमलेश अगरिया अपने वतन लौटने वालों में शामिल हैं।


## कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक -सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :- 01/2022-23

सिविल सर्जन कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में उपयोग हेतु लेखन सामग्री एवं विविध सामग्रियों का क्रय के लिए मूल्य निर्धारण हेतु मुहरबंद निविदा, निर्माता/प्राधिकृत एजेंसी/ डीलर/ स्टॉकिस्ट/आपूर्तिकर्ता से आमंत्रित की जाती है। निविदा **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम** से प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद कुरियर एवं अन्य माध्यम से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। दिनांक 13.01.2023 को 04:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सभागार में निविदा खोला जाएगा। जिसमें तकनिकी भाग में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा। निविदा कागजात/ सामग्रियों की सूची, गढ़वा जिले के बेबसाईट Http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 285963 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)#D


# ओल्ड पेंशन स्कीम में 31 के बाद कोई विकल्प नहीं, शपथ पत्र जमा करायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ उठाने के लिए सभी-अफसर कर्मियों को 31 दिसंबर तक अपना-अपना विकल्प का शपथ पत्र जमा करा देना होगा। ऐसा नहीं करने पर वे इस स्कीम का लाभ नहीं उठा सकेंगे। भविष्य निधि निदेशालय वित्त विभाग ने एक बार फिर से इसको लेकर सभी विभागाध्यक्ष, विभागीय सचिव, आयुक्त, उपायुक्त एवं कोषागार अफसरों को पत्र लिखा है। निदेशक संजीव कुमार बेसरा ने इसे लेकर सभी को पत्र भेज दिया है। सभी को लिखे पत्र में कहा गया है कि वित्त विभाग के संकल्प के अनुसार, 1 दिसंबर 2004 के बाद नियुक्त कर्मियो को पुराने पेंशन योजना में शामिल करने संबंधी नियुक्ति प्राधिकार, विभाग द्वारा सुस्पष्ट आदेश के बाद ही ऐसे कर्मियों के लिए सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या का आवंटन के लिए ऑनलाइन कार्रवाई की जानी है। उल्लेखित शर्तों को पूर्ण करने वाले कर्मियों को एक वारीय विकल्प का उपयोग करते हुए अपने नियुक्ति प्राधिकार/विभाग द्वारा समीक्षा के बाद आवश्यक रूप से 31 दिसंबर के पूर्व तक निश्चित रूप से निर्गत किया जाये। पत्र में कहा गया है कि उक्त निर्णय के आलोक में नियुक्ति प्राधिकार/विभाग द्वारा निर्गत आदेश से आच्छादित कर्मियों के लिए सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटन की कार्रवाई के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल वित्त विभागीय पोर्टल पर चालू कर दिया गया है। इसलिए वित्त विभागीय संकल्प के अनुसार अच्छादित कर्मियों के लिए सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटन की ऑनलाइन कार्रवाई करने के लिए अधीनस्थ कर्मियों और निकासी पदाधिकारियों को निदेशित करने का काम किया जा सकता है।

**पुरानी पेंशन विकल्प चयन करने वाले कर्मियों को जल्द मिलेगा जीपीएफ अकाउंट नंबर**

इधर वित्त विभाग भविष्य निदेशालय ने एक आदेश जारी करके कहा है कि वैसे कर्मी, जिन्होंने विकल्प के रूप में पुरानी पेंशन स्कीम का चयन कर लिया है, उन्हें जल्द ही सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ अकाउंट नंबर आवंटन किया जाएगा। जारी आदेश ने कहा गया है कि कर्मचारी सेवा पोर्टल पर अपने सीपीएस लेखा संख्या के आधार पर लॉग इन करके सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटन प्रपत्र तथा नोमिनी प्रपत्र भर कर डाउनलोड करेंगे। संकल्प के अनुसार, नियुक्त प्राधिकार/विभाग द्वारा निर्गत आदेश की प्रति सहित पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसके बाद अपने डीडीओ को ऑनलाइन फॉरवर्ड करते हुए उक्त प्रपत्रों व आदेश की हार्डकॉपी अपने कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे।


## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

-: आम सूचना :-

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास योजना के लाभुक जिन्होंने आवेदन किया है उनके आवास का आवंटन दिनांक 06.01.2023 को पूर्ववाह्न 11:30 बजे समाहरणालय सभागार कक्ष में किया जाना है। इस आवंटन प्रक्रिया में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। लाभूक अपने साथ बैंक में जमा किए चलान एवं पहचान पत्र की कॉपी रखेगें। आपके अनुपस्थित होने पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही साथ वैसे लाभार्थी जिनके पास अपना पक्का मकान नहीं है एवं नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र में 17.06.2015 से पहले के निवासी हो, वे कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा में जानकारी लेकर दिनांक – 03.01.2023 तक पंजीयन करवा सकते है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत कोडरमा

PR.NO.285952 Urban Development(22-23):D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,हजारीबाग

### सर्वसाधारण के लिये सूचना



सदर थाना यु0डी0 काण्ड सं0–05/22, दिनांक– 02.12.2022 के आलोक में एक अज्ञात व्यक्ति का शव जो सदर थाना अन्तर्गत पुराना बस स्टैंड के नजदीक सरकारी स्कूल के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 40 वर्ष का शव बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में स्थानीय बाजार चौक चौराहा पर जा कर अज्ञात पुरूष का शव दिखाकर पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया प्रन्तु कोई लाभदायक शुत्र नही मिला। हुलिया:– ब्लू जिंस पैन्ट एवं लाल, काला, उजला स्वेटर पहना हुआ

अतः इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी सदर/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–
अनु0पु0पदा0 सदर, हजारीबाग :– 9430116928
थाना प्रभारी सदर, हजारीबाग :– 9431706308

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 285956 Police(22-23)#D




## दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी: (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-74-2022, दिनांक 22.12.2022;** दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल के लिए ट्रैफिक ब्लॉक के अंतर्गत दिन/रात्रि के दौरान किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन/होपरों से 120000 घन मी बैलास्ट की अनलोडिंग साथ में अन्य सभी आनुषंगिक कार्य; रु. 1,14,48,000; रु. 2,07,200; **(2) डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-75-2022, दिनांक 22.12.2022;** राँची मंडलः एमईए को पूरा करने के लिए स्टेशनों पर सुविधाओं का प्रावधान (14 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना/विस्तार, 5 स्टेशनों पर आरडीएसओ प्लेटफॉर्म शेड, 2 स्टेशनों पर फुटओवर ब्रिज); रु. 18,59,78,852.76; रु. 10,79,900; **(3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-76-2022, दिनांक 22.12.2022;** 1. हटिया कोचिंग डिपो में वाशिंग पिट लाइन 5 एवं 6 के लिए सभी मौसम अच्छादित छावनी का निर्माण, 2. कोचिंग डिपो हटिया में एसपीएआरटी एवं 140 बीडी क्रेन को ठहराने के लिए एकीकृत अच्छादित छावनी का निर्माण; रु. 15,69,85,453.12; रु. 9,34,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** क्रमांक 3 के लिए शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक के लिए 13.01.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, राँची-834003 कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-946)


## खबर एक नजर में

### नये साल में रांची समेत पूरे राज्य में मौसम रहेगा साफ, खिली रहेगी धूप



**रांची।** राजधानी रांची में पिछले दो दिनों से ठंड से राहत है। दोपहर में कड़ी धूप भी निकल रही है। हालांकि सोमवार को आसमान में बादल छाये रहे। मौसम विभाग के अनुसार, रांची में अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। नये साल में सुबह में आसमान में कोहरे छाये रहेंगे। ऐसे में लोगों को अहले सुबह हल्की ठंड लग सकती है। लेकिन पूरे दिन अच्छी धूप खिली रहेगी। नये साल में राजधानी का न्यूनतम तापमान 10 से 9 डिग्री सैल्सियस तक जा सकता है।

**दक्षिणी भाग में दो दिनों तक छाये रहेंगे बादल**

27 और 28 दिसंबर को राज्य के दक्षिण भाग में (पूर्वी सिंहभूम, पि्रम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला) में सुबह कोहरे के बाद पूरे दिन बादल छाये रहने का पूवार्नुमान हैं। वहीं बीते 24 घंटे में राज्य का मौसम शुष्क रहा। चाईबासा और जमशेदपुर में उच्चतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि सिमडेगा में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

### पीएचसी हैदरनगर के चिकित्सा प्रभारी को पलामू सीएस का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड सरकार ने कई डॉक्टरों का तबादला कर दिया है। इसमें कई जिलों के सिविल सर्जन का अतिरिक्त प्रभार भी दिए गए हैं। इसका आदेश 26 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव प्रभुनाथ शर्मा ने जारी की। जारी अधिसूचना के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हैदरनगर, पलामू के चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार को पलामू सिविल सर्जन का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है। उन्हें वित्तीय शक्ति प्रदान करते हुए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित किया गया है। वहीं, पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ साहिर पॉल को सिविल सर्जन, पि्रमी सिंहभूम, चाईबासा का प्रभार देते हुए प्रतिनियुक्त किया गया है। वित्तीय शक्ति प्रदान करते हुए उन्हें निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित किया गया है।

**पश्चिमी सिंहभूम के सीएस को पूर्वी का भी प्रभार**

इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी को पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन का प्रभार देते हुए प्रतिनियुक्त किया गया है। लातेहार के महुआटांड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ देवदास प्रसाद केशरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चैनपुर, पलामू में प्रतिनियुक्त किया गया है।


## झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट पहचान सं0 - U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केन्द्र के समीप, कॉके रोड, पिन- 834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांक– 2054 दिनांक–24/12/2022

### शुद्धि पत्र

Letter No- A/c-437/2022-23/19 Dated 07-12-22, Advt P.R.No :- 284494 के माध्यम से प्रकाशित आई०टी० सेवा की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत संशोधित की जाती है :–

| क्रमांक | विवरणी | निविदा समर्पित करने की पूर्व की तिथि | निविदा समर्पित करने की विस्तारित तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Last date/closing date for submission of E-Tender | 26/12/2022 | 06/01/2023 | 04:00 P.M. |
| 2 | Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office. | 27/12/2022 | 07/01/2023 | 04:00 P.M. |
| 3 | Online opening of Technical Bid. | 28/12/2022 | 09/01/2023 | 11:00 A.M. |

Sd/-
General Manager (Operation), JSBCL

PR 285969 Excise (22-23)_D



## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 41/2022–23
दिनांक 24/12/2022
मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, मंगरपट्टा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 2 | बरही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जीतपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 3 | बड़कागांव | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नापोकला का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 4 | ईचाक | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरकाखुर्द का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 5 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बनासो का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 6 | सदर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, मेरू का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 7 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, ठुठी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 29.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 30.12.22 से 07.01.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 09.01.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 10.01.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिशद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा।
9. उपरांकित योजनाओं का भूमि प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात् ही एकरारनामा किया जायेगा।
10. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 285961 (District)22-23*D



## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला जल एवं स्वच्छता समिति "प्रकल्प" लातेहार पानी टंकी कैम्पस मेन रोड लातेहार,

Email id- eedwsd.latehar@gmail.com

### संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना

झारखण्ड राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही केन्द्र सम्पोषित जल जीवन मिशन अन्तर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर रिक्त पद MIS Coordinator के लिए संविदा आधारित नियुक्ति एवं सेवा शर्ते प्रक्रिया निम्नवत है:–

| क्र0 | पद | स्तर | संख्या | अर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | MIS Coordinator | जिला | 01 अनारक्षित | **Qualification & Skill:-** Master Degree In Economics/MBA (HR)/M.Sc (Geology/Chemistry/Biology Chemistry/Bio Technology) P.G Degree or Diploma In Rural Development/ Social Science/ Master In Computer Science or Information Technology or Post Graduate Degree or PG Diploma In MCA/PGDCA/MSC IT/ DATA Science/Stastistics/Form Recognized and Reputed University/ Institution with Minimum 55% Marks. **Work Experience-** Minimum 03 Years of Work Experience in the Development Sector with Expertise In Handling of GIS & MIS System of any Flagship Program Relevent Work Experience with Govt. Department or UN Agencies especially in WASH will be An added Advantages **Computer Knowledge/Experience** – Proficient In MS Office (word, Excel, Power Point) Sound Knowledge of DBMS, IMIS & Statistical tool is a Must. | Rs. 35000.00/ Month |

राष्ट्रीयता:– आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
1 शारीरीक विकलांग कोटि के लिए क्षैतिज आरक्षण का अनुपालन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखण्ड के द्वारा प्राथमिकता दी जाएगी।
2. झारखण्ड राज्य से उर्तीण मैट्रिक एवं इण्टरमीडिएट अभ्यर्थी का आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।
3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 02.01.2023 अपराहन 05:00 बजे तक है।
4. आवेदन (डाक से/कार्यालय में/ई0 मेल) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।
5. आवेदन जमा करने का पता– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार, मेन रोड पानी टंकी लातेहार में आवेदन अपना आवेदन प्रपत्र भरकर अपने शैक्षणिक अनुभव, एवं अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छाया प्रति स्व अभिप्रमाणित के साथ जमा कर सकते है।
6. सभी पदो पर नियुक्तियाँ पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी। प्रारम्भिक चरण में यह नियुक्ति एक वर्ष की होगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए अनुबंध की नवीकरण किया जा सकेगा। कार्यक्रम का कार्यकाल पूर्ण होने पर संविदा पर की गई नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी।
7. आवेदन प्रपत्र संलग्न।

टिप्पणी:– साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नही होगा। उपायुक्त सह–अध्यक्ष के द्वारा किसी भी उम्मीदवार की पात्रता को स्वीकार एवं निरस्त करने का अधिकार रखते है। लिखित परीक्षा की तिथि एवं चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु सूचना www.latehar.nic.in एवं विभाग के सूचना पद पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

PR 285948 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/HZB/22/2022-23 पी0आर0 संख्या 285034(Rural Development)22-23*D को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 285957 Rural Development(22-23)#D

# नये साल में पर्यटक स्थलों पर रहेगी पुलिस की तैनाती

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नये साल में पर्यटक स्थलों पर पिकनिक मनाने बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की सुरक्षा व विधि-व्यवस्था बहाल रहे इसे लेकर रांची जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतेजाम किया है। ऐसे 26 पर्यटक स्थलों को चिन्हीत कर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। घटना-दुघर्टना न घटे इसके लिए भी पुलिस तत्परता से ध्यान रखेंगे। इस संदर्भ में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही रांची के विभिन्न 68 स्थानों में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

सभी संबंधित पदाधिकारियों को कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए दिशा-निदेर्शों का पालन एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। साथ ही नशे की हालत में दो पहिया/चार पहिया एवं अन्य वाहनों को चलाने वाले व्यक्तियों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया है।

नदी, जलाशयों, डैम, फॉल विभिन्न प्रकार के वाटर बॉडी में बोटिंग करने वाले नावों में लाईफ जैकेट पहनने का सख्ती से अनुपालन और वाटर फॉल में जहां से पानी गिरता है उसके आस-पास लोग न जाये इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बुण्डू को दशम फॉल में तथा सदर अनुमंडल अन्तर्गत सभी पुलिस उपाधीक्षकों को पर्यटकों की सुविधा हेतु स्थानीय गोताखोरों की व्यवस्था, विभिन्न नदियों जलाशयों, डैमों, तालाबों एवं विभिन्न प्रकार के वाटर बॉडी एवं खतरनाक स्थलों को चिन्हित कर निषेध संबंधी व्यवस्था सुनि?ित करने और मारक एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था करने का आदेश दिया गया है।

**31 दिसंबर से 05 जनवरी तक प्रतिनियुक्ति:** जिला के विभिन्न 26 स्थलों पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पदाधिकारी दिनांक 31 दिसंबर 2022 के पूर्वा? 07:00 बजे से दिनांक पांच जनवरी 2023 तक प्रतिनुिक्त किये गये हैं।

सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय पहुंचकर सक्रिय एवं गतिशील रहकर सघन गश्ती का आदेश दिया गया है ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटित होने पाये और विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनी रहे।

**अग्निशमन रहेगी तैयार**

अनगडा थाना, ओरमाझी थाना, दशमफॉल थाना, पिठौरिया थाना, रातु थाना, नगर नियंत्रण कक्ष, धुर्वा थाना, फिरायालाल चौक, सिकिदिरी थानाा में अग्निशमन व्यवस्था की गयी। 31 दिसंबर सुबह सात बजे से लेकर पांच जनवरी तक वाहन की व्यवस्था रखने का आदेश दिया गया है।

**एंबुलेंस भी रहेगी**

सिविल सर्जन रांची को 04 एम्बुलेन्स, पर्याप्त चिकित्सकों एवं मेडिकल दल के साथ आवश्यक उपकरण तथा जीवन रक्षक दवाओं सहित जिला नियंत्रण कक्ष में दिनांक 31.12.2022 के पूर्वा० 07:00 बजे से दिनांक 05.01.2023 तक प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

अनुमण्डल पदाधिकारी सदर, अनुमण्डल पदाधिकारी बुण्डू तथा पुलिस अधीक्षक, नगर, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के सम्पूर्ण वरीय प्रभार में रहेंगे।

**इन स्थानों पर रहेंगे दंडाधिकारी**

1. रॉक गार्डन, कांके डैम, रांची।
2. काँके डैम।
3. सिदो-कान्हू पार्क, मोरहाबादी।
4. मछली घर (राजभवन के पास)।
5. नक्षत्र वन (राजभवन के पास)।
6. हटिया डैम।
7. हुण्डरु फॉल।
8. दशम फॉल।
9. दिउड़ी मंदिर/तालाब।
10. सूर्य मंदिर बुण्डू।
11. जोन्हा फॉल (अनगड़ा)।
12. गेतलसूद डैम (अनगडा)।
13. सीता फॉल (अनगड़ा)।
14. गौतम धारा (अनगडा)।
15. रुक्का डैम।
16. ऑक्सीजन पार्क, मोरहाबादी, रांची।
17. बिरसा मुण्डा पार्क (ओल्ड जेल कैंपस)।
18. स्वर्ण रेखा।
19. मगरमच्छ प्रजनन केन्द्र, मुटा।
20. जैविक उद्यान, ओरमांझी।
21. फन कैशल पार्क, रातू।
22. डोरंडा स्थित श्रीकृष्णा पार्क।
23. पहाड़ी मंदिर (ऊपरी/निचली भाग हेतु)।
24. टैगोर हिल।
25. धुर्वा डैम।
26. पिठोरिया घाटी।

## डॉक्टर कश्यप दंपति कनक गोयल एवं ज्योति गांगुली अवार्ड से सम्मानित



**आइएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा इलाहाबाद में आइएमए के राष्ट्रीय कांफ्रेंस में आयोजित समारोह में डॉ भारती कश्यप कनक गोयल अवार्ड एवं डॉ बीपी कश्यप ज्योति गांगुली अवार्ड से सम्मानित होते हुए।**

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की प्रयागराज में आयोजित वार्षिक कांफ्रेंस में पहले दिन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह के द्वारा डॉ. भारती कश्यप को कनक गोयल सामान एवं डॉ. बी पी कश्यप को ज्योति गांगुली अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. बी पी कश्यप के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य झारखंड बिहार के प्रथम नेत्र प्रत्यारोपण का श्रेय झारखंड में रोबोटिक लेजर मोतियाबिंद सर्जरी एवं इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी की शुरूआत मेडिकल छात्रों की डी.एन.बी. कोर्स की शुरूआत। डॉ. भारती कश्यप ने महिलाओं के कैंसर उन्मूलन की दिशा में न केवल जगह-जगह सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन कैंप लगाए और कैंप स्थल में ही सर्वाइकल प्री-कैंसर को क्राय उपचार द्वारा खत्म किया, राज्य में प्रशिक्षित सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों की बड़े नेटवर्क को तैयार करने में सरकार की मदद की। 12 बड़े सरकारी अस्पताल में सर्वाइकल प्री-कैंसर के पश्चात उपचार की मशीनें भी लग चुकी है।

**उन्हें सुरक्षित मातृत्व के लिए तैयार किया गया है**

नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत उन्होंने सरकारी स्कूल के 20 लक्षण बच्चों की जांच की चश्मा दिया और मोतियाबिंद से ग्रसित स्कूल छोड़ चुके बच्चों का ऑपरेशन कर उन्हें दुबारा स्कूल की पढ़ाई शुरू कराई। 2005 से हर साल नेत्रदान अभियान रन फॉर विजन का लगातार कर रही है आयोजन।

# बीआइटी मेसरा में आज से लगेगा गणितज्ञों का महाकुंभ

## मैथमेटिकल सोसाइटी के सहयोग से मेगा गणित संगोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान यानी बीआईटी मेसरा में गणितज्ञों का महाकुंभ मंगलवार से लगेगा। 27 दिसंबर से 30 दिसंबर 2022 तक संस्थान के क्लोज्ड एम्फीथिएटर हॉल में द इंडियन मैथमेटिकल सोसाइटी के सहयोग से एक मेगा गणित संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। 1907 में स्थापित इंडियन मैथमेटिकल सोसाइटी देश की सबसे पुरानी गणितीय सोसाइटी है, जो देश के विभिन्न स्थानों पर अपना वार्षिक सम्मेलन आयोजित करती है। इंडियन मैथमैटिकल सोसाइटी का यह 88वां वार्षिक सम्मेलन बीआईटी मेसरा, रांची में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य गणित के क्षेत्र में नवीनतम विकास के बराबर रखना है।

**पद्मश्री डॉ मणींन्द्र अग्रवाल करेंगे शिरकत**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर पद्मश्री डॉ मणींद्र अग्रवाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। डॉ मणींन्द्र अग्रवाल शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार, मेघनाद साहा पुरस्कार, गोल्ड पुरस्कार, फुलकर्सन पुरस्कार, जेसी बोस फेलोशिप, गणित के लिए पहला इंफोसिस पुरस्कार, बिरला पुरस्कार, बिरला पुरस्कार,हम्बोल्ट पुरस्कार, फिरोदिया पुरस्कार और टीडब्ल्यूएएस पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों नवाजे गये हैं। डॉ. मणींद्र अग्रवाल इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज, बैंगलोर, द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (इंडिया), इलाहाबाद और द इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के फेलो हैं। इस सम्मेलन को आईएमएस के अध्यक्ष एसडी अधिकारी संबोधित करेंगे और अध्यक्षता बीआईटी मेसरा के कुलपति डॉ. इंद्रनील मन्ना करेंगे। डॉ. एस पाढ़ी, गणित विभाग बीआईटी मेसरा स्थानीय आयोजन सचिव, डॉ. एससी चक्रवर्ती और डॉ. पी तिवारी सम्मेलन के संयुक्त सचिव के रूप में जुड़े हुए हैं।

**300 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा**

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में तीन सौ से अधिक प्रतिभागी, प्रतिष्ठित प्रोफेसर, शोधार्थी और स्नातकोत्तर छात्र दुनिया भर के शोध पत्र और पोस्टर प्रस्तुतियां देंगे। इस इंस्टीट्यूट का मुख्य कैम्पस मेसरा में है, जबकि इलाहाबाद, जयपुर, कोलकाता, नोएडा, पटना, देवघर, लालपुर, मस्कट (ओमान) और दुबई में भी इसके कैंपस हैं।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सर्वधर्म सम्मेलन का हुआ आयोजन



**रांची।** पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नववर्ष को लेकर सोमवार को सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्वधर्म के धर्मगुरु उपस्थित हुए और उन्होंने अपने धर्मपुस्तक में बताए निराकार परमात्मा का पहचान लोगों को बताया। साथ ही सबने राजयोगिनी बी.के राजमति बहन की ओर से आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। मौके पर विश्वविद्यालय की संचालिका राजयोगिनी बी.के राजमति बहन ने कहा कि आज पूरे विश्व में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सुख और शांति का संदेश विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

# रिम्स में तैनात सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन को हटाने की तैयारी

## कर्मियों ने सीएम को लिखा पत्र, कहा- धमकी देते है चिकित्सा उपाधीक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में काम करने वाले सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन की सेवा समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने का मांग की है। मालूम हो कि सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से पिछले 22 सालों से रिम्स की सुरक्षा और मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं। सुरक्षाकर्मियों की सेवा समाप्त कर अस्पताल की सुरक्षा की जिम्मेवारी होमगार्ड को सौंपने की तैयारी है। तो वहीं ट्रॉली मैन का काम करने के लिए रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी के रिश्तेदार की एक आउटसोर्सिंग एजेंसी को जिम्मेवारी देने की भी तैयारी है। सुरक्षाकर्मियों ने आरोप लगाया है कि अपने रिश्तेदार की कंपनी को फायदा पहुंचाने का काम चिकित्सा उपाधीक्षक कर रहे हैं। उनके द्वारा कई दिनों से सभी को धमकी भी दी जा रही है।

**नहीं मिला न्याय तो देंगे प्राणों की आहूति**

सुरक्षाकर्मियों ने सीएम को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया है कि हम सभी लोग स्थानीय मूल निवासी हैं। 378 सुरक्षा गार्ड और ट्रॉली मैन को बेरोजगार कर दिया गया, तो हम अपने हक के लिए भूख हड़ताल करेंगे। जरूरत पड़ी तो अपने प्राणों की आहूति भी देंगे।

**कोरोना काल में सेवा देने वालों के साथ न्याय करें सीएम**

सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि कोरोना काल में अपने प्राणों को खतरे में रखकर मरीजों की सेवा करने वालों के साथ न्याय करें। महामारी के दौरान 5 सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन की जान चली गई। लेकिन मानवता के नाते भी प्रबंधन के द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया। न ही सरकार की तरफ से मुआवजा मिला है।

**क्या कहते हैं चिकित्सा उपाधीक्षक**

वहीं इस मामले पर रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि इस विषय का रिम्स से कोई सरोकार नहीं है। इस मामले पर रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने कहा कि इस मामले से मेरा कोई संबंध नहीं है। सरकार के आदेश के अनुसार वर्तमान में कार्यरत एजेंसी को हटाने की तैयारी है. नियम मैं नहीं सरकार बनाती है।

# संत विंसेंट डी पॉल सोसाइटी ने विशिष्ट जनों को भोजन कराया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** संत विंसेंट डी पॉल सोसाइटी के तत्वावधान में क्रिसमस के ठीक दूसरे दिन सोमवार को लोयोला ग्राउंड में समाज के विशिष्ट लोगों और प्रभु के विशिष्ट जनों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया। भोजन के पश्चात सभी विशिष्ट जनों को कपड़ा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्ग महिला पुरुषों और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। बालक येसु खीस्त की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में 21 सौ से अधिक लोगों ने मन भर कर भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्कडायसिस के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे थे।

आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि संत विंसेंट डी पॉल सोसाइटी संत मेरिज कैथेड्रल कॉन्फ्रेंस रांची के प्रयास से आयोजित यह कार्यक्रम ईश्वरीय प्रेम की साक्षी है। इसके आयोजन से हम सभी आनंदित हैं। जिन्होंने भी इस कार्य में अपना सहयोग किया है, उनके हृदय में दीन दुखियों गरीबों जरूरतमंदों के प्रति स्नेह है। उन्होंने वार्ड पार्षद शबाना खातून को अपनी ओर से प्रभु के इन मेहमानों के लिए टैंकर में पानी उपलब्ध कराने और अपनी ओर से इनके लिए वस्त्र मुहैया कराने के लिए भी उनका धन्यवाद किया। आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने इस मौके पर हिंदपीढ़ी के ब्रदर जोसेफ लकड़ा और उनकी टीम को 300 कंबल उपलब्ध कराने के लिए विशेष धन्यवाद किया। सोसाइटी के सभा नेत्री रोशनी मींस ने किया मुख्य अतिथि के आगमन पर स्वागत भाषण ओलिव कोयल ने किया। सोसाइटी के कोषाध्यक्ष संजय टोप्पो और रेनू टोप्पो एवं अन्य ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# सदर अस्पताल में कूल्हे का किया गया सफल प्रत्यारोपण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी स्थित सदर अस्पताल में सोमवार को इचागढ़ निवासी 35 वर्षीय अहमद रजा के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण शहर के जाने-माने ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ.एस अली ने किया। इस संबंध में डॉ.अली ने बताया कि इचागढ़ निवासी मरीज अहमद रजा कूल्हे (हिप ज्वाइंट) के फ्रै^ र से परेशान था। कई जगहों पर दिखाने के बाद वह सदर अस्पताल में डॉ.एस अली के संपर्क में आया। उन्होंने मरीज को कूल्हे के प्रत्यारोपण की सलाह दी। मरीज व उनके परिजनों की सहमति पर डॉ.एस अली ने आयुष्मान भारत योजना के तहत अहमद रजा के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया। मरीज के ऑपरेशन में नि?तक (एनेस्थेटिस्ट) डॉ.नीरज कुमार सहित पारा मेडिकल टीम ने सहयोग किया।

डॉ.अली ने बताया कि सदर अस्पताल में हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने में सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार और अधीक्षक डॉ.एके खेतान का महत्वपूर्ण योगदान है। उक्त दोनों चिकित्सकों के सहयोग के बिना इस प्रकार का जटिल ऑपरेशन करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि अमूमन कूल्हे के प्रत्यारोपण में मरीजों को निजी अस्पतालों या अन्यत्र इलाज कराने पर दो से ढाई लाख रुपए का खर्च आता, लेकिन आयुष्मान भारत योजना के तहत उक्त मरीज के कूल्हे का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक बगैर खर्च के किया गया। गौरतलब है कि नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ.एस अली को आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिकतम मरीजों का इलाज करने के लिए सम्मानित किया है।

# निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



**रांची।** मोराबादी के एदलहातू स्थित निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा और छात्र-छात्राओं ने केक काटकर कर किया। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने क्रिसमस कैरोल गीत गाया। श्रीमती शर्मा ने क्रिसमस त्योहार पर विशेष प्रभाव डालते हुए बताया कि क्रिसमस दिवस को ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। वहीं प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि यह पर्व मनुष्य जाति को पापों से मुक्ति दिलाने, लोगों में प्यार व भाईचारा स्थापित करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने क्रिसमस डे की तैयारी में हर्षोल्लास के साथ भाग लिया । कुछ बच्चों ने सेंटा क्लोज की वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन कर दिल जीत लिया। उप प्राचार्य विमलेश कुमार अवस्थी ने सभी बच्चों, अभीभावको एवं शिक्षकों को क्रिसमस दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सिद्धि मुखर्जी, गोपाल चंद्र दास,विनोद कुमार निषाद, शिक्षिका शिवानी कुमारी, पमिता लाकड़ा, किरण कुमारी, निधि कुमारी, मीनू सिंह, विभा तिग्गा, मोनी वाला शर्मा, आदि सहित सभी स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

# घने कोहरे की वजह से कई ट्रेनें रद्द, कई के मार्ग बदले

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** घने कोहरे का कहर शुरू हो गया है। इससे विजिबिलिटी कम हो जाती है। ट्रेनों के परिचालन में समस्या होती है। विजिबिलिटी कम होने से कई ट्रेनें रद हुई हैं। कई ट्रेनें देर से चल रही हैं। खासकर लंबी दूरी की रेलगाड़ियां अपने तय समय से कई घंटों की देरी से चल रही हैं। ऐसे में अगर आपको ट्रेन से सफर करना है तो पहले ही रद्द ट्रेनों की लिस्ट देखकर ही घर से निकलें।

**विलंब से चलेंगी ये ट्रेनें**

ट्रेन संख्या 17322 जसीडीह - वास्को डि गामा एक्सप्रेस ट्रेन 26 दिसंबर को अपने निर्धारित समय 13:10 बजे के स्थान पर 1 घंटे विलंब से जसीडीह से चली। ट्रेन संख्या 08196 हटिया-टाटानगर पैसेंजर 26 दिसंबर के 2 घंटे 40 मिनट विलंब से चली। वहीं ट्रेन संख्या 17006 रक्सौल- हैदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन 08 जनवरी को अपने निर्धारित समय 03:15 बजे के स्थान पर 2 घंटे 30 मिनट विलंब से रक्सौल से चलेगी।

**ये ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी**

ट्रेन संख्या 18310 जम्मू तवी- संबलपुर एक्सप्रेस तथा ट्रेन संख्या 18102 जम्मू तवी- टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन 28 दिसंबर तक अपने निर्धारित मार्ग चुनार से होकर चोपन,गढ़वा रोड ,बरकाकाना, मुरी के स्थान पर चुनार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, गया ,गोमो, राजाबेरा, बोकारो स्टील सिटी, मुरी होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 18611 रांची - बनारस एक्सप्रेस ट्रेन तथा ट्रेन संख्या 18311 संबलपुर-बनारस एक्सप्रेस 27 दिसंबर तक अपने निर्धारित मार्ग मुरी, बरकाकाना, गढ़वा रोड, डेहरी ऑन सोन के स्थान पर मुरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, गया, डेहरी ऑन सोन होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18612 बनारस -रांची एक्सप्रेस ट्रेन तथा ट्रेन संख्या 18312 बनारस- संबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन 27 दिसंबर तक अपने निर्धारित मार्ग डेहरी ऑन सोन, गढ़वा रोड, बरकाकाना, मुरी के स्थान पर डेहरी ऑन सोन, गया, गोमो, बोकारो स्टील सिटी, मुरी होकर चलेगी।

वहीं ट्रेन संख्या 18613 रांची-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन 29 दिसंबर को चोपन के स्थान पर टोरी तक ही जाएगी। टोरी से चोपन के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 18614 चोपन-रांची एक्सप्रेस ट्रेन 28 दिसंबर एवं 30 दिसंबर को चोपन के स्थान पर टोरी से प्रस्थान करेगी तथा चोपन से टोरी के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

**ये ट्रेनें रहेंगी रद्द**

- ट्रेन संख्या 17321 वास्को डिगामा- जसीडीह एक्सप्रेस ट्रेन 13 एवं 20 जनवरी को वास्को डि गामा से रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 17322 जसीडीह -वास्को डि गामा एक्सप्रेस ट्रेन 16 एवं 23 जनवरी को जसीडीह से रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 18631 रांची-चोपन एक्सप्रेस 28 दिसंबर को रांची से रद रहेगी।
- ट्रेन संख्या 18632 चोपन-रांची एक्सप्रेस 29 दिसंबर को चोपन से रद रहेगी।
- ट्रेन संख्या 18635 रांची- सासाराम एक्सप्रेस 29 दिसंबर तक रांची से रद रहेगी।
- ट्रेन संख्या 18636 सासाराम - रांची एक्सप्रेस 30 दिसंबर तक सासाराम से रद रहेगी।

## आज का राशिफल 27-12-2022

मेष : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें।

वृष : समय ज्यादा ब्यस्त रहेगा। असमंजस की स्थिति बनेगी। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। भावनाओं को वश में रखें। मन की बात किसी को न बतलाएं।

मिथुन : शिक्षा में लाभ होगा और व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

कर्क : मानसिक तनाव होगा पर दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा। आय बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

सिंह : आय के लिए आप प्रयासरत है। इसका लाभ मिलेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सुख के साधन जुटेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

कन्या : पुराने रोग को नजरअंदाज न करें। व्यय होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। शत्रु पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं।

तुला : सृजनशीलता का विकास होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा। जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। संतान संबंधी बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है।

वृश्चिक : पार्टनर तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। बातचीत में संयम रखें।

धनु राशि : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शत्रुभय रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी।

मकर राशि : किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

कुंभ : कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा। यश बढ़ेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

मीन : दूसरों के मामलों में हाथ न डालें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा। आय होगी। जोखिम न उठाएं।

### कांस्टेबल ट्रेनिंग सेंटर, मुसाबनी में पारण परेड में बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# ट्रेनिंग सेंटर राज्य ही नहीं, देश में करे नाम रोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांस्टेबल ट्रेनिंग सेंटर, मुसाबनी में पारण परेड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैम्पस की तारीफ करते हुए कहा कि इस कैम्पस को जीवंत रखने के लिए आप लोगों को एक कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। ट्रेनिंग के साथ और क्या बेहतर कर सकते है, उसके लिए काम करें। कैम्पस को एक उदाहरण के तौर पर डेवलप करें। यह सेंटर राज्य ही नहीं, बल्कि देश में भी नाम रोशन करे। इस तैयारी के साथ आगे बढ़े।

**आपके परिवार का आभार :** सीएम ने प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षी से कहा कि आप विशेष अभियान को अंजाम देने के लिए ट्रेंड किए गए हैं। आपका उपयोग समय-समय पर विभिन्न कार्यों में होता है। आईआरबी के जवान अपने कार्यों को काफी दक्षता और मजबूती के साथ करते है। आपको सौभाग्य मिला है कि नवनिर्मित कैम्पस के पहले बैच के रूप में आप आगे निकल रहे हैं। आपके बैच को एक अलग सम्मान के साथ अंकित किया जाएगा।

### आपकी उपस्थिति से आम जनता को बल मिले : एक्का

**गृह कारा** एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने प्रशिक्षु आरक्षियों से कहा कि राज्य एवं जनहित में आप अपना योगदान दें। लोगों के जीवन में अमन- चैन कायम करने के लिए अपनी दक्षता को बढ़ाते हुए कार्य करें। राज्य के कमजोर और गरीब लोगों के लिए आप ढाल बनें। आपकी उपस्थिति से आम जनता को बल मिले। डीजीपी नीरज सिन्हा ने प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते दौर में अपराधी नित्य नए तरीकों से अपराध को बढावा दे रहें है। इनसे लोगों के बचाव के लिए आप अपने स्किल को अपडेट करते रहें। मुसाबनी के इस प्रशिक्षण केंद्र में आप सबों को फिजिकल ट्रेनिंग के साथ-साथ विभिन्न विषयों में भी शिक्षा प्रदान की गयी है। इन सभी प्रशिक्षणों का आप अपने कार्य में कुशलता से इस्तेमाल करें। 260 महिला प्रशिक्षु आरक्षी एवं 504 पुरुष प्रशिक्षु आरक्षी शामिल है। इसके पहले मुख्यमंत्री ने अमर जवान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में पौधरोपण किया।

यहां प्रशिक्षण प्राप्त करनेवाले पहले बैच के सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में चंदन पाण्डेय और अंजली टोप्पो को सम्मानित किया। प्रशिक्षु आरक्षी रागिनी कुमारी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की खुद से बनाई पेंटिंग भेंट की। मुसाबनी के आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने के लिये ट्रैकसूट, कैप, फूटबॉल प्रदान किया।

### प्रशिक्षण का इस्तेमाल अपने कार्यों में करें : डीजीपी

डीजीपी श्री नीरज सिन्हा ने प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बदलते दौर में अपराधी नित्य नए तरीकों से अपराध को बढावा दे रहे हैं। इनसे लोगों के बचाव के लिए आप अपने स्किल को अपडेट करते रहें। मुसाबनी के इस प्रशिक्षण केंद्र में आप सबों को फिजिकल ट्रेनिंग के साथ-साथ विभिन्न विषयों में भी शिक्षा प्रदान की गयी है, इन सभी प्रशिक्षणों का आप अपने कार्य में कुशलता से इस्तेमाल करें।




### कांस्टेबल ट्रेनिंग सेंटर से 764 प्रशिक्षु आरक्षी हुए प्रशिक्षित



2019-20 सत्र के आइआरबी 1 से 5 के 764 प्रशिक्षु आरक्षियों ने सीटीसी स्वास्पुर, मुसाबनी प्रशिक्षण संस्थान से अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया। जिसमें आई.आर.बी 1 (जामताड़ा) के 345, आई.आर.बी 2(मुसाबनी) के 101, आई.आर.बी 3(चतरा) के 113, आई.आर.बी 4(लातेहार) के 113, आई.आर.बी 5 (गुमला) के 92 प्रशिक्षु आरक्षियों ने भाग लिया। इनमे 260 महिला प्रशिक्षु आरक्षी एवं 504 पुरुष प्रशिक्षु आरक्षी शामिल है।

## सीएम ने अमर जवान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि की, पौधरोपण किया

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने अमर जवान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने यहां प्रशिक्षण प्राप्त करनेवाले पहले बैच के सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में चंदन पाण्डेय और अंजली टोप्पो को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री को प्रशिक्षु आरक्षी रागिनी कुमारी ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की खुद से बनाई पेंटिंग भेंट की। मुख्यमंत्री ने मुसाबनी के आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने हेतु ट्रैकसूट, कैप, फूटबॉल प्रदान किया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीण खिलाड़ियों को सम्मानित किया।






## राजकिशोर महतो बनाये गये रांची जिला आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ के रांची जिला कमिटी का गठन किया गया। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सह अखिल झारखंड छात्र संघ के राज्य प्रभारी प्रो. विनय भरत ने सूची जारी करते हुए कहा कि रांची जिला कमिटी में एक अध्यक्ष, दो कार्यकारी अध्यक्ष, छह उपाध्यक्ष, छह वरीय उपाध्यक्ष, एक महासचिव, छह सचिव, एक संगठन सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रभारी तथा एक मीडिया सह प्रभारी बनाए गए हैं।

अध्यक्ष - राजकिशोर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष - जमाल गद्दी एवं संतोष तांती, महासचिव - कुंवर महतो, वरीय उपाध्यक्ष - रोशन सेठ, नवीन कुमार, भोला मुंडा, दीपक कुमार महतो, रोहित आलम एवं नितिश कुमार महतो, उपाध्यक्ष - अनिल तिर्की, कुमार लोकेश, महावीर महतो, बसंत मंडल, नितेश कुमार एवं जगत पाल, सचिव - राजेंद्र उरांव,



फलींद्र ठाकुर, कौशल कुमार, नितिश कुमार महतो, अनिल कुमार शर्मा एवं श्याम मुंडा, संगठन सचिव - दीपक कुमार साहू, कोषाध्यक्ष - साहावीर महली, मीडिया प्रभारी- मदन महतो, मीडिया सह प्रभारी - विकास कुमार को बनाया गया है।

केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें एकजुट होकर झारखंड को संवारने, युवाओं को सशक्त, शिक्षित, संगठित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा संगठन को मजबूत करने के अभियान को अंजाम तक पहुंचाना है।

## रांची के मछली घर में कार्निवाल 2023 का उद्घाटन आज

**रांची।** राजधानी के मछलीघर में सात दिवसीय नववर्ष मेला कार्निवल 2023 का उदघाटन 27 दिसंबर को समाज सेवी तारा झा एवं इंदु देवी करेंगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय एवं चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, सचिंद्र सिंह, मोहित, स्वप्निल मिश्रा आदि उपस्थित रहेंगे। एक्वा वर्ल्ड के निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया पहले दिन से ही कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रहेगी।बेस्ट कपल कंपटीशन, गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता, 15 वर्ष से ऊपर के लड़कियों और लड़कों के लिए डांस प्रतियोगिता और बॉलीवुड के गानों पर बोन फायर डांस मुख्य आकर्षण रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक अपना मार्ट है। जबकि इसे पावर किया है इलरने और अल्ट्राटेक ने। सह आयोजकों में प्रेमसंस होंडा, बालाजी किंगर ग्रुप, सैमसंग मोबाइल, कश्मीर वस्त्रालय, एक्वा सॉफ्ट, घड़ी, इंडियन बैंक आदि शामिल हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का सोमवार को समापन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बीके शर्मा ने कहा कि खेलकूद जीवन का अहम हिस्सा है। खेलकूद पाठ्यक्रम नहीं, वरन पाठ का प्रमुख हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। परिवार, समाज एवं देश स्वस्थ रहेगा तो हम सदैव विकास के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। स्कूल समाज के विकास में अहम भूमिका अदा कर रहा है, यहां बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके चरित्र का निर्माण भी किया जा रहा है। वरिष्ठ अतिथि वीरेंद्र टोप्पो ने कहा कि स्कूल का शिक्षा के क्षेत्र में अमूल योगदान रहा है। जिद करो दुनिया बदलो और मजबूत पकड़ पक्का इरादा से आप मंजिल को पा सकते हैं। जोश, जुनून, जज्बा सदैव अपने



साथ रखें। हमेशा खुश रहकर उमंग उत्साह से दुनिया जीतने का हौसला रखें।

सोमवार को कुल 44 इवेंट संपन्न हुए। वहीं, केशव सदन को 209 अंक, विवेकानंद सदन को 199 अंक, तिलकमांझी सदन को 178, कल्पना चावला सदन को 173 अंक, बिरसा सदन को 172 अंक, माधव सदन को 147 अंक प्राप्त हुए। समारोह को सफल बनाने में रामदेव कुमार, चंदन कुमार, नवीन कुमार आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## मकर संक्रांति पर्व इस बार 14 नहीं, 15 जनवरी को मनाया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का त्योहार बहुत खास माना जाता है। इस त्योहार से वसंत ऋतु का आगमन होने लगता है। पौष के महीने में जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर करते हैं, तब ये त्योहार मनाया जाता है। साल 2023 में ये पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। बहुत सी जगहों पर इसे खिचड़ी, उत्तरायण और लोहड़ी भी कहा जाता है। मकर संक्रांति से ऋतु परिवर्तन होने लगता है। साथ ही मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी बनाने का खास महत्व भी माना जाता है। इस दिन सूर्य उपासना, स्नान दान का विशेष महत्व बताया गया है। मकर संक्रांति पर खरमास के अंत के साथ नये महीने की शुरुआत भी होती है।

पंडित बाबा रामदेव के मुताबिक, इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी 2023 को मनाई जाएगी। मकर संक्रांति की शुरूआत 14 जनवरी 2023 को रात 08 बजकर 43 मिनट पर होगी। मकर संक्रांति का पुण्य काल मुहूर्त 15 जनवरी को सुबह 06 बजकर 47 मिनट पर शुरू होगा और इसका समापन शाम 05 बजकर 40 मिनट पर होगा। वहीं महापुण्य काल सुबह 07 बजकर 15 मिनट से सुबह 09 बजकर 06 मिनट तक रहेगा। उदयातिथि के अनुसार, इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी 2023 को ही मनाई जाएगी। पुण्यकाल और महापुण्यकाल में स्नान-दान करना शुभ होता है। इस दिन प्रातःकाल स्नान कर लोटे में लाल फूल और अक्षत डाल कर सूर्य को अर्घ्य दें। सूर्य के बीज मंत्र का जाप करें। श्रीमदभागवद के एक अध्याय का पाठ करें या गीता का पाठ करें। नए अन्न, कम्बल, तिल और घी का दान करें। भोजन में नए अन्न की खिचड़ी बनाएं। भोजन भगवान को समर्पित करके प्रसाद रूप से ग्रहण करें। संध्या काल में अन्न का सेवन न करें। इस दिन

### गंगा स्नान, व्रत, कथा, दान और भगवान सूर्यदेव की उपासना का है विशेष महत्व

किसी गरीब व्यक्ति को बर्तन समेत तिल का दान करने से शनि से जुड़ी हर पीड़ा से मुक्ति मिलती है।

मकर संक्राति के पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहा जाता है। मकर संक्राति के दिन गंगा स्नान, व्रत, कथा, दान और भगवान सूर्यदेव की उपासना करने का विशेष महत्व है। इस दिन किया गया दान अक्षय फलदायी होता है। इस दिन शनि देव के लिए प्रकाश का दान करना भी बहुत शुभ होता है। पंजाब, यूपी, बिहार और तमिलनाडु में यह समय नई फसल काटने का होता है। इसलिए किसान इस दिन को आभार दिवस के रूप में भी मनाते हैं। इस दिन तिल और गुड़ की बनी मिठाई बांटी जाती है। इसके अलावा मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की भी परंपरा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर भी जाते हैं। यानी यह त्योहार पुत्र और पिता का मिलन का भी संकेत देता है। एक अन्य कथा के अनुसार असुरों पर भगवान विष्णु की विजय के तौर पर भी मकर संक्रांति मनाई जाती है।

बताया जाता है कि मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक पर असुरों का संहार कर उनके सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था। तभी से भगवान विष्णु की इस जीत को मकर संक्रांति पर्व के तौर पर मनाया जाने लगा। साथ ही इस दिन गुड़ के अलावा तिल का भी विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन तिल का दान और प्रयोग किया जाता है और यह प्रक्रिया बहुत ही शुभ मानी जाती है। इस दिन कुछ जगहों पर पतंग उड़ाने की परंपरा भी होती है।

# नियमित योगाभ्यास कर बच सकते हैं मधुमेह से : स्वामी मुक्तरथ

### रांची में अनगड़ा के सामुदायिक भवन में पांच दिनी मधुमेह प्रबंधन योग शिविर शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सत्यानन्द योग मिशन और आरोग्य भारती का पांच दिनों का मधुमेह प्रबंधन योग शिविर अनगड़ा प्रखंड के सामुदायिक भवन में प्रारम्भ किया गया। योग प्रमुख स्वामी मुक्तरथ जो आरोग्य भारती के प्रान्त मधुमेह प्रबंधन प्रमुख हैं, उन्होंने अपने टीम के साथ सैकड़ों ग्रामीण को बढ़ते मधुमेह के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने योग के जरिये मधुमेह को रोकने तथा रोगमुक्त होने के उपाय बताये। उन्होंने योग द्वारा आंतरिक आमाशय,पेट और आंतों के सफाई की विधि,



प्राणायाम द्वारा श्वसन मार्ग और मानसिक सुद्धिकरन की विधि तथा ध्यान के द्वारा तनावमुक्ति की विधि को बताये। अनगड़ा पंचायत के मुखिया मधुसूदन मुंडा, इस कार्यक्रम के सहयोगी शालिनी हॉस्पिटल के राणा विकाश, शिशिर भगत एवं उपमुखिया ने मुक्तरथ का स्वागत किया और योग महत्वों को समझते हुए योगाभ्यास कक्षा में शामिल हुए।

मुखिया मधुसूदन मुंडा ने कहा कि योग बहुत शक्तिशाली विद्या है जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को काफी बढ़ा देता है। स्वामी मुक्तरथ ने कहा कि अब गांव में भी मधुमेह का आगमन हो चुका है। इसे सही दिनचर्या, नियमित योगाभ्यास, स्वच्छ प्रयावरण व्यवस्था पर ईमानदारी पूर्वक आगे बढ़ने से रोका जाना बिल्कुल सम्भव है।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने शुरू की अलाव की व्यवस्था

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने ठंड को देखते हुये अलाव की व्यवस्था शुरू की है। इस कार्यक्रम के तहत क्रिसमस के दिन पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार एवं उप महापौर संजीव विजयवर्गीय के उपस्थिति में अलाव का उदघाटन किया गया । इस समारोह में लायन रतन लाल अग्रवाल ने क्लब के चल रहे विभिन्न सेवा कार्यक्रमों से अवगत कराया। इसके बाद श्री पोद्दार ने क्लब के सेवा कार्यक्रमों के लिए बधाई दीं तथा आगे सेवा कार्यों में सहयोग करने की भी बात कहीं। गरीबों की भलाई के लिये अलाव जलाने पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम के चेयर पर्सन लायन राम बालक वर्मा एवं कृष्णा गोपालका हैं।

स्पीड न्यूज

## तेरह दिनों से सोमा लापता, छानबीन शुरू



**नामकुम।** थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के जरेया मरोडिह का रहनेवाला सोमा मुण्डा 33 वर्स पिछ्ले तेरह दिनों से लापता है। मामले में सोमा के भाई गंगाराम मुण्डा ने नामकुम थाने में गुमषुदगी की रिर्पोट दर्ज करायी है। पुलिस को दिए गए आवेदन में गंगाराम ने बताया है कि सोमा पिछ्ले 13 दिसंबर को घर से लगभग तीन बजे निकला था प रवह अबतक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिष्तेदारों और षुभचिंतको और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की पर सोमा का कहीं पता नहीं चल सका। मामले में थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

## सीसीएल कर्मी की हुई मौत

**पिपरवार।** बचरा बसंत विहार कॉलोनी क्वार्टर नंबर 232 में रहने वाले सीसीएल कर्मी हरेंद्र प्रसाद की किडनी फेल होने से हुई मौत। यह घटना सोमवार अगले सुबह करीब 3 बजे की बताई जा रही है सीसीएल कर्मी हरेंद्र प्रसाद की 2 महीने बाद रिटायरमेंट होने वाली थी। हरेंद्र प्रसाद का अपने पीछे एक पत्नी एक बेटा एक बेटी को छोड़कर रिटायरमेंट से पहले ही स्वर्गवास हो गया इस घटना को सुनकर पूरे पिपरवार कोयलांचल में शोक की लहर दौड़ गई।

## जन योजना अभियान का प्रशिक्षण शुरू

**खलारी।** प्रखंड सभागार में सोमवार को जन योजना अभियान 2022-23 के तहत पंचायत सहजकर्ता दल का तीसरे चरण का प्रथम दीन का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रामपुकर प्रजापति, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्यवक 15 वित्त आयोग असित कुमार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जेएसएलपीएस जया कुमारी प्रखंड समन्वयक पेयजल एवं स्वच्छता प्रमोद कुमार उपस्थित थे।

## सिकिदिरी: अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी बाल-बाल बचे लोग



**सिकिदिरी।** गेतलसूद .हुंडरू फॉल मार्ग के बदरी मोड़ के समीप सोमवार की शाम में एक कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। इस घटना में कार में सवार सभी लोग बाल .बाल बच गए। रांची से कार में सवार होकर चार युवक व युवतियां हुण्डरु फॉल घुमने आये थे। वापसी के क्रम में घटना घटी। तीव्र गति होने के कारण दो पेड़ों के बीच पार करते हुए कर गढ्ढे में गिर कर फंस गई थी। सूचना पाकर सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि व एसआई अरुण सिंह घटना स्थल पहुंच कर ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया व अन्य ग्रामीणों के सहयोग से कार को बाहर निकाला। सहयोग करने वालों में ग्राम प्रधान जयशंकर पहान, संतोष बेदिया, बिरसू बेदिया, श्रवण मुखियार, दिनेश बेदिया, मुचीराम बेदिया आदि शामिल है।

## 255 गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में भाजपा के वरीय नेता सह समाजसेवी अर्जुन महतो के द्वारा 255 गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण किया। वितरण मुख्य अतिथि भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश रामएजिप सदस्य सुषमा देवीएमुखिया पूजा किस्पोट्टाए पंसस तारा देवी ने किया। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीबो को कंबल मिलने से काफी सुविधा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्यवासियों को केवल हसीन सपने दिखा रही है।

# अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान महुआ जावा नष्ट

## पिठोरिया में नशा के कारोबारियों पर चला पुलिस का डंडा

**पिठोरिया।** रांची एसएसपी के निदेर्शानुसार लगातार जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। पिठोरिया में सोमवार को थाना अंतर्गत पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर अंबाटोली में चल रहे अवैध शराब भट्ठी को नष्ट किया गया। मौके पर थाना प्रभारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार नशा कारोबारियों पर नकेल कसने का काम किया जा रहा है। इसके लिए पिठोरिया पुलिस लगातार



अभियान चलाकर अवैध नशा कारोबारियों पर कार्रवाई कर रही है। सूचना मिली थी कि पिठोरिया थाना अंतर्गत अंबाटोली में बड़े पैमाने पर अवैध देसी शराब बनाया जाता है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए हम लोगों ने मौके पर पहुंचा और लगभग 3 क्विंटल अवैध महुआ शराब और भट्ठी को नष्ट किया। पुलिस की भनक लगने से सभी लोग हमलोगों के पहुचने से पहले ही मौके से फरार हो चुके थे। आगे की कार्रवाई कानून सम्मत की जा रही है। आगे भी अभियान जारी रहेगी। पुलिस की कार्रवाई से अवैध शराब बनाने वाले कारोबारियों में खौफ का माहौल हो गया है।

## हेसापीड़ी में अभियान

**नामकुम।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के आर्दष ग्राम हहाप के हेसापीडी में नषा मुक्ति अभियान चलाया। इस दौरान नदी किनारे बने अवैध देषी षराब की भठठीयों को ध्वस्त कर लगभग पाचं सौ किलोग्राम जावा महुवा को नस्ट कर दिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम सुबह लगभग साढे पाचं बजे ही गांव पहुंच गयी थी और नदी किनारे छापेमारी की तो पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी भाग निकले पर पुलिस ने भठठीयों और षराब बनाने के सामान को नस्ट कर दिया। थानेदार श्री, तिवारी ने बताया कि यह अभियान अभी लगातार चलाया जाएगा। पुलिस टीम में थानेदार सुनील तिवारी सहित एसआई एसएन तिवारी,एसआई रवि केशरी, रंजीत कुमार शामिल थे।

## सिकिदिरी में 500 किलो महुआ जावा नष्ट

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से देसी शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ छापामारी अभियान चला कर पांच किवंटल महुवा जावा नष्ट किया। सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि व एसआई अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कुच्चू पंचायत के कटहल टोली में शराब भट्ठी, शराब बनाने के लिए रखा बर्तन एवं पांच क्विंटल महुआ जावा को नष्ट कर दिया। पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब माफिया मौके से भाग निकले। पुलिस ने टाटी गांव में भी छापामारी अभियान चलाया। ग्रामीणों ने बताया की क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री होने से इसका सेवन करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। शराब के कारण कई ग्रामीणों की मौत हो गई है। इसके अतिरिक्त अपराधिक घटना में भी वृद्धि हो रही है। पुलिस ने सिंगारी बाजार से बाहरन बेदिया को दो पेटी अग्रेजी शराब के गिरफ्तार किया है।

# ओरमांझी: बिरहोरों का संरक्षण हम सभी का सामाजिक कर्तव्य

## बिरहोरों के बीच कंबल का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** वार्ड सदस्य संघ ओरमांझी के प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा द्वारा सोमवार को बिरहोर कॉलोनी दोहाकातु में जाकर बिरहोर जनजाति समाज के बीच कंबल वितरण किया गया। सत्यमराज कुशवाहा ने कहा बिरहोर जनजाति समाज आर्थिक व समाजिक के साथ शैक्षणिक सतर से भी गरीब हैं। यही कारण है कि झारखंड के गुमला, सिमडेगा सहित विभिन्न जिला में बिरहोर जनजाति मंतातरण के षिकर हो रहे हैं। राज्य में बिरहोर की घटती जनसंख्या चिंता का विषय है। सरकार, समाजिक कार्यकर्ता व संगठनों को बिरहोर जनजाति समाज के संरक्षण व सुविधा के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। बिरहोर जनजाति की संरक्षण हमारी समाजिक जिमेदारी भी है। मौके पर अनिल बिरहोर, बाबूलाल बिरहोर, सकरमनी बिरहोर व समाज सेवी संतोष सिंह आदि उपस्थित थे।

# ओरमांझी में लालबहादुर क्रिकेट प्रतियोगिता

## बरगाई की टीम का शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** एसएस हाई स्कूल स्टेडियम ओरमांझी में खेले जा रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को कुल तीन मुकाबले खेले गए। जिसमें दो मुकाबले में बरगाईं बिजयी रही। पहले मुकबले में टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी बरगाईं की टीम ने निर्धारित ओवर में 6 विकेट खोकर 125 रन बनए। वहीं इरबा की टीम 87 रन पर ऑल आउट हो गई। दूसरे मैच में खीजुरटोटा की टीम ने पांच विकेट खोकर 114 रन बनाई। जबाब में आंदनदी की टीम 92 रन ही बना



अतिथि के साथ आयोजन समिति व खिलाड़ी।

सकी। तीसरा मैच दोनो विजेता टीम के बीच हुआ। जिसमें शानदार खेल का प्रदर्षन करते हुए बरगाईं की टीम विजय रही। बरगाईं की टीम निर्धारित ओवर में 6 विकेट खोकर 137 रन बनाई। पीछा करने उतरी खीजुरटोला की टीम 9 विकेट पर 116 रन ही बना सकी। तीनों मैच में खिजुरटोला के खिलाड़ी उज्जवल व बरगाईं के खिलाड़ी तबारक व कुलदीप कच्छप को मैन ऑफ-दी मैच का पुरस्कार मिला। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू द्वारा खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# नगड़ी में बूढ़ा महादेव तक पहुंच पथ को लेकर ग्रामीणों का धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** पिछ्ले 35 दिनों से नयासराय के मुड़मा गांव के देवी मंडप रोड़ में स्थित बुढ़ा महादेव, देवी मंडप और धार्मिक आस्था के केन्द्र बने तालाब के मार्ग को बचाने के लिए नयासराय, मुड़मा के लिए दर्जनों ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी सिलसिले आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को बुढ़ा महादेव स्थल में आंदोलनकारियों के अगुवाई में भजन कीर्तन महाआरती और भंडारा का आयोजन किया गया मौके पर पंडित मनोज तिवारी ने मंत्रोच्चारण एवम विधिविधान से सत्यनारायण कथा के साथ संगीतमय सुन्दर कांड का सस्वर पाठ किया गया इसके पश्चात महाआरती किया गया मौके हिन्दूवादी नेता सह समाजसेवी भैरव सिंह ने कहा झारखंड की सरकार को गांव के लोगों की चिंता नहीं है आज एक महीना से लोग अपनी जमीन को बचाने के लिए लगातार आंदोलन कर रहे हैं पर आज तक किसी ने उनके आंदोलन की ओर ध्यान नहीं दिया। तुष्टीकरण की नीति से चल रहा है झारखंड सरकार इसी के फलस्वरूप मुड़मा के हजारों निवासियों की मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। अल्पसंख्यकों की मांग रहती तो तुरंत कार्रवाई होती, लेकिन हिंदू समाज के लोगों की यह सरकार हमेशा उपेक्षा की है।

## एक नजर में

### श्री साईं चावड़ी मंदिर में हुआ खिर का वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखण्ड क्षेत्र के हुटार गांव स्थित श्री साईं चावड़ी मंदिर में रविवार को संस्थापक सुशील सिंह के द्वारा साईं चावडी में विशेष पूजा अनुष्ठान कर श्रद्धालुओं के बीच खिर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर सुशील सिंह ने कहा की साईं चावड़ी मंदिर शिरडी सांई मंदिर का ही एक रूप है। मंदिर में साईं बाबा की प्रतिमा स्थापित करना बाकी है। अगामी मार्च 2023 तक बाबा का प्रतिमा भी स्थापित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि सांई चावडी मंदिर निर्माण के समय मंदिर के मेन गेट पर बिजली के पोल खड़ा होने से बड़ा दुर्घटना होने की सम्भावना बड़ गया है। मौके पर संजय संत्री, संजय कुमार, डॉ जोगेन्द्रर, उपाध्याय अमित महली, रोहित गिरी, गुड्डु तिवारी, बांदे सिंह, पेरो उरांवए रोनी मुन्डा उपस्थित थे।

### इटकी में अवैध शराब की भट्ठियों को किया नष्ट

**इटकी।** इटकी पुलिस द्वारा सोमवार को देशी शराब के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में शराब बनाये जाने वाले महुआ जावा जब्त कर नष्ट कर दिया गया। इटकी थाना प्रभारी रजनी रंजन को इटकी के कई इलाकों में देशी शराब बनाये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इटकी के झखराटोलीएतेली टोला व गड़रा टोली में छापामारी की गई। इस दौरान पुलिस ने गुप्त रूप से चलाये जा रहे शराब की भट्ठियों में शराब बनाने के उपकरण सहित भारी मात्रा में महुआ जावा ड्रम में रखा हुआ पाया। पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण व भट्ठी सहित करीब ढाई सौ कीलो जब्त महुआ जावा को नष्ट कर दिया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी रजनी रंजन, हवलदार तारण सिंह, मंगलेश्वर उरांव व चौकीदार जगदीश भगत शामिल थे।

### पिठोरिया: बाइक दुर्घटना में दो घायल

**पिठोरिया।** सोमवार को ग्राम बालू में बाइक दुर्घटना में दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ग्रामीणों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया। बताया जाता है कि पिठोरिया .विकास मार्ग पर बालू गांव के पास बाइक सवार असंतुलित हो जाने से दुर्घटना ग्रस्त हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई दुर्घटना में घायल अंकित पहन जो रामगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है और दूसरा रोशन मुंडा जो बालू गांव का निवासी है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित जरिया गांव के पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से इसी थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी 22 वर्षीय युवक मेराज राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना रविवार की रात करीब दो बजे की है। वहीं इस संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से शव को बरामद कर सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर मृतक की पहचान उसके परिजनों ने किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सिकिदिरी में नर्सिंग सेंटर का उद्घाटन

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के ढेलूवा खूंटा में सोमवार को नर्सिंग सेन्टर का उदघाटन किया गया। उदघाटन अनगड़ा जिला परिषद के सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा ने किया। एचडीएफसी बैंक के सीएसआर फंड से परिवर्तन योजना के तहत इस सेन्टर को खोला गया है। इसका संचालन एंथम इंटर प्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड व मैत्री मंच के संयुक्त तत्वधान में समाजिक कार्यकर्ता पारसनाथ भोगता के दिशा निर्देश में किया जाएगा। कुल पांच माह के इस निशुल्क प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों का प्लेसमेंट भी किया जाएगा। वर्तमान में 10 वीं और 12वीं उतीर्ण छात्र व छात्राओं के लिए 60-60 सीटें उपलब्ध है।

### राशन दुकानदारों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**मांडर।** प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के लगभग सभी दुकानदार सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और बी डी ओ को एक ज्ञापन सौंपा जन वितरण दुकानदार प्रणाली के संघ के अध्यक्ष अमिताभ पाठक उर्फ बाबु पाठक ने बताया कि डीलरों को इस बार जुलाई और दिसंबर महीने का खाद्यान्न अभी तक नहीं दिया गया है। जिसके कारण वह लाभुकों को जवाब दे पाने में असमर्थ हैं एसाथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी इस मामले को लेकर कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। डीलरों का कहना था कि यदि 7 दिनों के अंदर बकाए खाद्यान्न की आपूर्ति उन्हें नहीं की जाती है ।तो वह प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कर काम रोको आंदोलन करेंगे और इसकी सारी जवाबदेही विभागीय अधिकारियों की होगी। मौके पर प्रखंड के विभिन्न कोणों से डीलर गण उपस्थित थे।

### रानी चुआं में स्वर्णरेखा महोत्सव को लेकर बैठक

**पिस्कानगड़ी।** स्वर्णरेखा उद्गम स्थल रानी चुऑ के समीप मेला टिकरा ऐतिहासिक तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला को लेकर सोमवार को क्षेत्र के वरीय समाजसेवी तपेश्वर केसरी की अध्यक्षता में बैठक की गई ए बैठक में स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला के विषय पर विचार विमर्श किया गया मौके पर सभी लोगों ने सर्वसमिति से 12 जनवरी 23 से लेकर 14 जनवरी 23 तक स्वर्णरेखा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया इसके संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक के रूप में जमशेदपूर के विधायक सरजू रायए संरक्षक. समाजसेवी लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेवए दौलतराम केसरी एकेशव भगत सहित अन्य लोग शामिल हैं। वहीं अध्यक्ष के रूप में तपेश्वर केसरी एवं महामंत्री के रूप में चूड़ामणी महतो का चयन किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, हेमंत केसरी, शहीद अहमद, सुरेश साहू, हाजी साकिर अहमद, कमलेश केसरी आदि मौजूद थे।

# पाराटुंगरी जोन्हा की टीम आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** पाराटुंगरी जोन्हा की टीम 7वीं आदिवासी फुटबॉल टुनामेंट की चैंपियन बनी। सोमवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये फाइनल मैच में पाराटुंगरी ने टाटीसिलवे एफसी को सडन डेथ में 6.5 से हराया। तीसरे स्थान पर नायक ब्रदर्श गेतलसूद की टीम रही। टुनामेंट का आयोजन आदिवासी क्लब गेतलसूद ने किया। विजेता टीम को 10000 रुपए नगद व एक खस्सी, उपविजेता टीम को 5000 रुपए नगद व एक खस्सी तथा तीसरे स्थान पर रही टीम को एक खस्सी पुरस्कार स्वरूप दिया गया। टाटीसिलवे के साहिल मुण्डा को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट के रूप में एक मोबाइल फोन देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिला परिषद रांची के अध्यक्ष निर्मला शांति भगत, विशिष्ट अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांवए गेतलसूद के मुखिया शांति मुंडा व उपमुखिया शंकर बैठा ने किया। मौके समाजसेवी पारसनाथ उरांव, आजसू अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, मदरा मुण्डा, जलनाथ चौधरी, किशुन महतो, ग्रामप्रधान जितेन्द्र उरांव, वासुदेव गोस्वामी, गणेश लोहरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अकाश भगत अध्यक्ष और परवेज बने सचिव

## रातू: पुरियो में झामुमो पंचायत समिति का हुआ गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक सोमवार को अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुई। पुरियो में आयोजित बैठक के दौरान मोर्चा संगठन को मजबूत बनाने, विधान सभा में पारित 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति का प्रचार-प्रसार व विकास योजना व कार्यक्रमों में युवा और महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया। इसके उपरांत, पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें अकाश भगत अध्यक्ष, परवेज आलम सचिव, दिवाकर उरांव व सोनू उरांव उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अजीज



अंसारी, संगठन सचिव शाहिल किस्पोट्टा तथा मो फरहान सह सचिव चुने गये। वहीं सुरज भगत, आजाद अंसारी, संजय भगत, मो गुलजार, सोमा उरांव व मो तबारक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मोर्चा नेताओं ने नवगठित कमेटी के पदधारी व सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। संचालन असलम अंसारी ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन बबलू मिंज ने दिया। बैठक में प्रदीप किस्पोट्टा, जाबिर अंसारी, पहना तिर्की, मो साहिल, देवनाथ उरांव, संजय भगत, मंगल टोप्पो, संजय उरांव, बीके किस्पोट्टा, रंजन उरांव, मुन्ना उरांव, करण किस्पोट्टा, बिरसा उरांव, सुशील किस्पोट्टा शामिल थे।

# अशोका परियोजना में खान सुरक्षा सप्ताह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिपरवार।** अशोका परियोजना ओसीपी में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कोयला खदानों में कार्य करने के दौरान पूरी सजगता बरतनी चाहिए ताकि हादसा होने की संभावना नहीं के बराबर रहे। सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर ही हर कोयला कामगार को कार्य करने पर बल दिया द्य समारोह में कन्वेयर नृपेंद्र नाथ पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय एआईएसओ मनीष मोहनएने भी सुरक्षा से संबंधित अपने विचार रखे और सुरक्षा को पहली प्राथमिकता बताया द्य इस दौरान उपस्थित कोयला कर्मियों सहित अधिकारियों



को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई एव कोरोना काल में दिवंगत कोयला कर्मियों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई द्य इस दौरान नृत्यए नाटकए प्रस्तुत कर कामगारों को जागरूक किया गया ए वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह में नेहरू विकास विद्यालय के छात्रों द्वारा अतिथियों को नृत्य कर स्वागत किया द्यकार्यक्रम की अध्यक्षता अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक ओसीपी अशोका परियोजना शिशिर गर्ग ने किया। कार्यक्रम में जेसीसीए सदस्यों सहित यूनियन प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा में सजगता बरते जाने को लेकर अपनी बातों को रखा एवं सुरक्षा मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को लेकर कोयला कामगारों को सम्मानित किया गया।

# ओवरब्रिज निर्माण करने पहुंचे एनएचआई कॉन्टैक्टर की स्कार्पियो को ले उड़े चोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटना बढ गई है। पिछ्ले एक स्पताह के अंदर तीन बाइक की चोरी हो चूकी है। अब शास्त्री चैक ओरमांझी में ओवरब्रिज निर्माण कराने पहुंचे एनएचआई के कॉन्टैक्टर पीआरके शर्मा की स्कार्पियों को चोर चुरा कर ले गए। कॉन्टैक्टर पीआरके शर्मा थाना क्षेत्र के सिलदिरी शंकरघाट स्थित एक किराया के मकान में रहकर ओवरब्रिज निर्माण कार्य करा रहे हैं। 24 दिसंबर की रात आठ बजे किराए के मकान के बाहर अपनी सफेद रंग की स्कार्पियो एपी31इजी-0333 खड़ी की थी। रात 12 बजे तक खड़ी स्कार्पियों सुबह होने से पहले गायब हो गई। कॉन्टैक्टर द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। ओरमांझी थाना पुलिस मोबाईल कॉल डंप के अधार पर चोरों को पकड़ने का प्रयास की जा रही है। वहीं एक सप्ताह में प्रखंड मुख्याल, स्वर्णरेखा होटल व ओरमांझी बाजार के पास खड़ी तीन बाइक की चोरी हो चुकी है।

# वृद्धों का साथ छोड़ना सामाजिक बुराई, इनका रखें ध्यान

## कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** वृद्धा अवस्था में समाज छुट जाता हैं, वहीं स्वजन भी साथ छोड़ देते हैं। वृद्धों का साथ छोड़ना सिर्फ पारिवरिक नही यह एक समाजिक बुराईयां हैं। देखभाल व सुविधा नही मिलने के कारण कई वृद्ध की असमय मौतें हो जाती है। खोस कर जाड़े में उनकी देखभाल की ज्यादा जरूरत है। उक्त बाते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कही, वे सोमवार को ओरमांझी के सुदूवर्ती क्षेत्र सदमा में गरीब वृद्ध व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण की और कहा समाज में इन्हे भी



कंबल के साथ गरीब जरूरतमंद वृद्ध व राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

जीने का हक है। समाज से जुड़े लोगों को वृद्ध व्यक्ति पर विषेष ध्यान रखने की जरूरत है। उन्होने कहा मानव सेवा से बड़ा कोई सेवा नही है। भारतीय जनता पार्टी का भी प्रयास है कि विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मौके पर मुखिया सुनील उरांव, चेतू मुंडा, गंसू महतो, सिकंदर महतो, वरुण कुमार, अशोक पहान, अरविंद महतो, इंद्रदेव सिंह आदि उपस्थित थे।

## बेती में मुखिया व पंसस ने किया कंबल वितरण

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेती पंचायत की मुखिया सरिता देवी एवं पंचायत समिति सदस्य अनुप्रिया कुमारी द्वारा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस सादे समारोह में मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य ने पंचायत के विभिन्न गांवों में कंबल मुहैया कराया गया है। मुखिया ने बताया कि पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते हैं। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं।

खबर मन्त्र
रांची. मंगलवार .27 दिसंबर 2022




# भारत जोड़ो का विरोध

अब सवाल ये है कि क्या सरकार को केवल भारत जोड़ो यात्रा से ही जनस्वास्थ्य की आपात स्थिति की चिंता हो रही है। ऐसी ही चिंता शाहीन बाग आंदोलन के कारण भी बनने लगी थी, क्योंकि महिलाएं ठंड की अंधेरी रात में भी अपने बच्चों के और देश के भविष्य के लिए धरने पर बैठने से नहीं घबरा रही थीं। अगर कोरोना की लहर नहीं आई होती, तो शाहीन बाग आंदोलन सरकार को और परेशान कर सकता था। नागरिकता के मुद्दे पर धर्म के आधार पर भेदभाव करने के खिलाफ शाहीन बाग आंदोलन खड़ा हुआ था। इसके बाद जिस तरह कोरोना के प्रसार में तब्लीगी जमात को निशाने पर लिया गया और फिर अल्पसंख्यकों के आर्थिक बहिष्कार की कोशिशें हुईं, उससे सवाल किए जाने लगे कि कोरोना के वायरस का इलाज तो फिर भी हो जाएगा, लेकिन नफरत के वायरस का क्या इलाज किया जाए। राहुल गांधी ने इसके लिए भारत जोड़ो यात्रा शुरू की, ताकि लोगों के बीच भाईचारे और प्रेम को फिर से जिंदा किया जाए। भारत जोड़ो यात्रा तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, और राजस्थान में कामयाबी के झंडे गाड़ते हुए अब हरियाणा पहुंच गई है। यहां तीन दिनों तक यात्रा बढ़ेगी, फिर 24 तारीख को दिल्ली पहुंचने के बाद 9 दिनों का विराम लिया जाएगा। यात्रा ने लगभग 3 हजार किमी का सफर तय कर लिया है और अब 5-7 सौ किमी ही शेष रह गए हैं। हरियाणा में बुधवार की धुंध भरी सुबह ही राहुल गांधी ने एक बार में 14 किमी की दूरी तय कर ली। इस दौरान वे लोगों से मिलते-बतियाते बढ़ते रहे। राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं औ? जनता में जो दूरी बन गई थी, इस यात्रा ने उसे पाटने का काम किया है। बहुत से लोग राहुल गांधी के इतने दूर तक पैदल चलने और ठंड में सुबह-सुबह निकलने पर आश्चर्य व्यक्त करते हैं।

# बेहतर संकेत

विश्व में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से दुनिया को बचाने के लिये तमाम राष्ट्र सजग-सहमत तो हुए हैं। यह अच्छी बात है कि विकासशील देशों में 2025 तक बीस अरब डॉलर व उसके बाद 2030 तक हर साल तीस अरब डॉलर की वित्तीय मदद की सहमति बनी है। इस बात को भी स्वीकारा गया कि जैव-विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की जायेगी । निस्संदेह, इस कदम से उनका विस्थापन रोकने में मदद मिलेगी। दरअसल, भारी-भरकम विकास के नाम पर करोड़ों आदिवासियों का दुनिया में विस्थापन हुआ है। उन्हें उनके मूल अधिवास से ही खदेड़ दिया गया। उन्होंने औद्योगीकरण की बड़ी कीमत चुकाई है। निस्संदेह, यदि संपन्न राष्ट्र वर्ष 2030 तक जैव विविधता के लिये महत्वपूर्ण मानी जा रही तीस फीसदी भूमि व महासागरों की रक्षा के लिये ईमानदारी से सहयोग करेंगे तो यह दुनिया के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होगा। इससे खतरे में पड़ी खाद्य सुरक्षा श्रृंखला को बचाने व पेयजल के संकट को दूर करने में कामयाबी मिल सकती है। लगातार जलवायु परिवर्तन का संकट झेलती वैश्विक बिरादरी को स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि जैव विविधता के संरक्षण के बिना दुनिया का अस्तित्व संभव नहीं है। जिसको लेकर हमें संजीदगी दिखानी ही होगी। इसके अलावा दुनिया में खाद्यान्न की बर्बादी को पचास फीसदी घटाने का लक्ष्य भी एक रचनात्मक पहल होगी। इसके साथ ही पर्यावरण के लिये घातक कीटनाशकों के प्रयोग में कटौती पर जो सहमति बनी है, उसका भी सख्ती से अनुपालन हो। लेकिन यह तय है कि दुनिया को बचाने के लिये सरकारों के साथ ही नागरिकों के स्तर पर भी जागरूकता लानी जरूरी है। वैसे इस समझौते की सफलता के लिये कारगर निगरानी तंत्र भी होना चाहिए।


# अखंड भारत का सपना समान नागरिक संहिता




**सांसद** किरोड़ी लाल मीणा ने पिछले दिनों 'समान नागरिक संहिता' (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने के प्रावधान वाले प्राइवेट मेंबर बिल को राज्यसभा में पेश किया। विपक्षी विरोध पर सरकार ने कहा कि बिल पेश करना उनका अधिकार है। विपक्ष ने बिल वापस लेने की मांग की तो सभापति जगदीप धनखड़ ने वोटिंग करा दी। पक्ष में 63 और विरोध में 23 वोट पड़े। समान नागरिक संहिता का मतलब सभी नागरिकों के लिए समान कानून। भारत में क्रिमिनल लॉ समान रूप से लागू होते हैं, लेकिन विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार जैसे सिविल मामलों में ऐसा नहीं है। ऐसे मामलों में पर्सनल लॉ लागू होते हैं। अलग-अलग धर्म को मानने वाले लोगों के लिए अलग-अलग कानून हैं।

तीन तलाक, अनुच्छेद-370 की समाप्ति और नागरिकता संशोधन कानून। शायद ही किसी सरकार ने इतनी तेज रफ्तार के साथ घोषणा पत्र को अमली जामा पहनाया हो, जिस दृढ़ता के साथ नरेन्द्र मोदी सरकार विभिन्न मामलों पर आगे बढ़ी। सरकार यह समझ चुकी है कि देश अब समान नागरिक संहिता चाहता है। यह देश मजहबी आधार पर बने पर्सनल कानूनों से पीड़ित है। उच्चतम न्यायालय भी एकाधिक मौकों पर सरकार से समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कह चुका है। यह ऐसा विचार है, जो संविधान में तो है, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीतिक सोच ने इसे साकार नहीं होने दिया। संविधान सभा में बाबासाहब ने भरसक कोशिश की थी कि समान नागरिक संहिता लागू हो जाए पर उन्हें मुस्लिम प्रतिनिधियों का विरोध झेलना पड़ा। मजहब के आधार पर विभाजित देश में मुस्लिम प्रतिनिधि इस जिद पर अड़े थे कि वे तो शरीयत के हिसाब से अपने मसले सुलझाएंगे। अंबेडकर ने कहा- 'मुझे निजी तौर पर ये बात समझ नहीं आती कि मजहब को इतना व्यापक और महंगा क्षेत्राधिकार कैसे दिया जा सकता है कि किसी का पूरा जीवन उससे संचालित हो और विधायिका को उसमें अतिक्रमण का अधिकार तक न हो।'

तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू समान नागरिक आचार संहिता के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने अंबेडकर के सामने हाथ जोड़ लिए। 42वें संविधान संशोधन 1976 में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ा गया जिसके अनुसार भारत की सरकार किसी भी धर्म का समर्थन नहीं करेगी लेकिन सभी धर्मों का लॉ बोर्ड होने से तो जिनका कोई धर्म नहीं है उनका क्या होगा और इससे तो सरकार से ऊपर धर्म नजर आता है, जिसके कारण समान नागरिक संहिता का अब तक लागू नहीं होना एक दोष के समान है। दीनदयाल उपाध्याय का भी यही मत था। उनका विचार था कि भारत के एकीकरण का महत्वपूर्ण पहलू है कि देश के नागरिक धर्म से ऊपर उठकर एक कानून से बंधे हों। उनका कहना था कि सभी को बांधने वाला मंत्र एक हो। असल में कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिंदू मुसलमान में बांटा, जबकि किसी भी धर्म को कानून से ऊपर उठकर फैसले कर देने का मतलब सांप्रदायिकता है। असल में धर्मनिरपेक्ष विचार का अर्थ यही है कि सभी धर्मों के लिए समान कानून हो।



-विजय विक्रम सिंह

> आखिर स्वतंत्रता से हमें हासिल क्या हुआ। हमें स्वतंत्रता का इस्तेमाल अपने सामाजिक ढांचे को सुधारने में करना चाहिए, जो कि तमाम किस्म की असमानता, भेदभाव और इसी तरह की चीजों से भरा पड़ा है। ये सब हमारे मूलभूत अधिकारों का हनन है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू समान नागरिक आचार संहिता के पक्ष में नहीं थे।

संविधान निमार्ताओं ने अनुच्छेद-44 में स्पष्ट कहा है कि देश को पूरे भारत में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। संविधान सभा में भी इस पर चर्चा के दौरान सबसे मुखर विरोध मुस्लिम सदस्यों ने किया। हुसैन इमाम, बी पोकर, अली बेग, इस्माइल, नजीरुद्दीन अहमद ने जोर दिया कि विवाद और उत्तराधिकार के मामलों को कुरान और शरीयत के हिसाब से ही तय होना चाहिए। ये एक रहस्य नहीं है कि तमाम मुस्लिम रहनुमा विवाह और उत्तराधिकार जैसे मसलों पर अलग कोना बचाकर क्यों रखना चाहते थे। इन दोनों ही मामलों में पर्सनल लॉ के नाम पर महिलाओं के साथ भारी भेदभाव और अत्याचार होता है। पर्सनल लॉ को लेकर भी यही दलील है, जबकि 1954 में ही सुप्रीम कोर्ट यह तय कर चुका है कि अनुच्छेद-25 और 26 के तहत दी गई धार्मिक और मजहबी आजादी का मतलब ये नहीं है कि यह कानूनों से ऊपर उठकर है। शाहबानो केस हो या सायरा बानो केस, सुप्रीम कोर्ट समान नागरिक संहिता की जरूरत बता चुका है। इसलिए कि पर्सनल लॉ संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार का उल्लंघन कर रहे हैं। समान नागरिक संहिता के विषय में इतना दुष्प्रचार फैलाया जा चुका है कि मुसलमानों को इसका सही अर्थ ही नहीं पता है। समान नागरिक संहिता सेक्युलर मामलों में सबके लिए समान कानून की बात करती है। इसका किसी की धार्मिक आजादी से कोई लेना देना नहीं है। हिंदू हो या मुस्लिम, समान नागरिक संहिता लागू होने की सूरत में अपने धार्मिक क्रियाकलाप निर्बाध रूप से जारी रखेंगे।

समान नागरिक संहिता बहुत जरूरी है क्योंकि इस समय देश में हिंदू मैरिज एक्ट, मुस्लिम पर्सनल लॉ, इंडियन क्रिश्चियन मैरिज एक्ट, पारसी मैरिज एंड डाइवोर्स एक्ट जैसे अलग-अलग कानून लागू हैं। क्या कोई सभ्य समाज शादी और विरासत जैसे मसलों पर अलग-अलग धर्म के हिसाब से व्यवस्था की हिमायत कर सकता है। विविधता भरे इस देश मे सबके लिए जब आगे बढ़ने के लिए समान अवसर है तो सबके लिए समान नागरिक संहिता भी होनी चाहिए। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित संवेदनशील वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जबकि एकरूपता से देश में राष्ट्रवादी भावना को भी बल मिलेगा। भारत में गोवा राज्य में 1961 में ही समान नागरिक संहिता लागू कर दी गई। जो पुर्तगाल शासन के समय लागू था। पाकिस्तान के साथ अमेरिका, आयरलैंड, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान, इजिप्ट आदि देश है और वहां समान नागरिक संहिता कानून लागू है। वर्तमान में उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक समिति गठित की है जो समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए ड्राफ्ट तैयार करेगी। उत्तर प्रदेश में विभिन्न धर्मों की बहुत बड़ी आबादी रहती है, जनसंख्या की दृष्टि से भी भारत का सबसे बड़ा राज्य है, यहां भी समान नागरिक संहिता लाने के लिए सार्थक प्रयास में तेजी लाने की आवश्यकता है।

## खास बात

### यूपी का विकास

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

उत्तम निवेश और औद्योगीकरण के लिए भी आवश्यक तत्व होते हैं। यह हैं- कानून व्यवस्था, पर्याप्त बिली अपूर्ति, लैंड बैंक कनेक्टिविटी और व्यापार सुगमता की बेहतर स्थिति आदि। योगी का पिछला कार्यकाल स्वर्णिम रहा। इनवेस्टर्स समिट ने मजबूत इमारत तैयार की। हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास हुआ। दूसरा कार्यकाल भी इस दिशा में नई इबारत लिख रहा है। उनपर कार्य प्रगति पर है। अभी तक करीब दो दर्जन देश आगे आ चुके हैं। नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस ने यूपी के पार्टनर कंट्री होंगे। दुनिया के औद्योगिक निवेशकों को समिट में आमंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार 18 देशों एवं भारत के सात प्रमुख नगरों में कूच कर चुकी है। यह नए उत्तर प्रदेश की पहचान है। आज प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की प्रगति शानदार है।

योगी सरकार ने ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस पर भी फोकस किया है। विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया गया है। नए विद्युत उत्पादन संयंत्रों तथा विद्युत सब स्टेशनों की स्थापना की गई है। सभी जनपदों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए लैंड बैंक के माध्यम से पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। नई ऑनलाइन प्रणाली निवेश सारथी24 घंटे मदद के लिए तैयार है। ऑनलाइन इन्सेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम भी मदद के लिए तैयार है। सिंगल विंडो ह्यनिवेश मित्रह्न पोर्टल समयबद्ध स्वीकृति एवं अनापत्ति उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने आगामी पांच वर्ष में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। प्रदेश में आईटी आईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियां तैयार की हैं।

# स्मार्ट और बुद्धिमान

## धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**स्मार्ट** होना और बुद्धिमान होना, ये दो अलग-अलग बातें हैं। 25 साल पहले, किसी के बारे में बात करते हुए, हम उसे बुद्धिमान कहते थे। लेकिन आजकल, अलग शब्दों का प्रयोग होता है। आजकल कोई परवाह नहीं करता कि आप बुद्धिमान हैं या नहीं। उनको एक ही फिक्र होती है कि क्या आप स्मार्ट हैं? अगर आप स्मार्ट हैं तो आप दुनिया में अपना काम निकाल सकते हैं - आज की अर्थव्यवस्था में आप पार लग जायेंगे। लेकिन बुद्धि का स्वभाव अलग है। बुद्धि हमेशा आपको कोई दौड़ जीतने के लिये तैयार नहीं करती। वास्तव में आप दूसरे से धीमें हो सकते हैं क्योंकि उन लोगों की अपेक्षा आप कहीं ज्यादा चीजें देख सकते हैं। जो लोग स्मार्ट हैं और सिर्फ इस कोशिश में हैं कि अपने जीवन का कोई छोटा उद्देश्य पूरा कर लें, हो सकता है वे वहां ज्यादा तेजी से पहुंच जाएं और हो सकता है लोग उनके लिये तालियां भी बजायें। लेकिन आपकी बुद्धि इतनी सारी चीजें ग्रहण कर रही होगी, कि वो आपको एक कदम भी उठाने नहीं देगी। अगर आप स्मार्ट हैं तो इसका मतलब ये होगा कि आपने अपने लाभ के लिये परिस्थितियों बना ली है। आप किस तरह के समाज में हैं, समय कैसा है, परिस्थिति कैसी है और आप किस तरह के लोगों के बीच में हैं! आज, वे लोग जो कुछ संकोच मे होते हैं, वे आम तौर पर बेवकूफ माने जाते हैं। बिना किसी संकोच वाले लोग स्मार्ट कहलाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कुछ खास परिस्थितियों का लाभ कैसे लिया जाये!

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात नहीं दिला पा रहें हैं। चीन सहित दुनिया में स्थिति फिर खराब हो रही है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। तीसरी लहर की बात की जा रही है। दिल्ली में मार्च की तुलना में अधिक संक्रमित हो गये हैं। **-संदीप, हजारीबाग**

### आखिर मकसद क्या!

**यातायात** पुलिस लोगों का जमकर जुर्माना काटती है। पुलिस का काम लोगों की सहायता करना तथा नियमों की पालना करवाना है, न कि चालान काटना। नियमों को लेकर लोग पहले से ज्यादा सतर्क हैं। ज्यादातर लोग नियमों की पालना करते हैं पर ऐसे में केवल कम चालान काटने पर नोटिस जारी करना कहीं न कहीं गलत है। यह जनता को परेशान करने वाली बात है।

**-रमन कुकरेजा, रांची**


**अब** डीबीटी के माध्यम से गरीबों को मिलने वाला लाभ 100 प्रतिशत गरीबों तक सीधे पहुंच रहा है। अकेले डीबीटी की वजह से 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा गलत हाथों में जाने से बच रहे हैं। आज ये गर्व के साथ कहा जा सकता है कि घोटालों वाले उस दौर को देश पीछे छोड़ चुका है।

**-पियूष गोयल, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**वातु** भेषजं मयोभु नो हृदे, प्रण आयूंषि तारिषत #ऋग्वेद स्वच्छ-वायु निर्मल-जल और हरितिमा सम्पन्न परिवेश आयुष्य तथा आनंद की अभिवृद्धि के अप्रतिम स्त्रोत हैं आओ प्रकृति पर्यावरण की रक्षा के लिए एकजुट हों।

**- अवधेशानंद गिरी**





**हाथ** से लिखी हुई चिट्ठियां खो गई है।चिट्ठी लिखते वक़्त हम जो सोचते थे कि उसे महसूस करते थे।जिसे चिट्ठी लिखते थे उसकी शक्ल भी हमारे जहन में रहती थी है।उसकी हँसी, मुस्कराहट, आँसु, परेशानी।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

# नववर्ष पर पर्यटकों को बुला रही है केरेडारी की प्रपात और घाटी

**शमसाद अंसारी**

**केरेडारी** प्रखण्ड के क्षेत्रों में पर्यटक स्थल नव वर्ष में पर्यटकों को स्वागत और दीदार के लिए तैयार है। इनके प्राकृतिक वादियां लोगो को अपनी ओर बरबस आकर्षित करने को बेताब दिख रही है। साथ हीं क्षेत्र का विख्यात घाघरा जल प्रपात से नववर्ष की शुरूआत करना केरेडारी प्रखंडवासियों की पहली पसंद मानी जाती है। इसी कारण नववर्ष पर सैकड़ों की संख्या में लोग घाघरा जल प्रपात को देखने के लिए पहुंचते है। पर्यटक विभाग द्वारा कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। जब की इस क्षेत्र में छत्तीसों माता स्थान,घाघरा जल प्रपात, कोती झरना, व कण्डाबेर मां अष्टभुजी मंदिर जैसे पर्यटक स्थल हैं।

**कण्डाबेर मां अष्टभुजी मंदिर**

केरेडारी प्रखण्ड मुख्यालय से 20 किमी दूर जंगल व पहाड़ों के बीच पश्चिमी उत्तरी छोर पर स्थित है - कण्डाबेर मां अष्टभुजी मंदिर। नवरात्र में विशेष पूजन पद्धति एवं फूल चढ़ाने की परंपरा से माता स्थान की प्रसिद्धि है। बताया जाता है कि कण्डाबेर स्थित मां अष्टभुजी निःसंतानों को संतान एवं हारे हुए लोगों को विजय देती हैं।

**घाघरा जल प्रपात**

प्रखंड मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर स्थित हेवई पंचायत में घाघरा डैम प्राकृतिक सौंदर्य का मानो पर्यटकों के लिए अनुपम सौगात हो। यहां की वादियां नव वर्ष में लोगों को बारंबार नववर्ष ज्यादा अपने ओर आकर्षित करती हैं। वैसे यहां पर सैलानियों के आना जाना सालों भर लगा रहता है।

## पर्यटन



**कोती झरना**

प्रखंड के पूर्वी दक्षिणी क्षेत्र में सालों भर झरने का शीतल पानी बहता रहता है। ये क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित होने के बावजूद भी कोती झरना में पिकनिक मनाने पहुंचते है। इस झरने की खासियत ये है कि यहां दो तरफ पहाड़ों से पानी गिरता हैं। इसके एक ओर का निर्मल जल मीठा और दूसरे ओर के पहाड़ से नमकीन पानी पहुंचता है। इसका स्वाद चखने के लिए भी लोग पहुंचते है। उक्त झरने में गर्मी के दिनों में जल स्तर बढ़ जाना भी सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

**छत्तीसों माता स्थान**

यह धार्मिक सह रमणीय स्थल प्रखण्ड मुख्यालय से महज किलो मीटर दूर गरी कलां ग्रामपंचायत के पतरा कलां जंगल में स्थित है! चारो तरफ पहाड़ो जंगलों से घिरा है। यहां सैकड़ो श्रद्धालु सैलानी पूजा अर्चना और प्रकृति की विशेष दृश्य का अवलोकन करने सालों भर आते रहते हैं।

**चुंदरू की नक काशीदार चट्टाने**

हजारीबाग जिला के केरेडारी और चतरा जिला के टंडवा प्रखण्ड के सरहद पर स्थित चुंदरू धाम के साथ साथ स्लैनियो के लिए आकर्षण का विशेष महत्व रखता है। लोग इस धार्मिक रमणीय स्थल का नजारा लेने और पूजा पाठ के लिए सैकड़ों की तादाद में सालो भर आते रहते हैं।

**झामुमो के केंद्रीय सचिव का प्रयास**

झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झामुमो के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी संजीव बेदिया ने कहा की मै बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के राज्य सरकार से पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयासरत हूं । हेमंत सोरेन को क्षेत्र के सभी पर्यटक स्थलों के विकाश के लिए खाका तैयार कर अवगत कराया हूं ।

**(खबर मन्त्र संवाददाता की रिपोर्ट)**

# यू हीं नहीं मोदीमय हुआ गुजरात

**सौरभ मालवीय**

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड विजय गुजरात की जनता की भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास की जीत है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान नरेन्द्र मोदी ने गुजरात की जनता से कहा था कि इस बार उनका रिकॉर्ड टूटना चाहिए। गुजरात की जनता ने उनकी बात का पूर्ण रूप से मान रखते हुए भाजपा को गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश देकर नया इतिहास रचा। भाजपा ने 182 में से 156 सीटों पर विजय प्राप्त की है। पिछले चुनाव में गुजरात में भाजपा ने 99 सीटें प्राप्त की थीं, जबकि कांग्रेस ने 77 सीटें जीती थीं। राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो यात्राह्न के बावजूद कांग्रेस गुजरात में कुछ विशेष नहीं कर पाई, अपितु हानि में ही रही। कांग्रेस अब 77 से केवल 17 सीटों पर सीमित होकर रह गई है।

वर्ष 1995 से भाजपा ने गुजरात में किसी भी चुनाव में पराजय का मुंह नहीं देखा है। यह सब नरेन्द्र मोदी के विराट व्यक्तित्व का ही चमत्कार है। प्रधानमंत्री मोदी को गुजरात से विशेष लगाव है। इसलिए उन्होंने 6 नवंबर से 2 दिसंबर तक गुजरात में 52 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर समर्थन मांगा।। इन 52 सीटों में से भाजपा को 46 पर विजय प्राप्त हुई। परिणामस्वरूप गुजरात के गठन के पश्चात से प्रथम बार भाजपा को अहमदाबाद

## व्यक्तित्व

नगरपालिका में बड़ी विजय प्राप्त हुई। गुजरात में निरंतर तीन वर्ष अकाल पड़ा। तत्कालीन सरकार पूर्ण रूप से असफल सिद्ध हुई।वर्ष 1987 में नरेन्द्र मोदी ने न्याय यात्रा निकाली, जो गुजरात की 115 तहसीलों के लगभग 15 हजार ग्रामों में गई। इस यात्रा से पार्टी का जनाधार बढ़ा। इसके साथ ही नरेन्द्र मोदी की ख्याति भी बढ़ी। इस यात्रा की सफलता के पश्चात 1989 में उन्होंने लोक जनशक्ति यात्रा निकाली। ऐतिहासिक रथयात्रा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 11 दिसंबर 1990 से 26 जनवरी 1992 तक कन्याकुमारी से लाल चौक तक की एकता यात्रा भी निकाली। 1991 में उन्हें भाजपा राष्ट्रीय चुनाव समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। दसवें लोकसभा चुनाव में भाजपा को गुजरात में 26 में से 20 सीटों पर विजय प्राप्त हुई। इसे नरेन्द्र मोदी का प्रभाव माना गया।

साल 1995 में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को 182 में से 121 सीटों पर विजय प्राप्त हुई तथा 14 मार्च को केशुभाई पटेल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नरेन्द्र मोदी ने 28 सितंबर को प्रदेश भाजपा के महासचिव पद से त्यागपत्र दिया। इसके पश्चात 20 नवंबर को उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया। उन्हें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ का प्रभारी बनाकर संगठन को मजबूत करने का दायित्व दिया गया। उन्होंने अपनी कुशलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप वर्ष 1998 में उन्हें राष्ट्रीय महासचिव बना दिया गया। इसी वर्ष गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव का दायित्व नरेन्द्र मोदी को सौंपा गया। उन्होंने पार्टी को सत्ता दिलाने के लिए कड़ा परिश्रम किया। राज्य में भाजपा सत्ता में आई तथा केशुभाई पटेल फिर से मुख्यमंत्री बने। वर्ष 1999 में भाजपा के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की सरकार बनी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें केशुभाई पटेल के स्थान पर गुजरात के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार सौंपा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सांसद जयंत सिन्हा के रामगढ़ आगमन पर उत्साह के साथ हुआ स्वागत

# लोगों के हित में कार्य मेरी प्राथमिकता: जयंत सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा 26 दिसंबर को रामगढ़ पहुंचे। सांसद के आने पर भाजपा सदस्यों और किसान मजदूर संघ ने उनका स्वागत किया गया। आगमन के बाद सांसद ने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके पश्चात उन्होंने कहा कि हजारीबाग से रांची भाया बरकाकाना ट्रेन लाइन बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सिधवार से सांकी तक लगभग 26 किलोमीटर लाइन बनकर तैयार है। बताया कि रेलमंत्री से समय लेकर इसका उदघाटन करवाया जाएगा। कहा कि इस रूट से एक लंबी दूरी की ट्रेन आरंभ होगी। श्री सिन्हा ने कहा कि इस रूट से रांची, पटना और दिल्ली के लिए ट्रेन उपलब्ध होगी। ट्रेन आरंभ करने के लिए व्यवस्था हो गई है। विद्युतीकरण का कार्य हो चुका है। हजारीबाग में रेल डिपो बना है। जिसका उदघाटन रेलमंत्री का समय मिलते ही हो जाएगा। कहा कि मैं आशा व्यक्त करता हूं की एक लंबी दूरी की ट्रेन भी उपलब्ध होगी। बताया कि सेफ्टी कमिश्नर द्वारा रिपोर्ट भेज दी गई है। रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा इसपर जो भी निर्णय लिया जाएगा उसी के अनुसार पार्टी कार्यकर्ता कार्य करेंगे। वहीं, बढ़ते कोविड मामले के संबंध में कहा कि कोविड का खतरा एक बार पुनः उभर कर आ रहा है। कहा कि क्षेत्र में इससे निपटने की तैयारी हुई है। कहा कि लोगों को इससे बचाव के लिए मास्क लगाने के साथ 2 गज की दूरी का पालन करना होगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रकाश मिश्रा, सुमन सिंह, नगर अध्यक्ष शिव कुमार महतो, उमेश प्रसाद, सुरेंद्र शर्मा, सत्यजीत चौधरी, प्रो आलोक सिंह, नमेंद्र चंचल, मुन्ना खटीक, राजीव रंजन, बलराम कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, रामदेव प्रसाद, सत्यजीत सिंह, संजय श्रीवास्तव, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार सोनू, राजकुमार कुशवाहा, सुशांत पांडे, मणि शंकर ठाकुर, कुमेल उरांव, कीर्ति गौरव, मनोज जयसवाल, ऋषिकेश सिंह, लक्ष्मी देवी, शीतल सिंह, स्नेहा गुप्ता आदि मौजूद थे।


सांसद का स्वागत करते

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**कुजू।** क्षेत्र के लोगों के चीर प्रतिक्षित मांग बरकाकाना - कोडरमा रेलवे लाइन को कोडरमा से रांची तक विस्तार होने की खुशी रविवार को कुजू क्षेत्र के लोगों के चेहरे पर दिखाई पड़ीं। भाजपा कार्यकताओं ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को इस उपलब्धि का श्रेय देते हुए फूल माला पहनाकर व बूके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।श्री सिन्हा के दिल्ली से अपने संसदीय क्षेत्र में पहुंचने के क्रम में नया मोड़ कुजू फोरलेन चौराहे पर भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कुंटू बाबू, प्रवीण मेहता, प्रदीप सिन्हा,दशरथ प्रसाद केशरी, राजेंद्र कुशवाहा,जनक प्रसाद, सुखदेव सोनी, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, मनू महतो, नीरज उर्फ पप्पू झा, बिहारी महतो, रवि साहू, उमेश चंद्र पटेल, शंभू लाल ठाकुर, नरेश गुप्ता, निर्मल करमाली, विजय पासवान, दिनेश्वर साहू,मथूरा साव, विमला देवी, शांति देवी सहित अनेक लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### सिझुआ झरना मेला का हुआ उद्घाटन

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत सिझुआ और सिमराढाव गांव के जंगल मे प्राकृतिक झरना है जो सिझुआ झरना के नाम से विख्यात हैं। जहां सैलानियों का मनमोहक पिकनिक स्पोर्ट रूप में अंग्रेजी के नए वर्ष 2023 के लिये इंतजार कर रही है। बता दे कि 25 दिसंबर रविवार को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित यादव, जीप सदस्य रामप्रसाद, प्रमुख संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि कु. वर्णवाल खैरा मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कु. वर्मा पसंस बिनय कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि दसरथ नारायण सिंह, रामप्रसाद कुशवाहा, उमेश प्रसाद महेश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि प्रविल प्रसाद, सुरेश प्रसाद, उपेंद्र पांडेय मिथलेश पाठक लाल मोहन महतो के संयुक्त रूप से रिबन काटकर सिझुआ झरना मेला का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत संथाली परम्पराओ के अनुसार मांदर नगाड़ा ढोल झाल करताल गीत से किया गया। मौके पर महादेव हेम्ब्रम, अशोक मुर्मू,छोटेलाल मुर्मू,साहेब हेम्ब्रोम, राम मरांडी,महेश मांझी राजेन्द्र कुमार, सानू पण्डा, सुरेंद्र राणा, मुकेश कुमार, मिथलेश प्रसाद, प्रमोद सिंह, सुरेश मिश्रा,राजेश सोरेन, धनेश्वर मुर्मू, श्यामलाल मांझी, जीवन मांझी, मेघलाल मांझी, शंभु प्रसाद समेत अन्य लोग थे।

### जयंत सिन्हा का किया गया भव्य स्वागत

**चरही।** रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में सोमवार को चरही चौक पर चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में सांसद जयंत सिन्हा को गाजे-बाजे और फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया।मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि अथक प्रयास के प्रतिफल है कि लोगों की सुविधा के लिए कोडरमा से रांची के लिए रेलवे लाइन से जोड़ा गया।अब लोगों को रेल यात्रा करने में सुविधा होगी।इन्होंने अपने कार्य कार्यकताओं से कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का काम करें।तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ें। स्वागत करने वालों में से भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,फुलेश्वर महतो,रोहित महतो,ललन शर्मा, अरविंद पांडेय,सत्येंद्र नारायण सिंह, वीणा मिश्रा, आशा राय,कुसुम देवी, सुनीता देवी,मीरा देवी, घनश्याम करमाली,गौतम सिंह,मनीष बरनवाल,छोटू लाला,संगीता देवी, चंपा देवी, बिंदु देवी, गीता देवी सहित कई कार्यकर्ता थे।

### 6 सुत्री मांग पत्र को लेकर दिया धरना

**चरही।** तापीन साउथ लोकल सेल सहित 6 सुत्री मांग पत्र को लेकर ग्रामीण मजदूर 127 दिनों से धरना पर बैठे हैं।इस समस्या को लेकर हजारीबाग उपायुक्त को दिये गए लिखित ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया गया।जिसमें यह उम्मीद किया गया की ग्रामीणों की समस्यायों का निवारण जल्द किया जाएगा।मौके पर विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो, बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो,पंसस शक्ति देवी,रोशनी देवी, चोलेश्वर महतो,संतोष राय,गुलाब रब्बानी,सुखराम टुडु,कलावती देवी, प्रतिमा देवी,चेतो मांझी,राम कुमार टुडु,गोपाल महतो, बिरसा टुडु,शंकर सिंह भोगता, प्रदीप लकड़ा, प्रमोद सिंह, नसीम अंसारी, गुलजार अंसारी, गफ्फार अंसारी, सब्बीर अंसारी, मो. मुबारक,सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र राय, ललन प्रसाद, मंजू देवी, आनंद सिंह, पंकज कुमार,किशन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नाई समाज की महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बैठक का आयोजन

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में नाई समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नाई महासम्मेलन के कोर कमेटी के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता गोविंद ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से नाई समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। इस बैठक में 1 फरवरी 2023 को होने वाले महासम्मेलन को सफल बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में दहेज प्रथा मुक्त समाज का निर्माण करने, आदर्श विवाह पर जोर देने, शिक्षा पर बल, तकनीकी शिक्षा पर जोर, मजदूरी में संशोधन कर समाज को अग्रसर करने, निर्धन परिवार को समाज की ओर लोन मुहैया कराने, राजनीतिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भूमिका निभाने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ाकर सम्मान करने पर बल दिया गया। प्रत्येक प्रखंड प्रभारी को पंचायतवार भूमिका एवं जिम्मेवारी सौंपी गई तथा अगली बैठक भद्रकाली परिसर इटखोरी में 3 जनवरी को आयोजित बैठक में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में बालेश्वर ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, सुबोध कुमार शर्मा, कालीचरण ठाकुर, किशन ठाकुर, पंसस जीतू ठाकुर, विजय शर्मा, मनोज ठाकुर, राजेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रूई धुनने की मशीन से व्यवसायी की कटी चार ऊंगलियां

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेन रोड भुरकुंडा स्थित झारखंड स्टोर कॉटन शॉप के प्रोपराइटर मो. सलाउद्दीन का रूई मशीन में हाथ चल जाने के कारण चार ऊंगली कट गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 11 बजे वे रूई मशीन में रूई धुनने का कार्य कर रहे थें। इसी दौरान उनका दाहिना हाथ मशीन में चला गया। जिसके कारण हाथ की चार उंगलियां पूरी तरह से कट गई। उनके मित्र प्रवीण राजगढ़िया, आतिफ अख्तर, अनिल कुमार आदि ने उन्हें तत्काल निजी नर्सिंग होम ले गये।

## अटल सेवा सम्मान पाना गर्व की बात : डॉ. नदीम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल कोयलांचल के चिकित्सक डॉ. नदीम अनवर को अटल सेवा सम्मान से नवाजा गया है। साहित्यक एवं सामाजिक मंच के तत्वावधान में रांची के डोरंडा में आयोजित भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह में डॉ. नदीम अनवर को इस उपाधिक से नवाजा गया है। समारोह में रिम्स के न्यूरो विभाग के एचओडी सह सर्जन डॉ. प्रो. सीबी सहाय, झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ट अधिवक्ता पीके लाला व मंच की नीतू सिन्हा ने डॉ. नदीम को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

## आइलेक्स पब्लिक स्कूल जीत का परचम दोहराया

### जैक एंड जिला स्कूल को पांच विकेट से हराया, अभिषेक कुमार बनें मैन ऑफ द मैच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट मैच के दौरान आईलेक्स पब्लिक स्कूल पंचमाधव ने जैक एंड जिला स्कूल हजारीबाग को 5 विकेटो से हराया। बताते चलें कि विगत 5 दिसंबर को लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत हुई हैं। जिसके अंतर्गत आईलेक्स पब्लिक स्कूल व जैक एंड जिला स्कूल हजारीबाग के बीच मैच खेला गया। आईलेक्स पब्लिक स्कूल की ओर से कप्तानी सावन सिंह ने किया। वही दूसरी ओर जैक एंड जिला स्कूल के कप्तान आशीष कुमार थे। जैक एंड जिला स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक एंड जिला की टीम ने महज 81 रन ही बना पाई। पूरी टीम 20 ओवर में ही सिमट गई। जिसमें आशीष कुमार ने 19 रन, अक्षय 17 रन बनाएं। जिसमें आईलेक्स की तरफ से अभिषेक कुमार ने 4 विकेट, नीतीश कुमार ने 3 विकेट, मुजाहिद ने दो विकेट लिया। वही शिवचंदन को 1 विकेट मिला। जवाबी पारी खेलने उतरी आईलेक्स पब्लिक स्कूल की टीम ने 5 विकेट खोकर 81 रनो का पीछा महज 16.2 ओवरों में ही कर लिया। जिसमें आशीष और सावन ने 19-19 रन बनाएं और सरवन राणा ने 12 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अभिषेक कुमार को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। स्कूल के खेलकूद प्रबंधक भूषण कुमार का भी योगदान काफी सराहनीय रहा। जिनके नेतृत्व में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। आइलेक्स पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर शैलेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उनकी जीत पर बधाई दी व भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए कहा कि आज की जीत को भविष्य में भी बनाए रखने की जरूरत है।



टूनार्मेंट में शामिल आइलेक्स स्कूल के खिलाड़ी

## खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में करूंगा सहयोग : विजय मुंडा

**बासल (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत के आम बगीचा फुटबल ग्राउंड में सोमवार को जूनियर फुटबॉल टुर्नामिंट का शुभारंभ हुआ। इसमें विभिन्न गांव की टीम शामिल हुई। उद्घाटन मैच बलकुदरा पुराना टोला बनाम मेलानी गांव के जूनियर टीम के बीच खेल गया। कांटे की टक्कर भरी इस मैच में निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। इसके बाद पेनाल्टी शूट में बलकुदरा पुराना टोला की टीम 1-0 से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। टुर्नामिंट को सफल बनाने में मैच के संचालक राहुल कुमार मुंडा, राजेश मुंडा, धर्मेंद्र मुंडा, सुमित मुंडा, राज करमाली, मोहित मुंडा आदि जुटे हैं।

## कांग्रेस नेता विनोद यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय कुमार से मिले


डॉ कुमार से बातचीत करते बिनोद यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले में स्थित बहरागोड़ा शहर में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय कुमार से जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने मिलकर उन्हें बरही आने का निमंत्रण दिया। डॉ कुमार से मिलने के उद्देश्य पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में श्री यादव मुस्कुराते हुए इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। जानकर सूत्रों के अनुसार डॉ कुमार के बरही आने के पश्चात कांग्रेस पार्टी बरही इकाई से संबंधित कई बड़ी बातें होने की संभावनाओं की अटकलें लगाई जा रही है।जिसमे पार्टी की मजबूती से लेकर बूथ मैनेजमेंट पर वातें की जायेगी।आगे उन्होंने कहा है कि अजय कुमार को मैंने बरही आने का न्योता दिया है, जिसे वह सहर्ष स्वीकार कर लिए है। जानकारी हो कि झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे डॉ अजय कुमार वर्तमान में तीन राज्य त्रिपुरा नागालैंड सिक्किम के प्रदेश प्रभारी हैं, डॉ कुमार कांग्रेस वर्किंग कमिटी (सीडब्लूसी) के बतौर सदस्य भी हैं। साथ ही कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे ने 45 सदस्य स्टीयरिंग कमिटी में भी डॉ कुमार को रखा है। उक्त जानकारी बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी है।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** देश की प्रसिद्ध संस्था पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के द्वारा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 44वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में जनता से संवाद एवं सामाजिक योगदान देने वाले देशभर के विभिन्न कंपनियों को सम्मानित किया गया। उन्हीं कंपनियों में से एक कंपनी हमारे जिले की एनटीपीसी पकरी बरवाडीह भी थी। कंपनी को सामाजिक उत्थान, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं जागरूकता अभियान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किए गया । हजारीबाग जिला और विशेष रूप से बड़कागांव प्रखंड में अनेक जागरूकता अभियान के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के कार्यों में लगी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं को 6 कैटेगरी में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें सबसे प्रमुख कंपनी को आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया वहीं निगम सामाजिक दायित्व के तहत महिलाओं के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए तृतीय एवं क्ळकके माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण दिए जा रहे अभियान के लिए भी कंपनी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा कंपनी को कॉरपोरेट फिल्म हिंदी कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार, कॉरपोरेट फिल्म इंग्लिश कैटेगरी में दूसरा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कारों से सम्मानित होने के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के अधिकारियों ने कहा कि अवार्ड मिलना हमारे लिए गर्व की बात है इससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है हम आगे भी सामाजिक उत्थान के कार्यों में लगे रहेंगे।


सम्मान प्राप्त करते सदस्यगण

# नगर आयुक्त से सड़क व नाली निर्माण की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** वार्ड संख्या 22 उतरी शिवपुरी के वासियों ने सोमवार को नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित को आवेदन देकर पीसीसी सड़क व नाली निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन में बताया कि हाल में ही वार्ड संख्या 20 व 21 में विभाग के द्वारा लाखों की लागत से नाली का निर्माण कराया गया था। लेकिन इन दोनों वार्डो के नालियों की निकासी वार्ड संख्या 22 में उतरी शिवपुरी काली मंदिर के पास मुहल्ले के मुख्य सड़क पर लाकर छोड़ दिया गया। इससे नाली का गंदा पानी लगतरबबहने से सड़क जर्जर हो चुका है। साथ ही पानी से काफी दुर्गंध आता है। इससे मुहल्लेवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ पूजा पाठ करने में भी काफी कठिनाई हो रही है। आवेदन में लिखा है कि जिस जगह पर दोनों नालियों की निकासी की गई है। वहां से प्रत्येक दिन सात-आठ ग्रामवासियों के आवागमन होता है। मौके पर विजयनन्द साव, गंगाधर सिंह, संजय ठाकुर, कृष्णा राम, विनय कुमार सिंह, राकेश रंजन, वीरेंद्र कुमार वीरू, सुनील यादव, सुनील कुमार, प्रफुल चन्द्र, राजा गिरी, विकास कुमार, नीरज कुमार, हीरा पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।


आवेदन देने पहुंचे वार्डवासी

## पुलिस अपराध एंव अपराधियों के लिए है: थाना प्रभारी

**रजरप्पा।** सोमवार को रजरप्पा थाना परिसर में नए थाना प्रभारी के आगमन को लेकर मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसको लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह व संचालन चितरपुर बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह ने किया। बैठक में मुख्य रुप से रामगढ़ जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी मौजूद थे। इस अवसर पर नए थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस अपराध एंव अपराधियों के लिए है। आम लोगों के लिए पुलिस प्रशासन भी आम इंसान है। कहा कि पुलिस आम लोगों के सहयोग के लिए हमेशा हमेशा तत्पर है। इधर, मौजूद जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं विभिन्न दलों के लोगों ने थाना प्रभारी से थाना क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं व वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया।

## एक करोड़ 44 लाख की लागत से बन रहा है स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन

**दारू।** स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो भवन परिसर में 1 करोड 44 लाख की लागत से बनने वाला भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस बारे में डॉक्टर प्रवीणनाथ ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र में पहले से इलाज व प्रसव आदि की सुबिधा मिल रही थी जिसे विस्तारित करते हुए अन्य इलाज की सुबिधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। विशेष प्रमंडल से हो रहे इस कार्य मे डॉक्टर और नर्स का कवाटर, पूरे परिसर की चारदीवारी, स्वास्थ्य केंद्र का भवन, सौचालय, एम्बुलेंस रखने का शेड,रंग रोगन आदि कार्य किया जाना है। इस कार्य के पूर्ण होने से लोगों को आपतकालीन सहित सभी तरह के इलाज की सुबिधा मिलने लगेगी।

### रेलवे रैक खाली कराने को लेकर कुजू रेलवे साइडिंग में दो कंपनी के कर्मचारियों के बीच हुई

# जमकर मारपीट व पत्थरबाजी, दर्जनों लोग हुए घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** कुजू रेलवे साइडिंग में शनिवार रात रेलवे रैक खाली कराने को लेकर साइडिंग के दो ठेका कंपनी कर्मचारियों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। दोनों ओर से जमकर लाठियां चलीं,पथराव हुआ। जिसमें दोनों ओर के दर्जनों लोग घायल हुए। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध जानलेवा हमला करने, मारपीट,छिनतई का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्राप्त आवेदन के आधार पर दोनों ओर से मामला दर्ज किया है। वहीं इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रामगढ़ ले गई है।

**क्या है मामला :** मामला रेलवे रैक खाली कराने का है। जिसमें शुद्ध रूप से वर्चस्व की लड़ाई है। एक गूट के आवेदक विनोद कुमार पिता रामप्रसाद साव, कुजू चौक निवासी ने कुजू ओपी पुलिस को दिए गए अपने आवेदन में कहा कि मैं नरसिम्हा आयरन स्टील कंपनी के काम को कानूनी रूप से देखभाल करता हूं।

25 दिसंबर की रात करीब 9 बजे किस्कू कंस्ट्रक्शन कंपनी के विनोद किस्कू हथियार से लैस अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ साइडिंग आए और कार्य को बाधित करने लगे। समझाने पर विनोद किस्कू, उनके सहयोगी गुलाम नबी, नरेश हांसदा,रामू किस्कू, दीपक किस्कू, रमेश किस्कू,सुनील किस्कू, राजकुमार,बालदेव मुर्मू, जगरनाथ मांझी, राजकुमार मांझी, निलेश राम सहित सैकड़ों समर्थकों द्वारा मारपीट गाली गलौज,पांच लाख रुपए रंगदारी मांगते हुए हमारी कंपनी के साइडिंग मैनेजर संजय मंडल के गले से 15 ग्राम के सोने का चैन, मुंशी प्रकाश कुमार के पाकेट से 10 हजार रुपए छिन लिया।

मारपीट की घटना में साइडिंग कर्मचारी नरेश प्रसाद,राजन ठाकुर, राहुल कुमार छवि कुमार, पंकज कुमार, लालू कुमार, अनिल कुमार घायल हुए हैं। आवेदन देते हुए पुलिस से जांच करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। वहीं दूसरे पक्ष के बालदेव मुर्मू पिता शत्रुधन मांझी,चिराटूंगरी,घाटो निवासी ने अपने आवेदन में कुजू पुलिस से कहा है कि मेरे मामा विनोद किस्कू का चिंतपूर्णी प्लांट में ट्रांसपोटिंग चलता है। 25 दिसंबर को रैक आया। जिसे खाली कराने के दौरान विनोद पहाड़ी 25-30 लोगों के साथ आकर भाग जाने की धमकी देने लगा। उसके साथ नरसिंह कुमार, नरेश कुमार, अमृत कुमार, विकास कुमार, राहुल कुमार, अर्जुन मेहता, संजय मंडल,राजन ठाकुर,बालो साव छवि भुइंया,बादल, अब्दुल सहित 20-30 लोग जान मारने की नीयत से रिवाल्वर लहराते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में नितेश करमाली, रामप्रसाद करमाली, राजकुमार मांझी,जगू करमाली, विनोद किस्कू के अंगरक्षक उत्तम कुमार सोरेन, अशोक शर्मा को गंभीर चोटें आईं। वहीं हमारी गाड़ी बोलेरो संख्या खळ 01एठ/ 1650 तथा बोलेरो संख्या खळ01एढ/ 1550 क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले को लेकर रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रेलवे पुलिस दल कुजू ओपी व साइडिंग में जाकर जानकारी ली।



रेलवे साइडिंग में जांच करते

# मामा को मौत के घाट उतारने वाले भांजे को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

## एसडीपीओ बसिया ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी, जमीन को लेकर ताना देने पर भांजे नक की थी मामा की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट पुलिस ने हत्या के आरोपी मलई गांव निवासी पवन उरांव को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त कुदाल अभियुक्त के निशानदेही पर बरामद किया है। सोमवार को पालकोट थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि हत्या के बाद मामले के उदभेदन के लिए एसआईटी टीम का गठन एसपी के निर्देश पर किया गया था। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना कांड में शामिल अभियुक्त पवन उरांव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। पवन उरांव ने बताया कि उसके



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी

पिताजी दो भाई थे। उसके बड़े पिता कपिल उरांव व मामा जोन्हा उरांव गांव में ही 2.50 एकड़ जमीन खरीदी थी। मेरे बड़े पिताजी के द्वारा अधिक पैसा लगाया गया था इसलिए उन्हें अधिक जमीन मिली थी। उक्त जमीन पर मैं और मेरा परिवार खेती बारी कर जीवन यापन करता था लेकिन मेरे मामा जोन्हा उरांव जमीन को लेकर हमेशा ताना मारा करता था। जिसे मेरे मन में घ्रीणा पैदा हो गई थी। 25 दिसंबर को मैं खाती बारी कर कुदाल लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान जोन्हा उरांव मलई गांव पुल के पास फिर से जमीन को लेकर ताना मारने लगा। जिसे आक्रोश में आकर कुदाल से मारकर उसकी हत्या कर दी। छापामारी अभियान में पुनि श्यामनंद मंडल, थाना प्रभारी अनिल लिंडा, पुअनि निरंजन कुमार सिंह व पुअनि राजेश कुमार शामिल थे।

# देश व राज्य की सेवा के लिए कई विद्यार्थी : प्रणव

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर घाघरा में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस सह पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के नवडीहा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस सह पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, विशिष्ट अतिथि थानेदार अमित कुमार चौधरी, कृपा प्रसाद सिंह, श्याम बिहारी शुक्ला, दीनबंधु सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय से पढ़कर निकले कई विद्यार्थी विद्यालय में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए दूर-दूर से पहुंचे और सामूहिक वन



सम्मेलन में शामिल अतिथि, सम्मेलन में उपस्थित पुरातन छात्र व अन्य

भोज का लुत्फ उठाया। मौके पर अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने कहा विद्यालय की इस पहल से पुरातन छात्रों को एक दूसरे से मिलने का मौका मिला। विद्यालय ने राज्य व देश को कई अधिकारी दिये हैं तो कई विद्यार्थी व्यवसाय व सामाजिक कार्यों में अपना परचम लहरा रहे हैं। थानेदार ने कहा विद्यालय में मिले अनुशासन व संस्कार आज भी पुरातन छात्रों में देखने को मिल रहा है। शिक्षक और छात्रों का रिश्ता जन्मो जन्मांतर तक रहता है। शिक्षक की इमानदारी पूर्वक मेहनत उनके द्वारा दिए गए संस्कार व शिक्षा के बदौलत ही विद्यार्थी अपने आपको समाज व देश सेवा में स्थापित कर पाते है। कृपा प्रसाद सिंह ने कहा शिक्षक व विद्यार्थी का रिश्ता अटूट होता है यह देखने को आज मिला। जितने भी पुरातन छात्र विद्यालय से पढ़कर सफलता हासिल करते हुए अपने अपने क्षेत्र में अपना व अपने विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पारसनाथ नंद, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य देवव्रत सिंह, जलेश्वर भगत, जयप्रकाश, रवि उरांव, उदय सिंह, संतोष मणि मिश्रा, शिवकुमार शौर्य, विनय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

**गुमला।** सदर एसडीओ रवि जैन, अंचलाधिकारी केके मुंडु, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी विनोद कुमार , नेहरू युवा केंद्र के अशोक कुमार एवं सड़क सुरक्षा विभाग के द्वारा गुमला शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बिना हेलमेट एवं ट्रिपल लोड सड़क पर चल रहे लोगों को गुलाब फुल देकर एवं माला पहना कर विभिन्न जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले में सड़क दुर्घटन, बिना हेलमेट और थोड़ी सी लापरवाही से होने की घटना दिसंबर माह में बहुत ज्यादा बढ़ गई है। दुर्घटना में कमी लाने के लिए गुमला जिला के चौक चौराहों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके। परिवार में अगर खुशहाली चाहिए तो हेलमेट आवश्यक तौर से इस्तेमाल करें।

## पिकनिक सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**गुमला।** आदिवासी सरना नवयुवक संघ गुमला के द्वारा पिकनिक सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन कुड़ुख भाषा एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान भवन बम्हनी गुमला के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से की गई। स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार मिंज ने देते हुए संविधान में आदिवासियों को प्रदत अधिकारों पर प्रकाश डाला और समाज के लोगों को एकजुट होने व आगे बढ़ने पर जोर दिया। मौके पर संघ के संरक्षक व झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी अनिल कुमार मिंज ने आदिवासी रीति रिवाज व संस्कृति को जानने समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि सामाजिक अवसरों में बच्चों को अवश्य शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज के कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। मौके पर मनिका बीडीओ विरेंद्र किंडो, किस्को प्रखंड के पूर्व बीडीओ अनिल कुमार मिंज, राज्य कर सहायक आयुक्त विनोद कुमार मिंज, मीणा उरांव प्रखंड प्रमुख सिसई, रामदासी भगत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# किसी प्रकार की दिक्कत हो तो सीधे मुझसे मिले: बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के कोंडरा पंचायत अंतर्गत मोकरा डोंगैतटोली गांव में बनवासी कल्याण आश्रम का वार्षिक स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें महलाओं व बहनों के द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। कलश में जल शंख नदी से उठाया गया। जिसके बाद जल को महादेव के चरणों मे अर्पित किया। कार्यक्रम



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि

में मुख्यातिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा एवम विशिष्ट अतिथि में बनवासी कल्याण केंद्र झारखंड प्रान्त के सचिव बिनीत कुमार लाल, भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजूर, प्रमुख ममता सोरेंग शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा ने ब्लॉक में चल रहे सभी योजनाओं का जानकारी दिया और कहा कि किन्ही को किसी भी प्रकार की दिक्कत हो सीधे आकर उनसे मिल सकते हैं। वनवासी कल्याण केन्द्र के प्रांत सचिव बिनीत कुमार लाल ने जनजातीय समुदाय के के धरोहर बचाने में वनवासी कल्याण केंद्र की अहम भूमिका रही है। श्री लाल ने मंदिर निर्माण कार्य में ग्यारह हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की। उसके बाद बनवासी कल्याण आश्रम के द्वारा जरूरत मंद ब्यक्तियों को कम्बल का बितरण किया गया।

# बालिका छात्रावास का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को के.ओ कॉलेज रोड में संचालित सुमति उरांव बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को छात्रावास की छात्राओं ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। छात्राओं ने उपायुक्त को बताया कि चहारदीवारी की ऊंचाई कम होने के कारण वह अपने को असुरक्षित महसूस करती है। छात्राओं ने बताया कि छात्रावास में वार्डन भी नहीं है जिसके कारण उनकी समस्याओं का समाधान तत्काल नहीं हो पाता है। कोई भी समस्या

## छात्राओं ने उपायुक्त को कराया समस्या से अवगत



छात्रावास की छात्राओं से जानकारी लेते उपायुक्त

होने पर उन्हें स्वयं आगे आगे आना पड़ता। समस्या सुनने के बाद उपायुक्त ने तत्काल विभागीय इंजीनियर को बुलाकर चहारदीवारी को उंचा करने और उस पर कंसेंट्रीना वायर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही भवन की मरम्मती करवाते हुए उसका रंग रोगन कराने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। वहीं छात्रावास परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने, किचन शेड का निर्माण करने, सोलर लाइट लगाने एवं क्षतिग्रस्त भवन को दुरुस्त करने आदि का निर्देश देते हुए छात्रावास की गेट की भी मरम्मत तत्काल कराने की बात कही। इसके अलावा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक बदलाव एवं समस्याओं को देखते हुए एस्टीमेट तैयार करते हुए उन्हें जल्द से जल्द देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अगले 6 माह के अंदर ही छात्रावास के मरम्मत एवं अन्य कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एसपी ने किया कामडारा थाना का औचक निरीक्षण

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव के द्वारा सोमवार को कामडारा थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित विभिन्न पंजियों का आवलोकन किया। आवलोकन के दौरान पाए गए त्रृटियों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही नव वर्ष के मद्देनजर कामडारा थाना अंतर्गत पिकनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। विभिन्न स्थानों में चल रहे रेलवे निमार्ण कार्यों का समीक्षा किया तथा सुरक्षा संबंधी बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# देश से नफरत मिटाने के लिए जरूरी है यात्रा: सुखैर

## भंडरा में भारत जोड़ों यात्रा का हुआ आयोजन



यात्रा में शामिल कांग्रेसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** जिला कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार भंडरा प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम ग्राम खवास खिजरी से ब्रह्माणडीहा, बड़ागाई, कुंडो, आदि गांवों का भ्रमण करते हुए कुंडो चौक में सभा कर समाप्त की गई। सभा को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा का उद्देश्य गांव को गांव से और एक समाज को दूसरे समाज से जोड़ना है। समाज में आपसी समन्वय स्थापित करना है। देश में बढ़ती बेरोजगारी, युवाओं के साथ हो रही धोखा, खाने पीने के सामानों में बढ़ती मंहगाई, तथा केंद्र सरकार द्वारा समाज में फैलाए जा रहे नफरती माहौल के खिलाफ गांव गांव में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन कर आम लोगों को इससे सावधान रहने की कहा कि यह देश सबका है और सभी के सहयोग से ही गांव और देश का विकास हो सकता है।

## विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस मनाया गया

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वीर बुधु भगत सभागार में वीर बलिदानी जोरावर सिंह और फतेह सिंह की जयंती वीर बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं इतिहास विषय के आचार्य गोरख पांडेय ने जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की बहने सृष्टि कुमारी, दिव्यांशी प्रिया आदि ने इस मौके पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। इस गरिमामय अवसर पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए गोरख पांडेय ने कहा कि सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह के दोनों छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने 9 वर्ष और 5 वर्ष की छोटी आयु में भी लोभ और भय से प्रभावित नहीं होते हुए देश और धर्म के लिए जो बलिदान दिया, वह आज की युवा पीढ़ी के लिए निश्चित ही प्रेरणादायी है। आप ही इस देश के भविष्य है। देशभक्त भैया - बहन ही भारत राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाएंगे।

# एक दिवसिय फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ आयोजन

## 27 वर्ष से लगातार आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रामीणों की रहती है भागीदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड के चाल्हो मैदान में स्व मंगल दास लकड़ा एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग जिला के कुल 16 टीम ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट में 8 टीमों को खस्सी, जर्सी व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। टूनार्मेंट में प्रत्येक मैच के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया, साथ ही टूनार्मेंट में वृद्ध के बीच कम्बल व अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। वही एकल रात्रि विद्यालय के बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री व शिक्षिका को शॉल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत मुखिया सुमन उरांव ने पुरस्कार देते हुए कहा कि चाल्हो के मैदान में वीते लगातार 27 वर्षों से क्रिसमस के दूसरे दिन टूनार्मेंट का आयोजन सेवानिवृत्त शिक्षक हरण लकड़ा के द्वार किया जाता है, और टूनार्मेंट



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि

के क्रम में कई ऐसे भी आयोजन होते हैं जिसके लिए खिलाड़ियों व क्षेत्रवासियों में एक अलग संदेश जाता है। आज के समय मे खिलाड़ी अपनी पहचान बनाने के लिए फुटबॉल को सबसे पहले चुनते हैं और इसका लाभ खिलाड़ियों को मिलता भी है। टूनार्मेंट के अध्यक्ष हरण लकड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है खिलाड़ियों को हर सम्भव मदद करते हुए खेल को बढ़ावा देना, उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया। टूनार्मेंट का संचालन जितेंद्र सुमन द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष हरण लकड़ा, बाल्मसि लकड़ा, रिजवान अंसारी, प्रताप साहू, पंकज साहू, नेल्सन लकड़ा,कुलदीप साहू, मनोज लकड़ा सहित ग्रामीणों का योगदान रहा। टूनार्मेंट में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार के लिए जोंजरो व गराडीह के बीच खेला गया। वहीं तृतीय स्थान पर पीएस कैरो व चतुर्थ स्थान में चरिमा की टीम रही वहीं कुल आठ टीमों को खस्सी व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एकल विद्यालय रात्रि पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## एक नजर में

### जूट के थैले का किया गया वितरण

**लोहरदगा।** प्लास्टिक हटाओ दुनिया बचाओ थीम के तहत सोमवार को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा के तत्वावधान में जूट बैग का वितरण आम जनों के बीच किया गया। स्थानीय बरवाटोली के समीप दूसरे दिन जूट के बैग वितरण किया गया। इस मौके पर आम जनों के बीच प्लास्टिक का प्रयोग न करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पर्यावरण विभाग के सहायक प्रबंधक अभय मित्तल ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि प्लास्टिक कई पीढ़ियों तक गलता नहीं। इसे खाकर मवेशी मर सकते हैं। हिंडालको संकल्प लेकर प्लास्टिक के स्थान पर जूट का बैग वितरण कर रही है और लोगों को जन जागरूक कर रही है। आपसे आग्रह है कि अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के बजाय जूट व कपड़े के बने थैले का प्रयोग करें। जिससे आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रदूषण का स्त्रोत न बनें। सीएसआर प्रमुख ने भी लोगों को प्लास्टिक के विकल्प जो पर्यावरण को क्षति न पहुंचाए, उन्हें अपनाने पर जोर दी। मौके पर सीएसआर विभाग के अभय भारती समेत कई मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ चढ़कर देखी गई।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन से तन-मन व वातावरण शुद्ध हो जाता है: आचार्य शरच्चन्द्र आर्य

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के तत्वावधान में आचार्य शरच्चन्द्र आर्य की अगुवाई में लोहरदगा सदर प्रखंड के बाघा नवाटोली ग्राम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन का आयोजन किया गया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण के साथ-साथ वृद्धजनों एवं असहाय ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर आचार्य शरच्चन्द्र आर्य ने कहा कि वेद हमारी सबसे प्राचीन ग्रंथ है। वेद मंत्रों के साथ हवन जिस क्षेत्र एवं प्रांगण में होता है और जो भी व्यक्ति शामिल होते हैं उनका तन-मन एवं वातावरण बिल्कुल स्वच्छ एवं शुद्ध हो जाता है। हवन में आहुति के साथ ही पर्यावरण, प्राणवायु भी स्वच्छ एवं शुद्ध हो जाता है। अतः समय समय पर वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा हवन अवश्य करें। इसके अलावा आर्य समाज आर्य वीर दल गुरुकुल शांति आश्रम के माध्यम से क्षेत्र में संस्कृति संस्कार चरित्र का निर्माण प्राचीन सभ्यता संस्कृति की अनुपम देन गुरुकुल व्यवस्था को बरकरार रखी है। साथ ही साथ समाज में सामाजिक अनुष्ठान भी करते रहती है। इसी के तहत आज जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। आने वाले समय में भी आप सबों के सहयोग से अन्य अनुष्ठान हम करेंगे।इस मौके पर वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, वरीय समाजसेवी लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, आर्य वीर दल के युवा प्रेरक संजय चंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।ग्रामीणों का सहयोग भी सराहनीय रहा। मौके पर 50 वृद्ध को लाभान्वित किया गया।

### विद्या मंदिर के सभागार में विद्वत गोष्ठी आयोजित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विद्वत परिषद की गोष्टी आयोजित हुई। विद्या भारती के चार आयाम में विद्वत परिषद भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। इस गोष्ठी में अटल बिहारी बाजपेयी एवं मदन मोहन मालवीय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। आगत अतिथियों का परिचय इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी ने कराया। विद्वत परिषद के संदर्भ में भूमिका विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने रखी। गोष्ठी में उपस्थित विद्वानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने बाल बलिदान दिवस पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया, साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी एवं मदन मोहन मालवीय के जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर लोहरा उरांव ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर अपना विचार व्यक्त किया। वनवासी कल्याण केंद्र के कृपा प्रसाद सिंह ने दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपना दृष्टिकोण रखा। प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल ने महामना मदन मोहन मालवीय के बारे में अपना विषय रखा। धन्यवाद ज्ञापन विद्या मंदिर के प्रभारी प्रधानाचार्य अमरकांत शुक्ला ने किया। मंच संचालन प्रीति गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अवधेश कुमार यादव, शिव शंकर सिंह, सभी आचार्य आचार्या एवं भैया -बहन उपस्थित थे।

### योग एवं आयुर्वेद की दी जा रही हैं विशेष प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा के तत्वावधान में 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन सोमवार को स्थानीय सुंदरी देवी शिशु मंदिर प्रांगण में प्रशिक्षक शिक्षकों को प्रशिक्षणार्थियों से अवगत कराया 12 आसन जिनमें मंडूकासन, गोमुखासन, पवनमुक्तासन, वज्रासन एवं परहेज की जानकारी दी गई। प्राणायाम करने की विधि विधान, किन किन परिस्थितियों में एवं कब करने हैं। उनके तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। जिनमें भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम, विलोम आदि प्राणायाम एवं ध्यान की बातें बताई गई।

### कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत की पुण्यतिथि मनी

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड के एड़ादोन गांव में सोमवार को कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत की पुण्यतिथि मनाई गई। शहीद के अंत्येष्टि स्थल में उनके परिजन, प्रतिनिधि व ग्रामीणों द्वारा पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया गया। सबसे पहले शहीद की पत्नी तारामनी भगत, मां सोमो भगताइन, मुखिया सुमित्रा उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत सहित अन्य लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया। जिसके बाद पूर्व विधायक कमलकिशोर भगत की पत्नी आजसू नेत्री नीरू शांति भगत द्वारा भी टाटी मोड़ स्थित विश्राम टाना भगत के प्रतिमा व पैतृक गांव एड़ादोन में श्रद्धाजंलि दिया गया।या उन्होंने कहा शहीदों को आजसू पार्टी कभी नहीं भूलेगी। पूर्व में कमलकिशोर भगत द्वारा जिस प्रकार के कार्य किए जा रहे थे। उसे बखूबी निभाने की बात नीरू शांति भगत ने कही। मौके पर देवा उरांव, सुरेश राम, बाबूलाल टाना भगत, विश्वनाथ टाना भगत सहित प्रतिनिधि व प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### आंदोलनकारी चंद्रमणि शाहदेव को किया गया याद

**भंडरा।** प्रखंड के कचमची मोड में झारखंड आंदोलनकारी चंद्रमणि नाथ शाहदेव के पुण्यतिथि पर आजसू नेत्री सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने प्रतिमा पर माल्यार्पण का श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर उन्होंने कहा की आजसू पार्टी हमेशा से राज्य निर्माण की लड़ाई लड़ी है।जिसमे पार्टी के कितने लोगो ने अपनी आहुति दी।इस अवसर पर लाल गुड्ड,अरविंद यादव,कलीम खान ,जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू,भंडरा प्रखंड अध्यक्ष अकाश कुमार, ददन कुमार आदि मौजूद थे।

### अवैध शराब को लेकर चलाया गया अभियान

**कुड़ू।** कुड़ू थाना क्षेत्र में अवैध महुवा शराब और अवैध विदेशी शराब की धड़ल्ले से बिक्री की सूचना पर उच्च अधिकारीयों के निर्देश पर इंस्पेक्टर मंटू कुमार और कूडू थाना प्रभारी सन्नी कुमार के नेतृत्व में कुडू थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव सहित होटलों व सड़क किनारे स्तिथ ढाबों में अवैध शराब की खरीद बिक्री रोक थाम के लिए रविवार रात्रि में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान होटलों और ढाबों में अवैध शराब की खोजबीन की गई। हालांकि छापामारी के दौरानकोई भी ढाबों में अवैध शराब नही पाया गया।इस मामले पर कुडू थाना प्रभारी ने बताया होटलों,ढाबों,सहित अन्य जगहों पर अवैध शराब की कारोबार की सूचना मिली थी।

### मछली पकड़ने के चक्कर में डूबकर हुई मौत

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो-भंडरा सीमाने पर स्थित नंदिनी डैम में सोमवार को मछली पकड़ने गए व्यक्ति की डूबकर मौत हो गई। जानकारी अनुसार कैरो थाना क्षेत्र के ख्वास अंबवा गांव निवासी स्वर्गीय दलुवा उरांव के पुत्र एतवा उरांव उम्र लगभग 58 वर्ष सुबह नंदिनी जलाशय में मछली मारने गया था।

स्पीड न्यूज



## गुहियापाल पहुंच खत्म हुई डॉ अजय की पदयात्रा

**जमशेदपुर।** सोमवार को बहरागोड़ा में डॉ अजय कुमार के नेतृत्व में सुबह 9:30 बजे से बिनापानी स्टेडियम राजलाबंद बहरागोड़ा से प्रारंभ हुआ। पदयात्रा फ्लाईओवर बाजार पतपुर में गगन चुम्भि नारों एवम ल सी डी ट्रक में संगीत संग होते हुए चौरंगी मोर मौदा से धीरे धीरे जनता की समस्या एवम रूबरू होते हुए बनकट्टा पथरी, गुहियापाल में समाप्त हुआ। इस दौरान डॉ अजय कुमार ने केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। अजय कुमार ने नुक्कड़ सभा कर लोगो से सँवाद कर जाना कि गांव की भोली-भाली जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, यहां तक की खाद्य आपूर्ति तक नहीं करवा पा रही वर्तमान केंद्र सरकार।स्वास्थ्य विभाग के एनआरएचएम से भी केंद्र सरकार गैर बीजेपी राज्यों को पैसे मुहैया नहीं करवा पा रही एवम पक्षपात नीतियां अपना रही है, जिससे जनता परेशान है। वर्तमान केन्द्र सरकार के जुमले में विकास को गांव में ढिबरी लेकर भी खोजने पर भी नहीं मिल रहा। यह भारत जोड़ो पद यात्रा मे 26 पंचायतों और 54 गांव मे किया गया जिसमे लगभग 110 किलोमीटर का सफर तय किया गया। पदयात्रा को जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर एवं अध्यक्ष ग्रामीण अमित राय ने भी संबोधित किया।

## इनरव्हील क्लब इस्ट ने टीबी मरीज की मदद की

**जमशेदपुर।** टीबी मरीजों की मदद क लिए कोई भी नागरिक, संस्था, अपनी मजबूत भागीदारी निभा सकते हैं। इसके लिए सरकार निक्षय मित्र बनने का मौका दे रही है। कोई भी नागरिक टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी सेवा कर सकता है। इनरव्हील क्लब जमशेदपुर इस्ट ने भी निक्षय मित्र योजना के तहत 3टीबी मरीजों को गोद लिया और उनके पूरे तरह से स्वस्थ होने तक सेवा करने का प्रण लिया, जिसके लिए उनके ठिक होने तक मरीजों को पौष्टिक आहार दिया जायगा। क्लब के तरफ से समय समय पर दवा, स्वास्थ्य जांच और जरूरत के समान पर भी ध्यान दिया जायेगा।

## विधायक सबिता महतो ने ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



चांडिल। प्रखंड के भुइयांडीह में तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। मेले के दूसरे दिन सोमवार को कमेटी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम छापाल छापाल डांस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सविता महतो ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है इसे बचाए रखने की जरूरत है। मौके पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, काबलु महतो, पूर्व जिप सदस्य ओम प्रकाश लायेक, बाहादुर लायेक, शंकर लायेक, बादल महतो, राजू मंडल, गणेश लायेक, राहुल वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आदित्यपुर में खुली बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा



**जमशेदपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र की आदित्यपुर शाखा का शुभारंभ दिनांक 26 दिसंबर 2022 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पटना क्षेत्रीय कार्यालय के जोनल मैनेजर श्रीहरि शंकर वत्स के द्वारा किया गया। यह शाखा टाटा कंद्रा मुख्य मार्ग पर आयड़ा ऑफिस के विपरीत लंकेश्वर कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर पर खोला गया है।

# बिष्टुपुर श्रीराम मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमदद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ कल से

➲ 28 दिसंबर को (बुधवार) 1100 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर मेन रोड़ श्रीराम मन्दिर में आगामी बुधवार 28 दिसम्बर 2022 से 5 जनवरी 2023 गुरूवार तक श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमदद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन होने जा रहा हैं। श्रीविद्या शक्तिसर्वस्वम चेन्नई के नेतृत्व में टाटानगर इकाई द्वारा जगतजननी भगवती श्रीमाता ललिताम्बा की महती कृपा और अलौकिक संयोग से लौहनगरी में दूसरी बार आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। सभी कार्यक्रमों का पावन सानिध्य परमपूज्य श्री विजय गुरुजी महाराज के सानिध्य में संपन होगा। 05 दिसम्बर गुरूवार को यज्ञ हवन की पूर्णाहुति के साथ ही महा भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

इस संबध में सोमवार को बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर परिसर में आयोजनकत्ताओं ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि 28 दिसम्बर बुधवार को प्रातः 8 बजे से बिष्टुपुर स्थित लक्ष्मी नारायण गोस्वामी परमहंस मंदिर से 1100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जो बिष्टुपुर रीगल चौक मुख्य मार्ग होते हुए बिस्टुपुर राम मंदिर में समापन होगी। इसी दिन संध्या 3 बजे अरवी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलित की जाएगी। दूसरे दिन 29 दिसम्बर गुरूवार से 04 जनवरी बुधवार तक रोजाना प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ हवन 37 जोड़ों द्वारा किया जायेगा। 701 आहुति के माध्यम से विधिवत रूप से 71 वैदिक विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ यज्ञाचार्य श्री नेमि चंद शास्त्री के देख रेख में सम्पन होगा।

**कथा रोजाना 4 बजे से :** 28 दिसम्बर से रोजाना संध्या 4 बजे से 7 बजे तक प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा परम पूज्य श्री विजय गुरूजी महाराज (चेन्नई) के मुखार बिन्द से होगी। कथा के उपरांत सभी भक्तो के बीच भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है।

**भजनों से होगा नववर्ष का स्वागत :** 31 दिसम्बर शनिवार की रात को विशेष आकर्षक के रूप में माता की चौकी रखी गयी है। इसमें वर्ष 2022 की विदाई एवं 2023 नववर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम से माता के श्री चरणों में किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भजनों की गंगा प्रवाहित करने हेतु शहर के भजन गायक के अलावा प्रख्यात भजन गायिका उमा लहरी (जयपुर) भजनों की अमृत वर्षा करेंगी।

**रोजाना शुरू में होगी गौ पूजा :** आयोजकों ने बताया कि यज्ञ एवं हवन हेतु 55 गुणा 55 (31 सो) 3100 स्क्वायर फीट की पूर्ण रूप से नए लोहे की शीट से यज्ञशाला निर्माण किया गया है। जिसमे अलग-अलग देवता के 16 स्तम्भ बनाये गए हैं। सनातन धर्म के अनुसार सभी स्तम्भ के अलग अलग महत्व है। इसके अलावा हवन के लिए 9 कुंड तैयार किये गए हैं। उन्होंने बताया कि हवन कुंड की परिक्रमा के भी अनेक फायदे होते हैं। इसलिए भक्तों की सुविधा के लिए परिक्रमा के लिए मात्र 10 रुनये में पूजन वस्तु उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही हर दिन पूजन का आरंभ गौ पूजा से होगी। इसलिए मंदिर परिसर में एक गौशाला भी बनाया गया है। जहां भक्त गौ सेवा कर सकेंगे।

कोलकाता के प्रसिद्ध कारीगर पूरे राम मंदिर एवं माता का श्रृंगार फूलों द्वारा भव्य एवं आकर्षक रूप से किया जायेगा। भंडारा एवं प्रसाद जोधपुर से आये 100 रसोइया द्वारा तैयार किया जायेगा। प्रचार वाहन द्वारा जमशेदपुर के आस पास के विभिन्न शहरों में घूम घूम कर इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। ज्योति पांडेय के द्वारा कथा स्थल पर 5000 लोगों के बैठने की व्यवस्था पूरा पक्का वाटर प्रूफ डॉम पंडाल का निर्माण किया गया है।





संवाददाता सम्मेलन में विवरणिका जारी करते अरुण बांकरेवाल, पवन अग्रवाल व सहयोगी साथीगण और यज्ञ के लिए बना विशाल हवन कुंड।

# गोपाल मैदान में 32वां फ्लावर शो 30 से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में 30 दिसंबर से टाटा स्टील और टाटा यूआईएसएल के सहयोग से हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर द्वारा आयोजित 32वें वार्षिक फ्लावर शो का गवाह बनने के लिए तैयार है। इस शो की थीम -हरियाली से खुशहाली हमारी जिम्मेदरी है। प्रकृति से निकटता के इन चार दिनों में होंगी 4, कार्यशालाएं, मनोरंजन शो, प्रतियोगिताएं और रंगों से भरपूर एक जन्नत।

32वें वार्षिक फ्लावर शो का उद्घाटन 30 दिसंबर को अपरान्ह 4.30 बजे कोल्हान के आयुक्त मनोज कुमार करेंगे। इस अवसर पर हॉर्टिक ल्चरल सोसायटी जमशेदपुर की चेयरपर्सन श्रीमती रुचि नरेंद्रन, प्रेसिडेंट श्रीमती सुमिता नुपूर और सेक्रेटरी अरविंद सिन्हा अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। शो के अगले दिन यानी 31 दिसंबर 2022 को सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के लिए सुबह 9:00- 9:30 पूर्वाह्न -पंजीकरण होगा। चित्रकला प्रतियोगिता 9:45- 11:45 पूर्वाह्न पुरस्कार वितरण - दोपहर 12:30 बजे से होगा। 31 दिसंबर को ही मौसमी फूलों और इंडोर प्लांट्स की खेती सेमिनार का आयोजन दिन के 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जायेगा जबकि दूसरा सेमिनार का विषय है : गुलाब की खेती और उसकी देखभाल जो 31 दिसंबर को ही दोपहर 2.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक होगा। शाम छह बजे से शाम सात बजे तक स्टेप स्कूल ऑफ डांस के कलाकार मनोरंजन कार्यक्रम पेश करेंगे।

1 जनवरी 11 पूर्वाह्न -12:30 अपराह्न को बालकनी और टैरेस गार्डनिंग विषय पर सेमिनार होगा जबकि इसी दिन दोपहर 2:30 - शाम 04:00 बजे से लैंडस्केपिंग और फ्लोरीकल्चर विषय पर सेमिनार होगा। शाम छह बजे से शाम 7.30 बजे से राजा डांस एकेडमी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया जायेगा। मेले का समापन सह पुरस्कार वितरण और समापन समारोह 2 जनवरी 2023 शाम 4:30 बजे गोपाल मैदान में आयोजित किया जायेगा जिसमें टाटा स्टील के सीइओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे।



फ्लावर शो-2022 के प्रतीक चिह्न के साथ बायें से प्रेसिडेंट श्रीमती सुमिता नुपूर, चेयर पर्सन श्रीमती रुचि नरेंद्रन और सेक्रेट्री व टाटा स्टील के सिक्योरिटी चीफ अरविंद सिन्हा।

### विशेष

- कैंपस मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता 30 दिसंबर से 2 जनवरी 2023 तक
- पुष्प प्रदर्शनी का समय उद्घाटन के दिन को छोड़कर हर दिन सुबह 9:00 बजे से रात 9:00 बजे तक हर
- आगंतुकों की सहायता और सहयोग के लिए स्वागत काउंटर पर हेल्पडेस्क उपलब्ध होगी। बुजुर्गों की सुविधा के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की जायेगी
- आयोजकों ने आगंतुकों के साथ-साथ प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे कोविड-19 सावधानियों के लिए सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन करें और हमेशा मास्क पहनें। आइये हम सुरक्षित रहें और इस फ्लावर शो का आनंद लें

## गांधी मैदान में पार्क और स्टेडियम निर्माण के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मानगो गांधी मैदान में बन रहे स्टेडियम और पार्क के निर्माण के विरोध में आज श्री श्री दुर्गा पूजा समिति गांधी मैदान मानगो के द्वारा मानगो नगर निगम कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया गया। आज के इस महाधरना कार्यक्रम को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी, साधु संतों के साथ आम जनों का सहयोग प्राप्त हुआ। श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी गांधी मैदान के मुख्य संरक्षक सह भाजपा व्यावसयिक प्रकोष्ठ के झारखण्ड प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने बताया कि सन 1964 से गांधी मैदान में दुर्गा पूजा का आयोजन होता आ रहा है जिसे कुछ हिंदू विरोधी ताकतों द्वारा साजिश रच कर इस पूजा को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। जिस निमित्त पूजा के स्थान पर पार्क और स्टेडियम का निर्माण करवाया जा रहा है। पार्क और स्टेडियम निर्माण से पूर्व ना तो केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति और ना ही श्री श्री दुर्गा पूजा समिति गांधी मैदान मांगों से किसी भी प्रकार की वार्ता की गई।

# हुजूर... नौकरी तो मिलने से रही हमारी जमीन ही वापस दिलवा दें

- सीएम हेमंत सोरेन के सामने रुआम के ग्राम प्रधान मनोरंजन महतो ने रखी मांग
- इंडियन रिजर्व बटालियन पासआउट जवानों के पारण परेड लेने आये थे सीएम
- सीएम ने डीसी को किया तलब, कहा- जियाडा की जमीन पर जल्द लगे उद्योग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर /जादूगोड़ा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुसाबनी दौर के क्रम में रुआम गांव के ग्राम प्रधान मनो रंजन महतो ने क्षेत्र के 57 रैयतों की 76 एकड़ भूमि जायडा के कब्जे से मुक्त कराने की मांग रखी व ज्ञापन सौपा। उन्होंने मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया तथा कहा कि एच सी एल कंपनी बंद होने के बाद कंपनी ने रैयतों की जमीन सरकार की सौप दी। बाद में जियाडा के अधिपत्य में आ गया व रैयतो की जमीन कौड़ी के भाव उद्योग लगाने के नाम पर जायडा ने पूंजीपतियों को सौप दी गई जिन्होंने अब तक कोई उद्योग नहीं लगाया है। ऐसे में रैयतों की जमीन के साथ साथ नौकरी भी चली गई। ग्राम प्रधान की बात को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने इस मामले में डीसी श्रीमती विजया जाधव को तलब कर कहा है कि उद्योगों के लिए आवंटित जमीन पर प्लांट जल्द से जल्द लगना चाहिए ताकि स्थानीय लोगों खासकर विस्थापितों को प्राथमिकता से रोजगार मिल सके। डीसी ने मुख्यमंत्री से कहा कि वे एक सप्ताह के भीतर संबंधित विभाग एवं उद्योगों की बैठक बुला कर आपके निर्देशानुसार कार्रवाई होगी।



हेलिपैड के पास डीसी से आवश्यक जानकारी लेते सीएम हेमंत सोरेन। साथ में हैं विधायक रामदास सोरेन,एसएसपी प्रभात कुमार व अन्य।

# अरका जैन यूनिवर्सिटी: वार्षिक खेल समारोह रनभूमि- 2022 का समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी का वार्षिक खेल समारोह रनभूमि-2022 का सोमवार को समापन हुआ, जिसमें इंजीनियरिंग एंड आईटी संकाय के छात्र सभी खेलों में अव्वल आये एवं ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया और कॉमर्स एंड मैनेजमेंट संकाय ने सभी खेलों में दूसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं ने इस बार के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर भाग लिया और कई अवाड्र्स अपने हवाले किया। बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो (डॉ) एसएस रजी एवं निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को अवाड्र्स और प्रमाण पत्र बांटे। कुलसचिव जसबीर सिंह धंजल, स्पोर्ट्स कॉउन्सिल के अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार पांडेय, निदेशक (परिसर) डॉ अंगद तिवारी, डॉ ज्योतिर्मय साहू, डॉ अश्विनी कुमार ने भी विजेताओं और उप-विजेताओं को अवाड्र्स दिये। समापन समारोह में अपना वक्तव्य रखते हुए निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा खेलना हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं।



विजेता टीम के साथ अरका जैन विवि के निदेशक अमित श्रीवास्तव व वरिष्ठ पदाधिकारीगण।

## हमारा संस्कार जीवन की सफलता का आकार तय करती है : पारसनाथ मिश्र

- हेमकुंड पब्लिक स्कूल में संस्कार वीक आरंभ
- अच्छे आचरण को अभ्यास से आत्मसात करेंगे बच्चे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हमारे संस्कार हमारे जीवन की सफलता का आकार तय करती है, हम जीवन में कितना सफल हो पाते है ये हमारी संस्कार और आदतों पर निर्भर करता है। उक्त बातें शिक्षाविद और राज्य परवेक्षण बोर्ड के सदस्य श्री पारस नाथ मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हेमकुंड पब्लिक स्कूल में कही। हेमकुंड पब्लिक स्कूल के निदेशक श्री पारस नाथ मिश्र ने संस्कार वीक में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आचरण, संस्कार व्यवहार सफलता का आधार है। विद्यार्थी जीवन में ही अच्छे संस्कार और आचरण जीवन में आत्मसात कर लेने चाहिए। पारस नाथ मिश्र ने कहा कि हेमकुंड पब्लिक स्कूल में प्रति माह एक सप्ताह संस्कार वीक मनाया जायेगा, जिसके तहत विद्यार्थी एक सप्ताह साथ आचरण का पालन करें जिसमे पहला आचरण सुबह उठ का माता पिता को प्रणाम, आदर पूर्वक जल देना, सूर्य नमस्कार के साथ साथ ईश्वर को सारी चीजों के लिए आभार व्यक्त करना शामिल हैं।



# कलयुग में मनुष्य अपने भावों को सत्संग के जरिए ही स्थिर रख सकता है : वृजनंदन शास्त्री

➲ मानगो वसुंधरा एस्टेट में भागवत कथा का पहला दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन सोमवार को वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने व्यास पीठ से व्यास नारद संवाद, पाण्डव चरित्र और शुकदेव आगमन की प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। कथा के दौरान प्रसंग के आधार पर कलाकारों ने लीवंत झांकी भी प्रस्तुत की। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलयुग में मनुष्य अपने भावों को सत्संग के जरिए ही स्थिर रख सकता है।

सत्संग के बिना विवेक उत्पन्न नहीं हो सकता और बिना सौभाग्य के सत्संग सुलभ नहीं हो सकता। श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों तक श्रवण करने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप धुल जाते हैं, मनुष्य अपने जीवन में सातों दिवस को किसी ने किसी देवता की पूजा अर्चना करता है, लेकिन मानव जीवन में आठवां दिवस परिवार के लिए होता है। कथा व्यास ने कहा कि विद्यावतां भागवते परीक्षा, अर्थात् विद्वानों की परीक्षा श्रीमद्भागवत में होती है। श्रीमद्भागवत आलौकिक ग्रंथ है जिसकी पारायण से लौकिक व पारलौकिक सिद्धियां प्राप्त होती है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से अनादिकाल के संचित पाप नष्ट हो जाते हैं। उससे निर्मल भक्ति प्राप्त कर ब्रह्म का सानिध्य प्राप्त करता है। महाराज जी ने जीवन में भजन, और भोजन में अंतर बताते हुए कहा कि भजन में कोई मात्रा नहीं होती, भजन करने से मानव का मन सीधा ही प्रभु से जुड़ जाता है।






कथा सुनाते वृजनंदन शास्त्री और कथा के दौरान श्रीकृष्ण-राधा झांकी।

## एक नजर में

### श्रद्धालुओं ने किया श्याम बाबा का अलौकिक दर्शन



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था श्री राधा रानी मंडली एवं श्री राजस्थान कल्याण परिषद (श्री अग्रसेन भवन साकची) द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन धुमधाम से साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। गुड़गांव हरियाणा से आये कथा वाचक शिव कुमार जालान ने अपने भावपूर्ण भजन एवं पाठ से सभी भक्तों को रिझाया। पाठ वाचक शिव कुमार जालान ने कथा से शिव आराधना, स्वागत बरात, भीम विवाह, कन्यादान, श्री श्याम जन्मोत्सव, बधाई गीत, शीश का दान के साथ ही श्री श्याम बाबा के स्वरूप का अलौकिक दर्शन भक्तों को कराया। खाटू श्याम की महिमा सुनकर श्रद्धालु आनंदित हो गये। अखंड ज्योति ज्योति पाठ प्रात: 10 .30 से आरंभ हुआ जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सामूहिक रूप से भाग लिया, जो शाम 8 बजे तक चला। दिन भर श्री श्याम भक्ति में रमा अग्रसेन भवन में श्रद्धालुओं ने खूब लगाया बाबा श्री श्याम का जयकारा।

### ताइक्वांडो एकेडमी एंड सोशल एक्शन की टीम घोषित



**जमशेदपुर।** 27 से 29 दिसंबर को कोलकाता स्थित विद्यालय में होने वाले राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता ताईकोफेस्ट में भाग लेने हेतु 44 खिलाड़ियों का चयन किया गया। टीम 27 तारीख को स्टील एक्सप्रेस ट्रेन से कोलकाता के लिए सुबह 6 बजे रवाना होगी। टीम के कोच दयाल सिंह मेहरा एवं महावीर सरदार रहेंगे। साथ ही जमशेदपुर से रेफरी के रूप में मौसमी गोराई एवं आयुष कुमार पांडे का चयन हुआ है। टीम के साथ झारखंड ताइक्वांडो एकेडमी एंड सोशल एक्शन के निदेशक रवि शंकर भी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में प्रियंका बांकिरा, खुशी कुमारी, सुहानी कुमारी, अकाशी पांडे, सुप्रिया पाल, आशमी रोहित, समृद्धि मिश्रा, मुस्कान झा, अस्मिता कौर, प्रेयशी पाल, पल्लवी माडी, सविता सेनेचा, कूंकल अर्चना, हो मेघा कचप, खुशी कच्चप, अंजना किस्को, नंदिता ठाकुर, डी लक्ष्मी तिउ, आयु गगराई, आरुषि, सौरभ हेंब्रम, विष्णु प्रधान, यस प्रधान, यस चांदा, हेमंत माली, धीरज हेंब्रम आदि। टीम 30 तारीख को सुबह 10 बजे वापस जमशेदपुर लौटेगी।

### सिदगोड़ा सिनेमा मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट आरंभ



**जमशेदपुर।** न्यू सिद्धगोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी के बैनर तले उपाध्यक्ष अनूप सिंह एवं महासचिव प्रदीप सिंह के संचालन में आज से सिद्धगोड़ा सिनेमा मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। जिसका प्रवेश शुल्क 3100 रुपये रखा गया है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी, आजसू के केंद्रीय महासचिव चंद्रगुप्त सिंह, आजसू के महानगर संयोजक समरेश सिंह, समाजसेवी जीतेंद्र उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप सिंह, प्रदीप सिंह, राजेश चौधरी, सुशांत चौधरी, चंदन सिंह, श्रीकांत सिंह, रौनक सिसोदिया, अनूप तिवारी, आदि का योगदान रहा। इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी और इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 50001 रुपये, उप-विजेता टीम को 35000 रुपये, तीसरे पायदान पे आने वाली टीम को 7500 और चौथे पायदान पर आने वाली टीम को भी 7500 रुपए पुरस्कार के रूप में दिए जायेंगे। हर मैच 8 ओवर का खेला जाएगा जिसमें की 2 ओवर पावर प्ले रहेगा और हर गेंदबाज 2 ओवर ही बॉल डाल सकेगा। फाइनल मैच 01 जनवरी 2023 को खेला जायेगा। फाइनल और सेमी फाइनल 10 ओवर का खेला जाएगा जिसमे की 3 ओवर पावर प्ले रहेगा और यहां भी हर गेदबाज 2 ओवर ही बॉल डाल सकेगा।

### नप के अधिकारी संग विधायक ने की बैठक



**जमशेदपुर।** क्षेत्र के विकास कार्यों और समस्याओं को लेकर विधायक मंगल कालिंदी लगातार गंभीर रहते हैं इसी कड़ी में सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और जो कार्य अधूरे हैं उन्हें जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ करवाने को कहा। क्षेत्र के लोगों ने कुछ समस्याएं विधायक को बताया था, जिसे उन्होंने विशेष पदाधिकारी को बताया और जल्द निष्पादन कराने की बात कही। इस विषय पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर वह समय-समय पर नगर परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक करते रहते हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने फिर बैठक कर चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और कुछ समस्याओं को भी विशेष पदाधिकारी को अवगत कराया।

### काले ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ ने जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए बिरसानगर जोन नंबर 3, हरि मंदिर, बिरसानगर जोन नंबर 7, दास पाड़ा, बिरसानगर जोन नंबर 1, बिरसानगर जोन नंबर 11, काली मंदिर, बिरसानगर जोन नंबर 5, बागुननगर, ईटा भट्ठा बस्ती, बारीडीह बस्ती, रावण दहन मैदान, बागुनहातू, भुइंया समाज, मुंडा समाज, उरांव समाज, हो समाज, स्लेग रोड़ सीतारामडेरा इत्यादि स्थानों पर कंबल सेवा किया गया। मौके पर हर-हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को समाज सेवा के कार्य में योगदान देना चाहिए। समाज हित में होने वाले कामों में आगे रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अपने क्षेत्र के सामाजिक विकास में हिस्सा जरूर बनें और जरूरतमंद इंसान की सहायता करें। समाज सेवा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

स्पीड न्यूज

### राजाराम मिश्र का निधन अपूरणीय क्षति



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रेड़मा स्थित सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आवास जाकर परिजनों से मुलाकात की। इनके पिता प्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित राजा राम मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया। सांसद ने उनके निधन को संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। मौके पर ईश्वरी पांडेय, दिलीप तिवारी, नवीन तिवारी, सूरज मिश्र, प्रियमवदा मिश्रा, पूजा मिश्रा उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



**नावा बाजार पलामू।** मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में नावा बाजार मंडल के सभी बूथों पर पीएम नरेंद्र मोदी के खास कार्यक्रम मन की बात सुनी। साथ ही पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 98वीं जयंती मनायी गयी। मौके पर मंडल अध्यक्ष महादेव यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई आदर्शों की राजनीति के साधक, प्रखर वक्ता थे। उनका नेतृत्व और दूरदृष्टि लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। मौके पर मुमताज खलीफा, गौरी शंकर सिंह, गुड्डू चंद्रवंशी के साथ अनेक भाजपा के लोग थे।

### देवरी ओपी क्षेत्र में अवैध शराब भट्टी ध्वस्त



**हुसैनाबाद।** पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा और एसडीओपी पूज्य प्रकाश के निर्देश पर देवरी ओपी पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम को गुप्त सूचना मिली देवरी गांव स्थित सोन नदी के तट पर व्यापक पैमाने पर अवैध महुआ शराब बनती है। सूचना मिलते ही देवरी ओपी प्रभारी दल बल के साथ सोन नदी तट पहुंचे। पुलिस को देख धंधेबाज भाग गये। पुलिस ने करीब 25 लीटर महुआ शराब व 1500 किलो जावा महुआ नष्ट किया। अभियान में देवरी एएसआई मिथिलेश यादव, नागेंद्र सिंह, मो इरफान अंसारी आदि उपस्थित थे।

### मृतक की पत्नी को मिली बीमा की राशि



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के पुरानी बस स्टैंड स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में सोमवार को पिपरा प्रखंड के मधुबाना की अनिता कुंवर को उसके पति की मृत्यु के बाद पीएम जीवन ज्योति बीमा राशि का भुगतान मिला। शाखा प्रबंधक नागेंद्र कुमार ने बताया कि अनीता के पति मंतोष रजवार ने बीमा कराया था। बैंक ने बीमा राशि के दो लाख रुपये मृतक की पत्नी के बचत खाते में जमा करा दिया है। मौके पर कैशियर सौरभ कुमार, ओमप्रकाश मिश्रा, सीआरपी अनिता कुमारी, शारदा अंजुम, सुभाष कुमार थे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में जन योजना अभियान 2022-23 के अंतर्गत संसाधन दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हुआ। उद्घाटन बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, बीपीएम संतोष कुमार व जिला प्रशिक्षक विनीता कुमारी ने किया। शिविर पंचायती राज विभाग ने लगाया था। शिविर में हमारा योजना हमारा विकास के बारे में लोगों को विस्तृत रूप से बताया गया। बीडीओ ने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षित लोग पंचायत स्तरीय स्थाई समिति के साथ बैठक कर योजना तैयार करेंगे। जिसका क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर होगा। मौके पर प्रभारी पंचायती राज प्रभारी मुकेश कुमार, मनरेगा सहायक अंकित राज, जिला प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार, सतीश तिवारी, मनोज चौबे, प्रखंड कर्मी, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, मनरेगा मेठ, पंचायत प्रतिनिधि व कई लोग मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जा रहा जागरूक



**मेदिनीनगर।** टीम चैलेंजर परिवार ने अपने नाम के अनुरूप काम करते हुए सड़क पर दिन प्रतिदिन बढ़ती दुर्घटना को रोकने के प्रयास को चैलेंज के रूप में लेते हुए शहर के विभिन्न चौक जैसे रेडमा चौक, कचहरी चौक, छह मुहान व सदीक चौक के साथ साथ छह मुहान से लेकर केचकी तक लोगों को सड़क सुरक्षा के नारे के साथ बैनर लगा कर जागरूक किया। ज्ञात हो कि चैलेंजर परिवार ने पहले भी सक्रियता दिखाते हुए विभिन्न पलामू के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंप शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उचित कदम उठाया था। चैलेंजर परिवार ने पलामू डीसी, एसपी, डीटीओ, मोटर यान निरीक्षक, ट्रैफिक प्रभारी शहर थाना मेदिनीनगर पलामू एवं एनएचएआई कार्यपालक अभियंता पलामू को ज्ञापन सौंप दुर्घटना नियंत्रण हेतु उचित कदम उठाया था। उपायुक्त ने कहा कि आप लोग हेलमेट के लिए लोगों को जागरूक करें।

### गंगा हास्पिटल में 61 मरीजों का ऑपरेशन



**मेदिनीनगर।** रेड़मा पांकी रोड स्थित गंगा हास्पिटल के शिविर में 61 मरीजों का निः शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। आपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुजीत कुमार ने किया। हॉस्पिटल के चेयरमैन संजीव तिवारी ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची पूजा है। गरीब असहायों की सेवा से मन को संतुष्टि मिलती है। पलामू के गरीब तबके के लोग भी बेहतर इलाज करा सके इसी उद्देश्य को लेकर गंगा हास्पिटल की स्थापना की गई है। ऑपरेशन के साथ मरीजों को निशुल्क खाना दवा एवं कंबल दिया गया। संजीव ने बताया कि वे अपने पिता स्वर्गीय कामेश्वर तिवारी के स्मृति में शिविर का आयोजन किया है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर रह रहे गरीब असहायों के बीच कंबल बांटा गया। मौके पर आर्क अरूणीश, पप्पु साहू, सुरज अग्रवाल, झामुमो नेता सुनील तिवारी, देवेंद्र तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# अंत्योदय-पीएम ग्राम सड़क योजना श्रद्धेय वाजपेयी की देन है: बीडी राम

- पलामू सांसद ने बभंडी में किया पथ निर्माण मरम्मत कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र पचलेवा पंचायत के करसो में गर्म जोशी व पुष्पवर्षा कर सांसद बीडी राम का स्वागत किया गया। आजादी के बाद पहले सांसद हैं जो इस गांव में पहुंचकर जनता की समस्या सुनी एवं उसे दूर करने का भरोसा दिया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उन्हें नमन किया। तत्पश्चात गरीब असहाय आदिम जनजाति के बीच कंबल बांट जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया।



**खास बातें :** साथ ही ग्रामीण जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को चैनपुर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 9 पर सुना। साथ ही सौगात के रूप में इस गांव के लिए बभंडी से पचलेवा 6.5 किमी एक करोड़ साठ लाख की लागत से पीएम ग्राम सड़क योजना से पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य है कि विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सुदूरवर्ती क्षेत्र के गरीब मजदूरों के लिए देश की महिलाओं को किरण विभिन्न प्रकार की योजना को चलाकर लाभ पहुंचाया जा रहा है। संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने किया। मौके पर जिला पार्षद प्रमोद सिंह, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, पथरा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अमलेश चौरसिया, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे थे।

# राष्ट्रीय मौर्य सेना के मिलन समारोह व वनभोज में शामिल हुए पांकी विधायक

- मौर्य समाज का रहा है गौरवशाली इतिहास : डॉ शशिभूषण
- वनभोज कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं में बढ़ता है एकता और समन्वय

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू राष्ट्रीय मौर्य सेना ने सिंगरा अमानत नदी तट पर मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता शामिल हुए। विधायक ने कहा कि मौर्य समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस वंश में अनेक सम्राट, संत और समाज सुधारक पैदा हुए जिन्होंने देश एवं विदेश में मानवता का संदेश दिया, जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाता है।



**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में प्रकाश मेहता, चंदन सिंह, मनंदीप मेहता, विरेन्द्र मेहता, वशिष्ठ सिंह, राकेश मेहता, प्रमोद मेहता, टीपी मेहता, सच्चिदानंद गुरुजी, राजन मेहता, पेंटर मेहता, अजीत मेहता, सुनील मेहता, शिव प्रकाश मेहता, नंदकिशोर मेहता, संजय मेहता, निरंजन मेहता, श्रीकांत सिंह, रुपेश मेहता, नागेंद्र मेहता, दिलीप मेहता, तिवारी जी, वीरेंद्र मेहता, दिवाली मेहता व समस्त समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

**विधायक ने टंडवा में सुनी समस्या : तरहसी पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के विधायक तरहसी प्रखंड अंतर्गत पंचायत नौगढ़ के ग्राम टंडवा का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निदान का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक से टंडवा से कसमार तक सड़क की समस्या से अवगत कराया।

## जिले में अवैध खनन को लेकर उपायुक्त ने की बड़ी कार्रवाई

# विभिन्न अंचलों में स्थित 11 खनन पट्टों को किया रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 खनन पट्टों को रद्द कर दिया है। इनमें जिले के पाटन, नौडीहा बाजार, सदर मेदिनीनगर, छतरपुर, चैनपुर, हरिहरगंज, अंचलों के पत्थर खदान शामिल हैं। इनके विरुद्ध उपायुक्त को शिकायत मिली थी जिसका संज्ञान लेकर स्थल जांच करायी गयी।



जानकारी देते पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे।

रद्द किये गये खननपट्टों के विरुद्ध अनियमितता, लंबे समय से लंबित राजस्व बकाए जैसी शिकायतें मिली थी। वहीं कुछ खनन लीजधारकों के विरुद्ध स्थानीय लोगों के द्वारा उपायुक्त से मिलकर भी शिकायत की गयी थी। ज्ञातव्य है कि बीते 9 नवंबर को मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में गढ़वा एवं पलामू जिले के संयुक्त पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया था।

# मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में पूरी कर ली गयी है व्यवस्था : अधीक्षक

- कोरोना के तीसरी लहर से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार
- जिला के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टूनेट मशीन लगायी गयी : सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** देश स्तर पर फैल रहे कोरोना संक्रमण के तीसरे लहार को देखते हुए पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग भी इससे निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस संबंध में मेदनीराय मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ दिलीप सिंह एवं सिविल सर्जन डॉ विजय सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता किया। अधीक्षक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में दो सौ बेड की तैयारी कर ली गई है। इसमें सौ बेड ऑक्सीजन युक्त एवं सौ सामान्य बेड है।



**खास बातें :** इसके साथ ही साथ ऑक्सीजन सिलेंडर की भी व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। यहां पर वेंटिलेटर कि 23 मशीन स्थापित किया गया है। सिविल सर्जन ने कहा कि कोरोना संक्रमण से लोगों को स्वयं ही सतर्कता बरतने की जरूरत है। बिना वजह भीड़ भाड़ एरिया में ना जाये। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर से निपटने के लिए पलामू जिला के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अनुमंडल स्तर के सभी अस्पताल में भी व्यवस्था पूरी कर ली गई है।उन्होंने कहा कि जिला के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टुनेट मशीन लगाया गया है। जिसमें सभी केंद्रों पर कोरोना की जांच की जायेगी। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एनटीजेन की व्यवस्था की गई है। जहां पर प्रतिदिन एक 11 हजार जांच की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले एवं दूसरे डोज की वैक्सिंग नहीं लिए हैं। वे लोग ले ले। स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध है जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से दो लाख और वैक्सीन की मांग की गई है। ताकि छूटे हुए लोगों को दिया जा सके। सिविल सर्जन ने कहा कि पलामू जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों पर थर्मोस्कीनर जांच किया जायेगा। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा पर भी सतर्कता बरतते हुए जांच की व्यवस्था की जायेगी। प्रेस वार्ता में डीपीएम दीपक कुमार मौजूद थे।

### रंगरोगन मामले में दोषियों पर हो कार्रवाई : रूद्र शुक्ला

**तरहसी पलामू।** रंगरोगन मामले लगातार सुर्खियों में रहने पर मंत्री प्रतिनिधि पांकी के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता रूद्र शुक्ला निरीक्षण करने बीआरसी पहुंचे। उन्होंने बीइइओ परमेश्वर साहू से बातचीत की। इस दौरान जवाब और संतोषजनक पाने के बाद श्री शुक्ला ने साफ लहजे में बीआरसी में चल रहे रंग रोगन के नाम पर भ्रष्टाचार को जल्द खत्म करने की बातें कहीं। बताया कि इस शिक्षा के पवित्र मंदिर को जो भी पदाधिकारी कलंकित कर रहे हैं उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। उन्हें चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर गये तातापानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** पूनम तिवारी एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बिश्रामपुर व पाटन शाखा के सभी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर स्कूल प्रबंधन द्वारा भेजा गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पर्यटन स्थल तातापानी सहित कई ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल पर ले जाया गया। छात्र-छात्राओं ने तातापानी के मुख्य केंद्र बिंदु प्राकृतिक रूप से स्वतः ही उबल रहे पानी से जुड़े धार्मिक एवं वैज्ञानिक मान्यताओं को जाना व समझा। इस पर्यटक स्थल पर बच्चों ने पिकनिक का भी लुत्फ उठाया।



इसके अलावा रामानुजगंज स्थित जैविक उद्यान एवं छोटे बड़े सभी पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को प्रकृति के बारे में नजदीक से समझने का मौका मिलता है। मौके पर स्कूल के सह-निदेशक पूनम तिवारी, प्राचार्य आरके सिंह, अभिषेक ठाकुर, निधि राय थे।

# समाज को जन और जानवर की रक्षा का संदेश प्रभु यीशु ने दिया : कौशल किशोर

- पर्यावरणविद ने किया प्रभु यीशु, तुलसी व अटल जयंती पर पौधारोपण
- मानव जीवन में तुलसी की सेवा और सेवन दोनों महत्वपूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के स्टेशन रोड स्थित शांति की रानी महा गिरजाघर में प्रभु यीशु के जन्मदिन पर क्रिसमस ट्री व मां तुलसी के जन्मदिन पर बाईपास रोड पर्यावरण भवन के ऊपरी तल अकाश बाग में तुलसी का और पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी के जन्मदिन पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पुलिस लाइन के सामने अमलताश व कदम का पौधा लगाकर पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की



शपथ दिलाते हुए लोगों को शुभकामना दी। पर्यावरणविद श्री जायसवाल ने कहा कि प्रभु यीशु ने मानव के साथ ही पशु -पक्षी से भी प्रेम किया करते थे। लेकिन आज परिस्थितियां बिल्कुल बदल सी गयी है।

### सक्सेस ब्राइट फ्यूचर स्कूल का हुआ उद्घाटन



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के तरीडीह पंचायत के बैराही में सक्सेस ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि अमरेश श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल की बहुत जरूरत है, ताकि इस क्षेत्र के बच्चों की बेहतरीन शिक्षा मिल सके। मौके पर पूर्व मुखिया प्रत्याशी राजू गुप्ता, समाजसेवी लक्ष्मण सिंह, स्कूल के निर्देशक गुड्डू पटेल, प्राचार्य सुमन कुमार, सुनील सिंह, बजरंगी प्रसाद के अलाव सभी छात्र छात्राओं मौजूद थे।

### पोंची में मनी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती



**सतबरवा पलामू।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, कुशल राजनीतिज्ञ व कवि अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्मदिन पोंची में मनाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि वाजपेयी कुशल शासक और स्वतंत्रता सेनानी भी थे। कई बार अंग्रेजों से लड़ाई में जेल भी गये थे। उन्होंने अपने शासन काल में परमाणु परीक्षण कर देश के लिए सुरक्षा दी थी। मौके पर अजय उरांव, प्रभात उपाध्याय, ललित भुइयां, राकेश भुइयां, विजय उरांव, गणेश उरांव, उमेश उरांव, नदकेश्वर भुइयां, कमलेश साव, अनुप ठाकुर, दिलीप पांडेय, चंदन भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।

# विकास के पथ पर अग्रसर है पांकी विस क्षेत्र: डॉ शशिभूषण

- पांकी विस क्षेत्रवासियों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों का शिलान्यास बहुत जल्द किया जायेगा। जिसमें पांकी बराज से लोहरसी होते हुए चाको नदी तक सड़क का विशेष मरम्मती एवं सुदृढ़ीकरण कार्य,पांकी प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड ग्राम हुरलौंग गोगाड़ तक सड़क का विशेष मरम्मती एवं सुदृढ़ीकरण कार्य,पांकी प्रखंड के ग्राम सगालिम से आसेहार चौक सड़क का विशेष मजबूतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य। पांकी प्रखंड के पांकी मेन रोड ग्राम सुरजवन, चंद्रपुर, सिवान होते हुए संकलदीपा तक सड़क का मरम्मती एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।

### ठंड लगने से अधेड़ की मौत

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत के लगुराही निवासी नरेश भुइयां (45) की मौत ठंड लगने से हो गयी। परिजनों के अनुसार मृतक बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा क्षेत्र में धनकटनी करने गया था। जहां ठंड लगने की शिकायत के बाद वह घर लौट गया था। रविवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ने से औरंगाबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गयी।

### प्रखंड प्रमुख ने किया पशु चिकित्सालय का निरीक्षण

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मात्र एक अनुसेवक विनोद सिंह ही मौजूद थे। इसपर वे काफी नाराज दिखे। बताया कि पूर्व में पशुपालकों द्वारा हमेशा शिकायत मिल रही थी कि डॉक्टर साहब कभी रहते ही नहीं हैं।

# किसान मित्रों ने बैठक कर किया धान अधिप्राप्ति में बोनस कटौती का विरोध

>> अंचल में है भ्रष्टाचार चरम पर : कृष्णा बैठा



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड भर के किसान मित्रों ने हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें किसानों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान सभी किसान मित्रों में पूर्ववर्ती रघुवर सरकार में धान अधिप्राप्ति योजना में किसानों को जो 110 रुपये प्रति किवंटल बोनस दिया जाता था वर्तमान सरकार के द्वारा उसे घटाकर सिर्फ 10 प्रति किवंटल दिया जा रहा है। वहीं सुखाड़ की मुवावजा की राशि 3500 रुपए बहुत ही कम है। इससे किसानों का भला नही हो सकता है। वहीं कृष्णा बैठा ने कहा कि अंचल में व्यापक स्तर पर भ्ष्टाचर्ार फैला हैं किसानों को जबरदस्त तरीके से शोषण किया जा रहा किसान अपनी काम को लेकर कार्यालय का चक्कर लगाते है लेकिन बिना घुस के कोई कार्य

### प्रशिक्षण से सहजकर्ता दल की बढ़ेगी दक्षता : बीडीओ



**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। ग्राम पंचायत से 2 वार्ड सदस्य, 2 जेएसएलपीएस के सदस्य, 1 जलसहिया, 1 स्वास्थ्य सहिया, 1 मनरेगा मेठ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके पूर्व पाटन बीडीओ मनोज तिवारी ने दीप प्रज्वलित करके प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से सहजकर्ता दल में दक्षता बढ़ेगी।

# योजना चयन में सड़क, पुल-पुलिया को हर हाल में प्राथमिकता: बीडीओ

- सबकी योजना, सबका विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा प्रखंड के सभागार कक्ष में सबकी योजना, सबका विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बीपीआरओ सुरेश ठाकुर मौजूद थे। मौके पर बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि विकास योजनाओं का चयन तीन स्तर पर होता है। पंचायत स्तर से छोटी-छोटी



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते बीडीओ।

योजनाओं का चयन करना है ताकि गांव की जो भी समस्याएं हो उसका समाधान हो सके। योजना चयन में सड़क, पुल-पुलिया को प्राथमिकता के आधार पर लेना है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के योजना तथा पीएम आवास व 15वें वित्त की योजनाओं का कार्य पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार होता है। मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम के द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में बीडीओ ने बताया कि छोटी योजनाओं का संचालन पंचायत से तथा बड़ी योजनाएं ब्लॉक और जिला स्तर से क्रियान्वयन होगा। ब्लॉक को-

**खास बातें :** प्रशिक्षण में मुखिया निरोतमा कुमारी, रिंकी यादव, ब्रह्मदेव सिंह, कलावती देवी, संतोष उरांव, पुष्पा देवी, मनीता देवी, अनीता तूरी के अलावे बीपीओ अमरेंद्र मेहता, एसबीएम आरती पासवान, जेएसएलपीएस के को-ऑर्डिनेटर, सोशल मोबिलाइजर, पंचायत सेवक संतोष तिवारी, सूर्यदेव विश्वकर्मा तथा पंचायत से दो-दो वार्ड सदस्य और बीआरपी के साथ जलसहिया, मनरेगा मेठ, स्वास्थ्य सहिया मौजूद थे। ग्रामीण विकास विभाग रांची के प्रशिक्षक ने जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया।

ऑर्डिनेटर रोशन रंजन पाठक ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि पंचायत के एक-एक भूमि पर मुखिया और तमाम चुने चुने हुए जनप्रतिनिधियों का हक होता है।

# सदर पुलिस ने छापेमारी कर किया अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना पुलिस ने सोमवार को सदर प्रखंड के सुआ समेत कई स्थानों पर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी का नेतृत्व सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह ने किया। पुलिस ने अवैध शराब के भट्ठी को ध्वस्त किया। साथ ही शराब बनाने के लिए रखा जावा महुआ को भी बर्बाद कर दिया। सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि महुआ के शराब अवैध ढंग से बनाकर बेचा जा रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। साथ ही 100 लीटर महुआ शराब नष्ट किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि सदर थाना क्षेत्र में किसी भी हालत में नशा पदार्थों की बिक्री नहीं करने दी जायेगी। कहा कि नशीला सामग्री की बिक्री करते पाये जाने पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। छापेमारी अभियान में एएसआई सुबोध कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।



स्पीड न्यूज

## योगेन्द्र ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड प्रबंध निदेशक को लिखा पत्र

**बेरमो/ललपनिया।** सोमवार को दर्जा प्राप्त माननीय राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड प्रबंध निदेशक को एक पत्र प्रेषित किया है ।जिसमें उन्होंने गोमिया प्रखण्ड के आईईल स्थित आवासबोर्ड के फेज.1 से फेज.4के आवासों में निवासित लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में कहा हैकि निवासित लोगों का परिवार यहां दशकों से निवास करते आ रहे हैं, आवास बोर्ड द्वारा समय समय पर आवास खाली करने का नोटिस भी दिया जाता है एवं विगत दो माह पूर्व 57 आवासों को खाली कराया गया हैए जिससे ये परिवार काफी भयभीत हो गए हैं। क्यों कि इनलोगों के पास रहने के लिए दूसरा कोई विकल्प ही नहीं है। माननीय मंत्री जी ने प्रबंध निदेशक को बताया है कि आवेदन साथ निवासित लोगों ने हस्ताक्षरकर आवास को मासिक किराया या क्रय के अधारपर लेने की सहमति भी दी है। पत्र के अंत में माननीय मंत्री श्री महतो ने उक्त आवासों में निवासित लोगों को मासिक किराया या क्रय के आधारपर आवास आवंटित करने की अनुशंसा की है।

## नियमित जांच अभियान के तहत सेक्टर चार में छापामारी

**बोकारो।** आज सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम.2003 की धारा 4 व 6एए 6बी व ई.सिगरेट तहत नियमित जांच अभियान थाना प्रभारी सेक्टर 4 अजय कुमार के निर्देश में जिला छापामारी दल के सदस्य मो० असलम व सेक्टर.4 छापामारी दल के द्वारा सेक्टर 4 सिटी सेन्टरए जय जवान पेट्रोल पम्प के पासए फिटजी कोचिंग सेन्टर के पास व लक्ष्मी मार्केट में छापामारी की गई जिसमें लगभग 38 दुकानों की जांच की गई। कुल 10 दुकानदारों व व्यक्तियों से कोटपा . 2003 की धारा 4ए 6 ए व 6बी के उल्लंघन की स्थिति में अर्थदण्ड के रूप में 2000 रुपये की वसूली की गई और छापामारी के दौरान ई.सिगरेट पर विशेष अभियान का ध्यान में रखते हुए सभी दुकानों में जांच की गई जिसमे एक भी दुकान पर ई.सिगरेट नहीं मिला। तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को सुझाव दिया गया कि किसी भी कोचिंग सेन्टर ६ स्कूल के 100 यार्ड के अंदर तम्बाकू का उत्पाद न बेचे।

## मनोज हाड़ी होंगे मेयर पद के प्रत्याशी

**धनबाद।** आगामी मेयर चुनाव में हाड़ी समाज ने अपने समाज से प्रत्याशी के तौर पर मनोज हाड़ी के नाम की घोषणा की। सोमवार को गाँधी सेवा सदन प्रांगण में राजू हाड़ी ने संवाददाता सम्मेलन में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया की हाड़ी समाज के लोगों के बीच राय-शुमारी के पश्चात सर्वसम्मती से मनोज हाड़ी को प्रत्याशी चुन लिया गया है। मेयर पद एससी के लिए आरक्षित करने के लिए राजू हाड़ी ने सरकार का भी धन्यवाद किया है।

## पिछरी में गरीबों के बीच कंबल वितरण

**बेरमो।** भाजपा किसान मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने सोमवार को बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिछरी उतरी पंचायत के जामटांड़ सहित कई जगहो मे सैकड़ों कंबल का वितरण कर गरीबों को ठंड से बचाने का प्रयास किया ।भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल है यह सरकार सिर्फ घोषणा की सरकार बन कर रह गए। सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है फिर भी गरीबों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए कंबल और डेंगू मच्छर से बचाने के लिए पर्याप्त मच्छरदानी वितरण नहीं कर सकी। कहा कि हेमंत सरकार स्वयं उलझन में पड़ी है तरह.तरह की उन पर जांच चल रही है जिसके कारण राज्य में विकास नहीं हो पा रहा है ।आने वाले समय में जनता इस सरकार को उखाड़ फेंके की और भाजपा को हाथों में पुनः सत्ता सौंपेगी तभी झारखंड में विकास की गति तेज होगी। कहा कि आज झारखंड में अपराध बढ़ गया है। कोई सुरक्षित नहीं है। पुनः भाजपा सत्ता में आएगी तो झारखंड में विकास करेगा।

## चासनाला खान दुर्घटना: 375 शहीद कर्मियों की 47वीं वर्षी आज

# पांच लाख गैलन पानी निगल गयी 375 कर्मियों की जिंदगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

### इधर हो रही थी बैठक, उधर मौत का मंजर

कामगारों को बचाने के लिए सेफ्टी ऑपरेशन को लेकर लगातार मीटिंग होने लगी। ऐसा कोई उपाय नहीं लग सूझ रहा था कि पानी भरी खदान में फंसे कामगारों को बाहर कैसे निकाला जाये। उनसे संपर्क का भी कोई साधन नहीं था । बनखंडी मिश्र आगे बताते हैं कि उस रोज प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चंडीगढ़ में कांग्रेस के अधिवेशन में भाग ले रही थी। ।बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ जगन्नाथ मिश्र, देश के खान मंत्री चंद्रदीप यादव, श्रम मंत्री के. रघुनाथ रेड्डी भी वहीं थे। इन सबको हादसे की सूचना भेजी गयी ।खबर पूरे देश में आग की तरह फैल गयी ।इधर कोलियरी के बाहर हजारों लोगों की भीड़ थी। इनमें उन श्रमिकों के परिजन भी थे, जो उस वक्त खदान के भीतर ड्यूटी के लिए गये थे। तत्कालीन उपायुक्त लक्ष्मण शुक्ला और एसपी टीपी सिन्हा सहित अन्य अफसरों ने बड़ी मशक्कत से हालात संभाला। पूरे कोयलांचल में वह रात बेहद बेचैनी में गुजरी.। कोयला कंपनियों के कार्यालयों और खान सुरक्षा महानिदेशालय फोन की घंटियां लगातार घनघनाती रहीं। दूसरे-तीसरे दिन भी वहां राहत का कोई काम शुरू नहीं हो सका और इधर प्रबंधन ने उन 375 लोगों की सूची जारी की, जो खदान में फंसे थे।

**झरिया।** 46 वर्ष पूर्व 27 दिसम्बर 1975 की भयावह दिन प्रथम पाली में कार्यरत कर्मियों का निगल गयी 375 जिंदगी । आह, चित्कार से क ई दिनों तक गुंजता रहा चासनाला के क्षेत्र ।काफी मश्कत के बाद शव का रेस्क्यू कर निकाला गया ।यह अब तक का एशिया का सबसे बडा वभयावह खान हादसा। इस तारीख ने धनबाद कोयलांचल को ऐसा जख्म दियाजो 4 6वर्ष बीत जाने के बाद भी जख्म ताजा है। जिसकी टीस यहां के बाशिंदे आज भी महसूस करते है। बतातेहै कि1975की यही वो तारीख थी, जब यहां की चासनाला कोयला खदान में एक साथ 375कामगारों की जिदंगीयां हमेशा के लिए दफन हो गयी । इस हादसे की 47वीं बरसी पर चासनाला कोयला खदान के प्रवेश द्वार के पास मृतकों की याद में स्थापित स्मारक पर जुटे सैकड़ों लोगों ने फूल चढ़ाते। इस खान दुर्घटना पर फिल्म कोयला आधारित बना।

### अधिकारी और नेताओं का लगा था जमघट

कार्यालय में मौजूद कुछ लोगों से पता चला कि कोलियरी के पिट नंबर एक और दो में कुछ हो गया है और सारे अधिकारी वहीं गये हैं. डेढ़-दो घंटे बाद पुलिस, जिला प्रशासन और कोयला कंपनी से जुड़े तमाम बड़े अफसर और ट्रेड यूनियनों के नेता वहां पहुंच गये थे। सबकी जुबान पर एक ही सवाल था । हादसा कैसे हुआ और खदान में कितने लोग फंसे है।

### विदेशी तकनीकी से 23 दिन बाद पानी की निकासी

घटना के 23 दिनों के बाद रूस और पोलैंड से आयी मशीनों के जरिए खदान से पानी निकालने का काम शुरू हुआ। रूस से कई दक्ष इंजीनियर आये थे, जिनकी निगरानी में यह काम शुरू हुआ. दुर्घटना होने के छब्बीस दिन बाद पहला शव बरामद किया गया था।

### प्रबंधन का उपाय बौना साबित हुआ

आनन-फानन में मंगाये गये पानी निकालने वाले पम्प छोटे पड़ गये, कलकत्ता स्थित विभिन्न प्राइवेट कंपनियों से संपर्क साधा गया, तब तक काफी समय बीत गया. फंसे लोगों को निकाला नहीं जा सका. दिन पर दिन गुजरते गये. खदान में फंसे लोगों में किसी के जीवित होने की आस हर रोज धूमिल होती गयी। अंततः बाद में उनका मृत शरीर ही खदान से बाहर निकाला जा सका।

### चासनाला की घटना याद कर दहल उठता है दिल

धनबाद के वरिष्ठ पत्रकार 88वर्षीय बनखंडी मिश्र उन लोगों में शुमार है, जिन्होंने इस हादसे के बाद का मंजर अपनी आंखों से देखा है. वह बताते हैं कि चासनाला खान हादसा देश ही नहीं एशिया का अब तक का सबसे भयावह खान हादसा है. मिश्र खुद उन दिनों खान सुरक्षा महानिदेशालय में पब्लिकेशन डिविजन में अधिकारी के रूप में पदस्थापित थे ।वह बताते हैं कि उन दिनों इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं । देश में उस वक्त इमरजेंसी रूल लागू थी । जैसे खबर मिली कि चासनाला में कोई दुर्घटना हुई है. मैं खुद उस वक्त डीजीएमएस ऑफिस में कार्यरत था ।तत्कालीन महानिदेशक एस. एस. प्रसाद के साथ अपराह्न लगभग तीन बजे चासनाला पहुंचा।

## बीएसएल ऑफिसर्स एसो. का 45वां वर्षगांठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने एसोसिएशन के 45 वी वर्षगांठ एक दूसरे को बधाई देते हुए बड़े धूमधाम से मनाया। अधिकारीगण एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते नजर आए ।श्री सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें बीएसओए भवन के शीघ्र निर्माणए पीआरपीए मोबाइल के लिए भुगतानए नाइट शिफ्टए बिजलीए सड़क का निर्माणए मेडिकल सुविधाए सुरक्षा इत्यादि विषयों पर शीघ्र सकारात्मक समाधान के प्रति आश्वस्त किया। वीएस नारायणए संदीप बोरालए रांचक कुमार पांडेय ने सदस्यों का रजिस्ट्रेशन किया ।ईडी फाइनेंस सुरेश रंगानी और ईडी एम एम अमिताभ श्रीवास्तव ने सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर एसोसिएशन के महासचिव मंतोष कुमारए कोषाध्यक्ष वीएस नारायणएउपाध्यक्ष मनोज कुमारए बिजेंद्र रामए रघुबर प्रसादए संदीप बोरालए बिनोद विश्वकर्माए एससी महतोए रंचक पांडे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सेल चासनाला से स्कूल बस बंद होने पर विरोध प्रदर्शन

**पाथरडीह।** सेल चासनाला प्रबंधन द्वारा स्कूल बस सेवा बंद करने के खिलाफ क्रन्तिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को स्थानीय लोगों ने काटा घर के समीप सड़क जाम कर आंदोलन कर प्रबंधन के खिलाफ जम कर नारे बाजी व प्रदर्सन किया । जिससे रॉ कोल परिवहन पूरी तरह ठप हो गई वाहनों की लम्बी कतार लगी हुई हैं ।

प्रबंधन पर लगाया अनदेखी का आरोपः इस दौरान मोर्चा के वक्ताओ ने कहा की प्रबंधन मनमानी करने पर तुली हुई हैं स्कूल बस सेवा 12 दिसंबर 22 से बंद कर दिया गया हैं जब की अप्रैल माह 22 से मार्च 23 तक का फीस अभिवावक के द्वारा जमा किया जा चूका हैं इसके बावजूद सेल प्रबंधन मनमानी करने पर अड़ी हुई हैं जिससे अभिवावक में काफी रोस ब्याप्त हैं । बच्चों को बहुत हीं कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं कहा की अगर प्रबंधन इस मामले में जल्द हीं कोई निर्णय नहीं लें पायी तो मोर्चा जोरदार आंदोलन जरने को बाध्य होंगी ।

## बोकारो: न्याय सदन में एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश.सह.अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकारए बोकारो कुमारी रंजना अस्थाना के निदेर्शानुसार न्याय सदन बोकारो में एचआइवी ध एड्स के बारे में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनएसीओ की मास्टर ट्रेनर ममता देवी ने उपस्थित पारा लीगल वालंटियर एवं कर्मचारियों को इस संबंध में जानकारी देते हुए इसके विभिन्न पहलुओं को विस्तार पूर्वक बताया ।उन्होंने कहा कि यह रोग असुरक्षित यौन संबंधए संक्रमित खून के सम्पर्क से एवं एक ही सिरिंज का बार बार उपयोग करने आदि से होता है। एआरटी थेरेपी से इसका दुष्प्रभाव काफी कम किया जा सकता है एवं सही इलाज होने पर व्यक्ति अपना साधारण जीवन व्यतीत कर सकता है ।श्रीमती ममता ने इस रोग के लक्षण उपचार एवं निदान के बारे में बताते हुए कहा कि चिकित्सक द्वारा इसके उपचार से इनकार करने पर एड्स अधिनियम 2017 के अन्तर्गत कारवाई हेतु आवेदन भी कर सकते है ।मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव निभा रंजना लकड़ाए पीएलवी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकर के कर्मचारीगण आदि लोग उपस्थित रहे।

## इमरजेंसी केयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बोकारो।** बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस विभाग के एचआरडी हॉल में विशेष काम्पैक्ट प्राथमिक चिकित्सा और इमरजेंसी केयर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीजीएम ;ब्लास्ट फर्नेसद्ध एम पी सिंहए एडिशनल चीफ मेडिकल ऑफिसर एवं प्रभारी डॉ आर कुमार, जीएम सुवोजित रॉयए डीजीएम ;ओएचएसद्धसुधीर भानुए ओएचएस की नर्सिंग सिस्टर श्रीमती एस राय आदि मौजूद थे।

## दस सूत्री मांगों को लेकर धरना

केंदुआ। बीसीसीएल कुसुंडा एरिया ५ के अंतर्गत अलकुसा में सनचसलित यूसीसी (इंफा) आउटसोर्सिंग कम्पनी कैम्प के समक्ष जनता मजदूर संघ (कुंती गुट)के बैनर तले दस सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया ।इस धरना की अध्यक्षता गोपाल रवानी एवं मंच संचालन सुरेन्द्र सिंह ने किया ।वही मुख्य रूप से अलकुसा शाखा उपाध्यक्ष नवीन पंडित ने धरना को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह जो आउटसोर्सिंग परियोजना,कोल डम्प अलकुसा एवं कोल परिवहन कम्पनी मेसर्स हिन्दुस्तान ट्रेंड ओवरसीज प्रा०ली० से प्रभावित स्थानीय विस्थापित एवं बेरोजगारों को नजरअंदाज कर रही है।

## बालवीर दिवस: शहादत के लिए उम्र नहीं देखी जाती: सुनील

### सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में बालवीर दिवस का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** सोमवार को अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में बालवीर बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनआईटी दुर्गापुर के छात्र एवं छात्रा भी उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शहादत के लिए उम्र नहीं देखी जाती। उन्होंने कहा गुरु गोविंद सिंह , जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राणों को उत्सर्ग कर दिया, साथ ही साथ उनके चारों पुत्रों ने भी अपनी शहादत देकर भारत माता को धन्य कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत भूमि सदा से वीर पुत्रों की भूमि रही है जिस पर भारत माता नाज करती है। उन्होंने यह बताया कि विद्या भारती वर्ष 2022 से 26 दिसंबर को बालवीर दिवस के रूप में आयोजित कर रही है। अपने उद्बोधन में विद्यालय के उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने कहा कि अमर बलिदानी फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह जिसे मुगल अत्याचारी शासकों ने सरहिंद के किले में चुनवा दिया, वह चुनारगढ़ वह पवित्र भूमि है जिसे प्रत्येक भारतीय नमन करते हैं। कार्यक्रम के संचालक आचार्य श्री राजीव कुमार सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों-अजीत सिंह, जुझार सिंह, फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह ऐसे वीर पुत्र थे जिनको पाकर भारत माता धन्य हो गई। अतः सभी भारतीयों को उनके महान शहादत को याद रखना चाहिए। कार्यक्रम की इसी कड़ी में विद्यालय की बहन कोमल कुमारी-कक्षा नवम 'अ' साक्षी तिवारी, नवम'अ' अर्श वत्स'नवम'अ'एवं बहन प्राची कुमारी'एकादश'अ' ने भी अपने उद्बोधन में गुरु पुत्रों को भारत माता का अमर पुत्र बताया और प्रत्येक छात्र -छात्राओं से उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

## बीसीसीएल सीएमडी ने किया एक्सिस बैंक का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** सोमवार को बूचन पांडे कंपलेक्स, जे.सी. मल्लिक रोड हीरापुर में एक्सिस बैंक की ब्रांच का उद्घाटन बीसीसीएल सीएमडी सिमरन दत्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। बीसीसीएल सीएमडी ने कहा किसी भी बैंक की ग्राहकों के प्रति सेवा सक्रियता लोगों एवं शहर की आर्थिक तरक्की के साथ जुड़ा हुआ होता है। इस क्षेत्र में जो एक्सिस बैंक खुला है इससे साफ जाहिर होता है की इस क्षेत्र में बैंक और ग्राहक दोनों का व्यापार में वृद्धि होगा। फल स्वरुप लोगो का व्यवसाय बैंक की अच्छी सर्विस से और ग्राहक के बैंक के साथ सामंजस्य से व्यापार और विकास वृद्धि होना तय माना जाता है। आवासीय क्षेत्र में इस एक्सिस ब्रांच के खुलने से से यहां के लोग काफी लाभान्वित होंगे। एक्सिस बैंक के साथ सीएल और बीसीसीएल का बहुत अच्छा कनेक्शन रह चुका है कोविड-19 के बुरे वक्त में जब हम खराब स्थिति में थे तब अन्य बैंकों के अलावा इस बैंक से भी हमने लोन लिया था ।फल स्वरुप हमें बहुत मदद मिली थी। अभी भी सीएल और बीसीसीएल का जो सिस्टम चल रहा है डायरेक्ट पेमेंट विद बैंक और वगैरह बैंकिंग कार्यों में एक्सिस बैंक जुड़े हुए हैं सीएल और बीसीसीएल के साथ अच्छा लेन देन तालमेल है। मैं आशा करता हूं की एक्सेस बैंक इस ब्रांच के जरिए पूरे शहर में अच्छा बैंकिंग सर्विस प्रोवाइड करेगी जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी।

### सीनियर सिटीजन के लिए है लॉकर की सुविधा

एक्सिस बैंक प्रबंधन ने बताया एक्सिस बैंक का एफडी रेट बहुत बढ़िया और संतोषजनक है। सीनियर सिटीजन के लिए विशेष सर्विस तथा लॉकर की भी सुविधा उपलब्ध है। एक्सिस बैंक की ओपनिंग समारोह में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल वार्ड नंबर 25 के पूर्व पार्षद प्रियरंजन एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड अमित रिटोलिया, एक्सिस बैंक ब्रांच मैनेजर संदीप सिन्हा, ऑपरेशन हेड स्वाति मिश्राअसिस्टेंट मैनेजर विवेक कुमार वर्मा डेप्युटी मैनेजर नीरज कारण बीएसएम करण सिंह समेत सैकड़ों अतिथि एवं ग्राहक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### वाजपेयी जयंती पर किया कंबल वितरण



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर में मनीष कुमार पांडेय की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती समारोह में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। समारोह का संचालन चंदन कुमार व धन्यवाद ज्ञापन नरेश कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित योगेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि भारतरत्न से सम्मानित व करोड़ों दिलों के हृदय सम्राट श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा कर्तव्यनिष्ठा से किए राष्ट्र सेवा के कार्य प्रेरणा स्रोत हैं जिसका अनुकरण हम सभी कार्यकताओं को करना चाहिए ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एके वर्माए ललन कुमार निषादए रामसुमेर सिंहए नीरज कुमारए मनीष कुमारए राजेश कुमारए सुजीत कुमार सहित कई महिलाएं और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गुरुद्वारा सिंदरी में वीर बाल दिवस मनाया गया

**सिन्दरी।** गुरुद्वारा सिन्दरी में लायंस क्लब ऑफ सिन्दरी के द्वारा वीर बाल दिवस सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर मदर टेरेसा स्कूल के लगभग सौ बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने धर्म बलिदान एवं शांति और सेवा को बच्चों को बताया गया। सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के परिवार के द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया और राष्ट्र निर्माण में बच्चों के भागीदारी पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद गुरुद्वारा के बाबा जी द्वारा अरदास और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब सिन्दरी अध्यक्ष माशूक अहमद, प्रशांत पाण्डेय, दिलीप रिटोलिया, विकास राय, प्रेम सिंह टग्गर, हरविंदर सिंह, मदर टेरेसा स्कूल सिन्दरी प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद सहित एक सौ स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

## पेज एक का शेष

### विदेश से आ ...

बिहार में 4 विदेशी कोरोना पॉजिटिव : बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के कार्यक्रम में शामिल होने गया आये 4 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। ये सभी लोग भारत के नहीं हैं बल्कि विदेशी यात्री हैं। इन यात्रियों की गया एयरपोर्ट पर कोरोना जांच की गयी थी। इनमें तीन लोग बैंकॉक के और एक कोविड पॉजिटिव म्यांमार के बताए जा रहे हैं। ये सभी गया एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद कोरोना जांच पॉजेटिव पाये गये।

**पूर्वी सिंहभूम में फिर मिला एक कोरोना पॉजिटिव :** रांची। झारखंड में कोरोना का कहर थम गया था लेकिन 25 दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम में एक महीने बाद कोरोना का नया मरीज आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ गयी है। हालांकि ओमीक्रोन के नए वैरिएंट के आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पहले से अलर्ट है और लगातार टेस्टिंग जारी है। इसके अलावा सभी डीसी और सिविल सर्जन को पत्र लिखकर तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, जिससे किसी भी स्थिति से निपटा जा सके।

### बदल रहे हैं ...

उन्होने कहा कि कांस्टेबल ट्रेनिंग सेंटर, मुसाबनी को जीवंत बनाये रखने की कार्य योजना अधिकारी तैयार करें।

इसमें प्रशिक्षण के साथ अन्य क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल किए जाने की संभावनाओं को तलाशें। ताकि इसे देश के बेहतरीन प्रशिक्षण केंद्र के रूप में शामिल किया जा सके। इस अवसर पर विधायक राम दास सोरेन, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजीपी नीरज सिन्हा, डीजीपी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता, आईजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे, आईजी ऑपरेशन अमोल विणुकान्त होमकर आदि उपस्थित थे।

### टाटा स्टील को ...

टाटा स्टील वर्ष 2025 तक 25% विविध कार्यबल के लक्ष्य को प्राप्त करने की आकांक्षा रखती है, जिससे एक विविध और समावेशी कार्य वातावरण बनाने तथा बनाए रखने के सिद्धांत का सृजन होता है जो प्रत्येक व्यक्ति को कार्यस्थल पर अपने आपको सबसे प्रामाणिक के रूप में प्रोत्साहित करता है ।यह प्रतिष्ठित सम्मान एक वैश्विक नियोक्ता के रूप में टाटा स्टील के प्रयासों को अपनी स्थिति को बनाये रखने का सम्मान प्रदान करता है जो विविध कौशल सेट, निरंतर नवाचार, सस्टेनेबल विकास और जीवन की बेहतर गुणवत्ता को विकसित और आत्मसात कर रहा है। ग्रेट प्लेस टू वर्क अपने अग्रणी मानव संसाधन कार्यक्रमों खासकर सकारात्मक कार्रवाई, जनजातीय समुदायों के कल्याण, एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय आदि की जरूरतों के लिए संवेदन होने के साथ लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी के लगातार प्रयासों को स्वीकारोक्ति देता है।

### गुरु गोविंद के...

पीएम ने शबद कीरतन के बाद अपने संबोधन में कहा, एक ओर मजहबी उन्माद और दूसरी ओर सब में ईश्वर देखने वाली उदारता। इस सबके बीच एक ओर लाखों की फौज और दूसरी ओर अकेले होकर भी निडर वीर साहिबजादे। यह साहिबजादे किसी से डरे और झुके नहीं हैं। भारत के वो वीर बालक मौत से भी नहीं घबराये। यही युवाओं का सामर्थ्य होता है। आज भारत की युवा पीढ़ी भी इसी संकल्प के साथ देश को नयी ऊंचाई पर ले जाने के लिए निकल पड़ी है। इसलिए वीर बाल दिवस की भूमिका और अहम हो गयी है। भारत की भावी पीढ़ी कैसी होगी, यह इस बात भी निर्भर करता है कि वह किससे प्रेरणा ले रही है। हमारे लिए प्रेरणा के सभी स्रोत इसी धरती पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत में प्रह्लाद, ध्रुव, नचिकेता जैसे बाल नायकों की परंपरा का देश हैं। बाल राम के पराक्रम को भी हम देखते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह देश आज भी महाराणा प्रताप और वीर शिवाजी के पराक्रम को याद करता है। उन्होंने कहा कि ये नायक ही भविष्य के भारत की प्रेरणा हैं। वीर बाल दिवस हमें याद दिलाएगा कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय आयु मायने नहीं रखती। यह याद दिलाएगा कि दस गुरुओं का योगदान क्या है।

### रामगढ़ विधायक ममता ...

कानून के अनुसार, यदि किसी जनप्रतिनिधि को कम से कम दो साल के कारावास की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। ऐसे जनप्रतिनिधि चुनाव लड़ने से अयोग्य हो जाते हैं। कानून कहता है कि इस तरह की सजा उसकी रिहाई के बाद से छह साल की अवधि के लिए अयोग्य बनी रहेगी।

**यह था मामला :** विशेष रूप से अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश - 4 पवन कुमार की अदालत ने स्थानीय फायरब्रांड नेता राजीव जायसवाल के साथ अंतर्देशीय बिजली संयंत्र फायरिंग मामले में उसे दोषी ठहराया था। उन्हें आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 332, 326 और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था।

इस कारण हुई थी सजा : अगस्त 2016 में गोला में पावर प्लांट कंपनी के मुख्य गेट पर ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी जिसमें चार लोग मारे गए थे। तत्कालीन बीडीओ दिनेश प्रसाद सूरी की शिकायत पर ममता और जायसवाल सहित कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वह दूसरी विधायक हैं जिन्हें एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित किया गया था। अप्रैल में मंदार के विधायक बंधु तिर्की, जो बाद में कांग्रेस में चले गए, को अयोग्य घोषित कर दिया गया। क्योंकि प्रभात कुमार शर्मा की एक विशेष सीबीआई अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में तीन साल के सश्रम कारावास और तीन लाख रुपये के जुमानें की सजा सुनाई।

## स्पीड न्यूज

### वित्त मंत्री सीतारमण एम्स में भर्ती

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राइवेट वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वित्त मंत्री को नियमित जांच के लिए भर्ती कराया गया है।

### कश्मीर में 15 किलो का आइइडी बरामद

**जम्मू।** उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों ने करीब 15 किलो की एक इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) बरामद करके एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आइइडी के साथ एक कोडेड शीट, 300-400 ग्राम आरडीएक्स वाले पांच डेटोनेटर और 7.62 एमएम के सात कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

### अब्दुल्ला यामीन को 11 साल की कैद

**माले।** मालदीव पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को हवाला और रिश्वत के एक मामले में स्थानीय अदालत ने 11 साल कैद की सजा के साथ 5 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। आपराधिक अदालत ने यामीन को एक सरकारी द्वीप को लीज देने के एवज में धन लेने का दोषी पाया।

### हिमाचल प्रदेश में भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किये गये। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक प्रदेश में सोमवार प्रात: 10:58 बजे भूकंप के झटके लगे। भूकंप का केंद्र कांगड़ा जिला में जमीन से पांच किलोमीटर नीचे रहा।

### यूक्रेनी ने वाराणसी में लगायी फांसी

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के नारदघाट स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहरे यूक्रेन के नागरिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह घटना की जानकारी गेस्ट हाउस के कर्मियों को हुई, तो हड़कंप मच गया। पुलिस को छानबीन में कमरे से नशीली दवाएं और सीरिंज मिली हैं।

### पाकिस्तान में लहराया तालिबानी झंडा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने वजीरिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में तालिबानी झंडा लहराकर सरकार को चुनौती दी है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हमले की आशंका से हाई अलर्ट जारी किया गया है। अमेरिका ने भी अपने नागरिकों को वहां जाने से बचने की सलाह दी है।

### बंगाल में वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन 30 को

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का सफर 30 दिसंबर से शुरू होगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सोमवार की सुबह हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए ट्रेन का ट्रायल रन पूरा कर लिया गया है।

# पोस्टमार्टम स्टाफ में शामिल एक शख्स ने किया दावा, सुशांत ने आत्महत्या नहीं की थी, हत्या हुई थी

एजेंसी

**मुंबई।** टेलीविजन कलाकार तुनिषा शर्मा के सुसाइड मामले के बीच दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सुशांत के पोस्टमार्टम स्टाफ में शामिल एक शख्स ने पुरजोर दावा किया है कि उन्होंने ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि उनकी हत्या हुई थी। इस सनसनीखेज खुलासे का दावा करने वाले इस शख्स ने बताया है कि सुशांत सिंह के पोस्टमार्टम के दौरान वह ऑटोप्सी रूम में ही मौजूद था। वह वहां की सभी प्रक्रियाओं में शामिल था। गौरतलब है कि 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई वाले घर में फांसी के फंदे से लटके मिले थे। मुंबई के कूपर अस्पताल में उनका पोस्टमार्टम हुआ था।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, रूपकुमार नामक इस शख्स ने दावा किया है कि जब सुशांत सिंह राजपूत की मौत हुई थी, तो उस वक्त मुंबई के कूपर हॉस्पिटल में पांच शव पोस्टमार्टम के लिए आये थे। इनमें से एक वीआइपी डेड बॉडी भी थी। रूपकुमार के मुताबिक, जब वह पोस्टमार्टम रूम में गये, तो उन्होंने देखा कि सुशांत सिंह राजपूत की डेड बॉडी वहां थी और उनके शरीर और गर्दन पर कई निशान थे। उन्होंने यह भी खुलास किया कि पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी नहीं हुई थी। केवल तस्वीरें लेने के ही आदेश दिये गये थे, जिसका पालन किया गया था।



रूपकुमार ने आगे बताया, मैंने जैसे ही पोस्टमार्टम रूम में सुशांत की डेड बॉडी देखी, तो मैं देखते ही समझ गया था और सीनियर्स को बताया था कि यह सुसाइड नहीं... मर्डर है। मैंने उन्हें नियम के मुताबिक चलने के लिए भी कहा था, लेकिन मेरे सीनियर्स ने जल्दी से तस्वीरें खींचकर और पुलिस को बॉडी सौंपने को कहा था, जिसके कारण सुशांत का पोस्टमार्टम रात में ही करना पड़ा। अब इस केस में रूपकुमार ने कितना सच बोला है और कितना झूठ, यह तो वक्त ही बतायेगा। लेकिन, रूपकुमार की बातों में जरा भी सच्चाई निकली तो बॉलीवुड के लिए यह खतरे की घंटी साबित हो सकती है, क्योंकि आज भी सुशांत के फैंस उनकी मौत की वजह जानने के इंतजार में हैं। सुशांत सिंह राजपूत को लेकर 14 जून 2020 की दोपहर खबर आयी थी कि उन्होंने अपने मुंबई स्थित घर में फांसी लगाकर जान दे दी है। बांद्रा वाले अपार्टमेंट में सुशांत की बॉडी पंखे से लटकी हुई मिली थी। इस केस की शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या करार दिया गया था। मामले ने तब तूल पकड़ा जब सुशांत के पिता केके सिंह ने पटना में एक एफआइआर में यह शिकायत दर्ज कराई कि उनके बेटे ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उनकी हत्या हुई है। इस शिकायत में सुशांत की पूर्व गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती पर आरोप लगा था। इसके बाद सुशांत की रहस्यमयी मौत का मामला पटना से मुंबई होते हुए प्रवर्तन निदेशालय (इडी), नारकोटिक्स ब्यूरो और फिर सीबीआइ तक पहुंच गया। सुशांत के केस की फाइल आज भी सीबीआइ के पास पड़ी है, जिसका अभी तक कोई खुलासा नहीं किया गया है।

# देश में इंफोडेमिक रोकें : मंडाविया

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टरों और आइएमए प्रतिनिधियों से बातचीत में किया आग्रह

### कहा, कोविड के संबंध में केवल सत्यापित जानकारी साझा करें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने सोमवार को डॉक्टरों और आइएमए के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। मंत्री ने उनसे आशंकाओं को दूर करने और एक इंफोडेमिक को रोकने के लिए सटीक जानकारी प्रदान करके कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आग्रह किया।




मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने आज देशभर के लगभग 100 डॉक्टरों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के सदस्यों के साथ वर्चुअल बातचीत की। उन्होंने वर्चुअल बातचीत में कहा कि हालांकि अलर्ट पर रहना और मास्क पहनने सहित कोविड के लिए उपयुक्त व्यवहार का पालन करना महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि किसी इंफोडेमिक को रोका जाये और केवल कोविड-19 पर प्रामाणिक और सत्यापित जानकारी साझा की जाये। मंडाविया ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कोविड की रोकथाम और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा करता रहा है। उन्होंने सभी से केवल सत्यापित जानकारी साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉक्टर इस लड़ाई में समर्पित होकर काम करना जारी रखेंगे, जैसा कि अब तक करते आ रहे हैं। कल प्रस्तावित मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ मंडाविया ने जोर देकर कहा कि इस महामारी के प्रबंधन के अपने पिछले अनुभव के आधार पर हम कई अभ्यास कर रहे हैं, ऐसी ही एक मॉक ड्रिल कल देश भर में होगी। इस तरह के अभ्यास हमारी परिचालन तत्परता में मदद करेंगे। इसके परिणामस्वरूप हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया मजबूत होगी।

### कोरोना से चीन में हालत खराब

**नयी दिल्ली।** चीन पर कोरोना कहर बनकर टूटा है। अस्पतालों के बाहर मरीजों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वहीं, शमशान घाटों में भी वेटिंग चल रही है। सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में चीन की हालत खस्ता होती दिख रही है। उधर, राष्ट्रपति शी जिनपिंग पहली बार कुछ बोले हैं। उन्होंने अफसरों से अपील की है कि किसी भी तरह लोगों को मौत के मुंह में जाने से बचाएं।

# प्रचंड फिर बने नेपाल के पीएम भारत और चीन ने दी बधाई



एजेंसी

**काठमांडू।** नाटकीय राजनीतिक घटनाक्रम के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे कम्युनिस्ट नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सोमवार को नेपाल के 44वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। भारत व चीन ने प्रचंड के नये दायित्व संभालने पर बधाई दी है।

नेपाल के संसदीय चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद भी नेपाली कांग्रेस संसदीय दल के नेता शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री नहीं बन सके हैं। उनके साथ गठबंधन बनाकर चुनाव लड़े कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेता पुष्प कमल दहल ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। उन्होंने 275 सदस्यों के सदन में 165 सदस्यों का समर्थन जुटा कर अपनी नयी सरकार के लिए भारी बहुमत का इंतजाम भी कर लिया है। इसमें सीपीएन-यूएमएल के 78, सीपीएन-एमसी के 32, आरएसपी के 20, आरपीपी के 14, जेएसपी के 12, जनमत के 6 और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के 3 सदस्य शामिल हैं। बहुमत का जुगाड़ होने के बाद सोमवार को नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने प्रचंड को नेपाल के 44वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिला दी है।

तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने प्रचंड को भारत और चीन ने बधाई दी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर पुष्प कमल दहल प्रचंड को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि भारत और नेपाल के बीच अद्वितीय संबंध लोगों के बीच गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव और गर्मजोशी पर आधारित हैं। उन्होंने इस दोस्ती को और मजबूत बनाने के लिए प्रचंड के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद जाहिर की है। काठमांडू स्थित चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने भी प्रचंड की प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के तुरंत बाद ट्वीट कर उन्हें चीन की ओर से बधाई दी।

# अमेरिका में बफीर्ले तूफान का कहर, अब तक 38 की मौत



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बफीर्ले तूफान का कहर लोगों पर मुसीबत बनकर टूटा है। देश के बीस करोड़ से ज्यादा लोग इस बफीर्ले तूफान की चपेट में आ गये हैं। अब तक 30 की मौत हो चुकी है। कई शहरों की बिजली गुल है और तापमान शून्य से 42 डिग्री नीचे तक पहुंचने से सड़कों पर बर्फ जम गयी है। एयरपोर्ट के रनवे पर बर्फ जमने से पिछले चार दिन में 12 हजार फ्लाइट्स निरस्त हो चुकी हैं।

अमेरिका में आये बफीर्ले तूफान से 50 में से 48 राज्यों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक इस समय अमेरिका की 60 प्रतिशत आबादी यानी बीस

### पूरा उत्तर भारत ठंड की चपेट में

**नयी दिल्ली।** पूरा उत्तर भारत इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। पहाड़ हों या मैदान, हर जगह लोग ठिठुरते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग (आइएमडी) ने मैदानी इलाकों के लिए अगले दो दिनों तक शीतलहर की भविष्यवाणी जारी की है। दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 13-14 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 5-6 डिग्री के आसपास बना हुआ है। यह सामान्य से लगभग 2-3 डिग्री कम माना जा रहा है। बिहार भी ठंड की चपेट में है। पंजाब और हरियाणा में मौसम विभाग ने अगले 2-3 दिनों तक शीत लहर जारी रहने की संभावना जतायी है। राजस्थान का माउंट आबू सूबे में सबसे ज्यादा ठंडा रहा।

# धर्म की वजह से तुनिषा से तोड़ा रिलेशन : शीजान

एजेंसी

**मुंबई।** टीवी कलाकार तुनिषा शर्मा (20) की संदिग्ध हालात में मौत होने के मामले में लगातार नये खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में गिरफ्तार तुनिषा के बॉयफ्रेंड जीशान ने पुलिस की पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों का मुताबिक, शीजान मोहम्मद खान ने कबूल किया है कि वह और तुनिषा एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। शीजान खान ने पूछताछ में बताया कि दोनों अलग-अलग धर्म से संबंध रखते थे और उनकी उम्र में भी बड़ा अंतर था। इसी वजह से उसने तुनिषा शर्मा से ब्रेकअप किया था। शीजान ने यह भी बताया है कि सुसाइड करने से कुछ दिनों पहले भी तुनिषा ने खुद को खत्म करने की कोशिश की थी। उसने बताया कि इस बारे में उसने तुनिषा की मां को भी बताया था। हालांकि तुनिषा शर्मा के परिवार के लोग शीजान के इस बयान पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं। उनका कहना है कि शीजान केस से बचने के लिए उम्र और धर्म की दुहाई दे रहा है।

### आफताब का वॉयस सैंपल रिकॉर्ड किया गया

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड मामले में सोमवार को सीबीआइ की सीएफएसएल टीम ने आफताब की आवाज का नमूना लिया। इससे पहले 23 दिसंबर को साकेत कोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस ने आवाज का नमूना लेने की अनुमति मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने आफताब की न्यायिक हिरासत 6 जनवरी तक बढ़ा दी थी। अब आफताब 6 जनवरी तक पुलिस हिरासत में रहेगा।

# भारत ने फिलीपींस नेवी को शुरू की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने फिलीपींस नेवी के मरीन कॉर्प्स (पीएनएमसी) को ब्रह्मोस तटीय-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति शुरू कर दी है। 290 किमी. की सीमा के साथ यह दक्षिण चीन सागर में विवादित समुद्री क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को कवर करने के लिए पर्याप्त है। फिलीपींस नेवी ने भारत से 374 मिलियन डॉलर में ब्रह्मोस की तीन बैटरियां खरीदी हैं। भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला फिलीपींस पहला देश है। इसके बाद वियतनाम, मिस्र और ओमान सहित कई देशों ने ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद में बहुत रुचि दिखायी है। फिलीपींस को सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति करने के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने पिछले साल 28 जनवरी को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह भारत के साथ सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। दोनों देशों ने 3 मार्च, 2020 को प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये थे। उस समय फिलीपींस के पास ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए पर्याप्त बजट नहीं था, इसलिए यह सौदा अंतिम रूप नहीं ले सका था। फिलीपींस के बजट प्रबंधन विभाग ने 29 दिसंबर, 2021 को दो विशेष आवंटन रिलीज ऑर्डर जारी किए जिसमें एक 190 करोड़ रुपये और दूसरा 224 करोड़ रुपये का है। फिलीपींस नेवी को निर्यात किया जाने वाला ब्रह्मोस मिसाइल का समुद्री संस्करण 290 किलोमीटर की 'सामान्य रेंज' वाला होगा।

### नेहा राज का गीत 'मजनुआ' हुआ रिलीज



**भोजपुरी** की सुपरसिंगर नेहा राज का नया गाना 'मजनुआ' वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के ऑफिसियल यू-ट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है, जिसे नेहा की आवाज को चाहने वालों ने हाथों-हाथ उठा लिया है। इस गाने को नवोदित अभिनेत्री पूनम सिंह पर फिल्माया गया है। राजस्थान के आलीशान महल की खास लोकेशन ने इस गाने को और भी खास बना दिया है। राजस्थानी डांसरों का भी भरपूर उपयोग किया गया है, जिससे गाने में चार चांद लग गये हैं।

## स्पोर्ट्स

# उम्मीद है श्रीलंका-न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे संजू : वसीम जाफर




**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने उम्मीद जतायी है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिनी और टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। जाफर ने ट्वीट किया, मुझे उम्मीद है कि संजू सैमसन श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे सीरीज दोनों के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। और रन बनाने में सफल रहेंगे। श्रीलंका तीन जनवरी से 15 जनवरी तक तीन टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा करेगा। इसके बाद 18 जनवरी से 1 फरवरी तक न्यूजीलैंड की टीम तीन टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए भारत दौरे पर होगी। सैमसन ने इस साल 10 एकदिवसीय मैचों में, 71.00 की औसत से 284 रन बनाये हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 86 रन है।

# वर्षांत : सड़क से कोर्ट तक गूंजता रहा हिजाब का मामला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हिजाब को लेकर कर्नाटक से शुरू हुए विवाद की गूंज पूरे देश में सुनायी दी। विवाद इतना बढ़ा कि मामला कोर्ट में चला गया। इस समय यह मामला सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के पास है, क्योंकि दो जजों की बेंच ने अलग-अलग फैसला सुनाया। अभी हिजाब पर बैन जारी है। वैसे तो इस विवाद की शुरुआत पिछले साल ही शुरू हो गयी थी, जब कर्नाटक के उडुपी के एक जूनियर कॉलेज ने कैंपस में हिजाब पहनकर आने पर रोक लगा दी थी। लेकिन, इस साल जनवरी महीने में विवाद का दायरा बढ़ गया। उसके बाद हिजाब के समर्थन में लगातार प्रदर्शन होते रहे। कर्नाटक के कई जिलों में इसके समर्थन में लोग सड़कों पर आये। उडुपी, शिवमोगा, बेलगावी, कोंडापुर, चिकमंगलूर समेत कई जिलों में उग्र प्रदर्शन हुए। उडुपी में फरवरी महीने में प्रदर्शन को दबाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कर्नाटक के मांड्या में मुस्कान खान का एक वीडियो खूब वायरल हुआ, जिसमें वह 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाते हुए दिखीं। वह हिंदू भगवाधारी छात्रों का विरोध कर रहीं थीं। देश के दूसरे हिस्सों में भी इसकी गूंज सुनायी देती रही। विवाद की लपटें यूपी, महाराष्ट्र, बंगाल, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में फैल गयीं।

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अगर एक सिख लड़का पगड़ी पहन सकता है और एक हिंदू महिला मंगलसूत्र पहन सकती है और सिंदूर भी लगा सकती है, तो मुस्लिम लड़की की हिजाब पर सवाल क्यों उठाये जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस विवाद पर ट्वीट किया। उन्होंने कहा, स्टूडेंट के हिजाब को उनकी शिक्षा में आड़े आने देकर हम भारत की बेटियों का भविष्य लूट रहे हैं। मां सरस्वती सभी को ज्ञान देती हैं, वह भेद नहीं करतीं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी इस विषय पर कहा कि बिकनी हो, घूंघट या हिजाब, महिलाओं को मर्जी के कपड़े पहनने का हक है। कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने कहा कि वह अपनी जमीन और अपना पैसा लगाकर स्कूल खोलेंगे, जहां मुस्लिम लड़कियां हिजाब पहनकर स्कूल आ सकती हैं। जब कर्नाटक सरकार से इस बाबत पूछा गया, तो सरकार ने कहा कि उसे इस तरह के किसी प्रस्ताव की जानकारी नहीं है। कर्नाटक के सीएम और भाजपा नेता बसवराज बोम्मई ने कहा कि छात्रों को हिजाब के इस मुद्दे को छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह कर्नाटक सरकार के फैसले को पूरी तरह से लागू करने के लिए कृतसंकल्प हैं।

आपको बता दें कि जनवरी महीने में ही कर्नाटक हाइकोर्ट में हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ एक याचिका दाखिल की गयी थी। कर्नाटक हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया। राज्य सरकार ने हिजाब पर एक सरकारी आदेश जारी किया था। इसके तहत सभी छात्राओं के लिए कैंपस के भीतर हिजाब पहनने पर रोक लगा दी गयी। उसके अनुसार, स्कूल प्रशासन जो भी यूनीफॉर्म तय करेगा, उसे ही पहनना होगा। सरकार ने यह भी कहा कि यह प्रैक्टिस लंबे समय से चली आ रही है। यह मामला जब कोर्ट में गया, तो कोर्ट ने भी इसे सही ठहरा दिया। कर्नाटक हाइकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जहां भी यूनीफॉर्म पहले से तय है, उन स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब पर रोक लगायी जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि यदि हिजाब नहीं पहना जाये, तो इसका यह मतलब नहीं है कि आप इस्लाम के गुनाहगार हैं। हाइकोर्ट ने यह भी कहा कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

### कोर्ट के सामने हैं तीन सवाल

**पहला** सवाल यह कि क्या हिजाब इस्लाम का अंदरूनी हिस्सा है। दूसरा सवाल यह कि अनुच्छेद 25 की सीमा क्या है। तीसरा सवाल यह कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार की सीमा क्या है। निश्चित तौर पर किसे क्या पहनना है, यह निजी च्वॉइस हो सकती है। सरकारी संस्थान या फिर कोई संगठन यह थोपे, यह उचित नहीं लगता है। महिलाओं का अधिकार है कि वह इसे पहनें या न पहनें। लेकिन, दूसरी ओर यह भी उतना ही बड़ा सच है कि अगर भारत जैसे बहुविविध संस्कृति वाले देश में अलग-अलग वेश-भूषा को शैक्षणिक जगहों में इजाजत दी गयी, तो शिक्षा का मूल उद्देश्य अवश्य ही प्रभावित होगा।



वर्मा प्रेस प्रा० लि० रांची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !